# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 10 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 54 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


### देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1966:** वायु सेना के लड़ाकू विमान 'मिग' का निर्माण शुरू।

**1972:** मुम्बई के मडगांव बंदरगाह से पूर्ण वातानुकूलित पोत का जलावतरण।

**2005:** भारत और श्रीलंका में शिक्षा एवं सामुदायिक विकास से सम्बद्ध दो समझौतों पर हस्ताक्षर।

**2008:** केन्द्र सरकार ने तीनों सेनाओं के लिए 'एकीकृत स्पेस सेल' की घोषणा की।

## हड़ताल से कोयलांचल में उत्पादन व डिस्पैच रुका, करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** केंद्र सरकार के प्रस्तावित नई श्रम संहिताओं और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल का सबसे ज्यादा असर कोयलांचल में देखा गया। भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल में हिस्सा लिया। धनबाद, झरिया, कतरास, निरसा और बाघमारा की कोयला परियोजनाओं में काम पूरी तरह रुक गया। कोयले का उत्पादन और डिस्पैच दोनों बंद रहे। रेलवे साइडिंग पर सन्नाटा छाया रहा। परिवहन व्यवस्था भी प्रभावित हुई। सुबह से ही यूनियन नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। वे कोल परियोजनाओं, ओबी साइटों और डिस्पैच केंद्रों पर पहुंचे।



उन्होंने श्रमिकों से समर्थन मांगा और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन, बस्ताकोला के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने हड़ताल को सफल बताया। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल मजदूरों, किसानों और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उनका कहना है कि श्रम कानूनों में किए गए बदलाव मजदूर विरोधी हैं। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर जनविरोधी कानून वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन सड़क से संसद तक जारी रहेगा। उनका आरोप है कि नया लेबर कोड मजदूरों के हितों के खिलाफ है। इससे श्रमिकों के अधिकारों में कटौती होगी और निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। हड़ताल से कंपनियों को करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका है। इसका असर उद्योगों के साथ-साथ परिवहन व्यवस्था पर भी पड़ा है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर धनबाद जिले के बैंकों में भी देखने को मिला है। एसबीआइ, बीओआइ, बैंक ऑफ बड़ौदा समेत सभी बैंक में कर्मचारियों ने काम बंद कर रखा है। यही हाल डाकघरों का भी है।

## चारा घोटाला में लालू यादव की सजा बढ़ाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सीबीआई ने उनकी सजा बढ़ाने की मांग की है। इसको लेकर जांच एजेंसी ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। बुधवार को सुनवाई के बाद सीबीआई की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ ने सीबीआई की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार किया है। सीबीआई की तरफ से लालू प्रसाद यादव, बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य की सजा को बढ़ाए जाने की मांग की गई है। इससे पहले निचली अदालत ने इन लोगों को साढ़े तीन साल की सजा सुनाई थी। सीबीआई इस मामले में अधिकतम सजा की मांग कर रही है। यह मामला देवघर कोषागार से अवैध निकासी से जुड़ा है। अप्रैल महीने में चारा घोटाले में लालू यादव की सजा बढ़ाने के लिए सीबीआई ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। याचिका स्वीकार करते हुए इस मामले में कोर्ट ने अगली सुनवाई तीन महीने बाद करने के लिए कहा था। सीबीआई की तरफ से दलील दी गई कि देवघर ट्रेजरी घोटाला मामले में सीबीआई की ओर से दायर आरसी 64 ए96 मामले में पूर्व लोक लेखा समिति के अध्यक्ष जगदीश शर्मा को सात साल की सजा और 10 लाख रुपए का जुर्माना सीबीआई की विशेष अदालत ने लगाया था। लालू प्रसाद यादव और अन्य आरोपियों को साढ़े तीन-साढ़े तीन साल की सजा और 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। सीबीआई की विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ सीबीआई की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गई है, जिस पर आज सुनवाई के बाद खंडपीठ ने उसे मंजूर कर लिया। अब इस मामले की विस्तृत सुनवाई होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्पदंश से मौत

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत का अजीब मामला सामने आया है। रकमसेरा गांव के मनोज साहू को मंगलवार रात करीब एक बजे जमीन पर सोते समय जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें रात ढाई बजे पहले ओझा के पास ले गए। डेढ़ घंटे तक झाड़-फूंक का इलाज चला। हालत में सुधार नहीं होने पर बुधवार सुबह गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने रिम्स रेफर किया लेकिन रास्ते में ही मनोज की मौत हो गई।

### 18 आइइडी बरामद

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** चाईबासा-खूंटी बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए 18 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) बरामद किया। सुरक्षाबलों ने सभी विस्फोटकों को बम निरोधक दस्ते की मदद से डिफ्यूज कर दिया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए यह विस्फोटक प्लांट किया था। सभी आइइडी का वजन तीन-तीन किलो तक था। डिफ्यूज के दौरान जोरदार धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। दरअसल, चाईबासा-खूंटी जिला पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर भाकपा माओवादी नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है।

### करसों जंगल से महिला का शव बरामद

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के करसों जंगल से बुधवार को एक महिला का शव बरामद हुआ है। मृतका की पहचान गढ़वा जिले के खपरो गांव निवासी नजमा बीवी के रूप में हुई है। वह अख्तर अंसारी की पत्नी थी। एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद के अनुसार, चैनपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मृतका के पति से फर्द बयान लिया जा रहा है।

### इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करायी गई है। बर्ड हीट के कारण फ्लाइट कांपने लगा जिसके बाद पटना में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में 169 यात्री सवार थे। विमान को सुरक्षित पटना एयरपोर्ट पर उतारा गया है। बताया जाता है कि पायलट की सूझ-बूझ से और त्वरित फैसले के कारण एक बड़ा हादसा टल गया है। विमान को सुरक्षित जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया।

### पूर्व विधायक रामचंद्र सदा जदयू में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले नेताओं का दल बदल शुरू हो गया है। पूर्व विधायक और लोजपा नेता रामचंद्र सदा आज अपने समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हो गए हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने उन्हें जदयू की सदस्यता दिलाई।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सात राजनीतिक दलों से मांगे शपथ पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सात राजनीतिक दलों यथा देवघर के भारत विकास मोर्चा, पलामू के भारतीय जनमुक्ति पार्टी एवं मानव मुक्ति मोर्चा, गढ़वा के नवजवान संघर्ष मोर्चा एवं रांची के जनसाधारण पार्टी, झारखंड विकास दल एवं राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी द्वारा पिछले 06 वर्षों से लोकसभा/विधानसभा के आम चुनाव/उप चुनाव में भाग नहीं लिया गया है एवं उनमें से कई का अस्तित्व समाप्त हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा उक्त दलों को राजनीतिक दलों की सूची से हटाने के क्रम में आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में अध्यक्ष/ महासचिव को पार्टी के तरफ से शपथ पत्र सहित लिखित पक्ष मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, झारखण्ड, रांची को भेजने हेतु 15 जुलाई तक एवं 22 जुलाई को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड द्वारा पूर्वाह्न 11.00 बजे सुनवाई हेतु तिथि एवं समय निर्धारित की गई है। इस आशय की सूचना राजनीतिक दलों को आयोग द्वारा पंजीकृत पत्राचार के पते पर भेजी गई है। साथ ही इसकी जानकारी समाचार पत्रों में आम सूचना के माध्यम से एवं विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी प्रसारित की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उक्त राजनीतिक दलों के प्राधिकृत प्रतिनिधियों से इस संबंध में ससमय वांछित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

## स्क्रैप चोरी मामले में सात गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** जिले के चंदवा पुलिस ने अवैध स्क्रैप चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने अभियान चलाकर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें पांच आरोपी पश्चिम बंगाल के हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आसिफ इकबाल, सद्दाम खान, रमजान शेख, अलीउल शेख, सिद्दक शेख ये सभी मालदा,पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं जबकि गिरफ्तार सुनील उरांव (चकला, चंदवा) व अवैध कबाड़ी



संचालक शकील अहमद (चंदवा) का रहने वाला है। शकील अहमद को छोड़कर सभी चारों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। इसकी जानकारी चंदवा थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बंद पड़े एस्सार प्लांट से लोहे की स्क्रैप की चोरी की जा रही है। इसके बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई। इसमें सात चोरों को अवैध स्क्रैप के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में स्क्रैप बरामद किया। साथ ही एक पिकअप वाहन, एक बाइक और एक लूना भी जब्त की गई। तीनों वाहनों में लोहा का स्क्रैप लदा हुआ था। पुलिस की इस कार्रवाई से स्क्रैप चोरों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। मालूम हो कि बंद पड़े एस्सार प्लांट से प्रत्येक दिन भारी मात्रा में स्क्रैप की चोरी लंबे समय से की जा रही है।

## श्रावणी मेले का शुभारंभ आज, श्रद्धालुओं की सुरक्षा का किया गया पुख्ता इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** बाबा की नगरी देवघर में लगने वाले श्रावणी मेले का आज 10 जुलाई को शुभारंभ होगा। आज सुबह 10:30 बजे से झारखंड की सीमा पर कांवरिया पथ दुम्मा में उद्घाटन समारोह की शुरुआत होगी। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, दीपिका पांडेय सिंह और संजय प्रसाद यादव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री हफीजुल हसन, सांसद निशिकांत दुबे, नलिन सोरेन, विधायक सरेश पासवान, उदय शंकर, देवेंद्र कुंवर और जिला परिषद अध्यक्ष किरण कुमारी मौजूद रहेंगी। देवघर जिला प्रशासन ने श्रावणी मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का खास ख्याल रखा जायेगा। इसे लेकर तमाम तैयारियां पूरी हो गयी है। भीड़-भाड़ में भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसके भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किये हैं। मालूम हो पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने एक दिन पूर्व ही श्रावणी मेले की तैयारियों का जायजा लिया था। वहीं कल 8 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी श्रावणी मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए विभिन्न पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की थी, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

### फायरिंग के बाद रेलवे निर्माण स्थल पर बढ़ाई गई सुरक्षा

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जोन की पुलिस ने आपराधिक गिरोह आजाद सरकार और राहुल दुबे के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पलामू के सदर थाना क्षेत्र के सिंगर खुर्द में नेशनल हाइवे 39 पर हुई फायरिंग में एक मजदूर घायल हुआ था। इस घटना की जिम्मेदारी आजाद सरकार गिरोह ने सोशल मीडिया पर ली थी। लातेहार के फूलबसिया में रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट पर भी फायरिंग की घटना हुई थी। इसमें राहुल दुबे गिरोह का हाथ पाया गया है। पलामू के जोनल आईजी सुनील भास्कर ने दोनों निर्माण स्थलों का दौरा किया। उनके साथ पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम भी मौजूद थे। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। नेशनल हाइवे के निर्माण स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। मजदूरों के कैंप को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। रेलवे निर्माण स्थल पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

## कोडरमा-तिलैया के बीच दिसंबर से दौड़ेंगी ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** झारखंड व बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने वाला कोडरमा-तिलैया रेलखंड आने वाले दिनों में मील का पत्थर साबित होगा। इस रूट पर चार सुरंग व सात पुल से होकर गुजरने वाली ट्रेनें यात्रियों को सुखद अहसास कराएगी। पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने उच्च स्तरीय बैठक कर कोडरमा-तिलैया राजगीर रेल लाइन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने समयसीमा में काम पूरा करने को लेकर मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी निर्माण उत्तर रामजनम, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी दक्षिण रामाश्रय पांडेय एवं निर्माण कंपनी राइटस के अधिकारीगण शामिल थे। करीब 1625 करोड़ की लागत से बन रहे 65 किलोमीटर लंबे कोडरमा-तिलैया रेलखंड दिसंबर 2025 तक पूरा होने की संभावना है। इसमें सुरंग, पुल और

**चार सुरंग और सात पुल करेंगी पार**



स्टेशनों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। रेलवे अधिकारी ने बताया कि अब तक 50 किलोमीटर रेल लाइन का काम पूर्ण हो चुका है। इसमें 350 मीटर, 305 मीटर, 255 मीटर व 250 मीटर की चार सुरंगें बन रही है। दिसंबर तक रेलमार्ग चालू होता है तो पर्यटकों के लिए बेहतर होगा। इस रेलखंड से राजगीर, नालंदा, पावापुरी व ककोलत जैसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल सीधे जुड जाएंगे। इस रेलखंड के शुरू होने से राजगीर, तिलैया, नवादा, बरही, कोडरमा जैसे क्षेत्रों के लोगों को रेलवे की बेहतर सुविधा मिलेगी। आमजनों के लिए इलाज, शिक्षा, रोजगार और व्यापार के रास्ते खुलेंगे। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार निर्माण पूरा होते ही इस रेलखंड पर यात्री व मालगाड़ियां दोनों चलेंगी। यह रेलखंड बन जाने से राजगीर से रांची का सफर तीन से चार घंटे कम हो जाएगा। रेलवे ने इस रेलखंड में वाइल्डलाइफ कारिडोर बनाने की योजना बनाई है ताकि हाथी व अन्य वन्यजीवों को सुरक्षित रास्ता मिल सके। रेलखंड के स्टेशन परिसर में नवादा व कोडरमा की लोक कलाओं व काष्ठ शिल्प की झलक दिखेगी। बजट में इस रेल लाइन के निर्माण के लिए 446.74 करोड़ का आवंटन किया गया है। वर्ष 2004 में तत्कालीन रेल मंत्री नीतीश कुमार के समय इस परियोजना को स्वीकृति दी गई थी।




# नालंदा में बनेगा बिहार का पहला हाईटेक मछली मॉल

## 70 करोड़ की लागत से होगा निर्माण, रोजगार का मिलेगा मौका

**नालंदा, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत बिहार में पहली बार मॉडर्न मछली मॉल का निर्माण होने जा रहा है। नालंदा के सिलाव प्रखंड के मोहनपुर में स्थित इस महत्वाकांक्षी परियोजना से न केवल मत्स्यपालकों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि यह क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी होंगे। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मछली मॉल निर्माण की राह साफ हो गई है। जिला प्रशासन ने मोहनपुर मत्स्य बीज प्रक्षेत्र (हैचरी) के पास चिह्नित की गई 3 एकड़ 80 डिसमिल सरकारी भूमि को मत्स्य विभाग को हस्तांतरित कर दिया है। इसके साथ ही मत्स्य निदेशालय ने प्राक्कलन तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन भी कर दिया है।

### 70 करोड़ की लागत से बनेगा चार मंजिला मॉल

इस हाईटेक मछली मॉल के निर्माण पर लगभग 70 करोड़ रुपए की लागत आएगी। चार मंजिला (जी प्लस थ्री) इस भवन में 20 से अधिक दुकानें होंगी, जहां मत्स्यपालक अपनी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे। निर्माण काम एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नालंदा मोड़ से कुछ पहले स्थित यह मॉल न केवल स्थानीय मत्स्यपालकों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि राजगीर और नालंदा आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। एक ही छत के नीचे मत्स्यपालन से जुड़ी सभी जानकारियां और सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मछली मॉल के प्राक्कलन के लिए गठित समिति में संयुक्त मत्स्य निदेशक को अध्यक्ष बनाया गया है। उप मत्स्य निदेशक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, पटना मत्स्य अनुसंधान केंद्र के व्याख्याता और कनिष्ठ अभियंता को सदस्य बनाया गया है। कार्यपालक अभियंता (अभियंत्रण कोषांग) को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति प्रत्येक मंजिल के लिए अलग-अलग डीपीआर तैयार करेगी।

### ग्राहकों को मिलेगी सुविधा

बेसमेंट में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी, जिससे आने वाले ग्राहकों को सुविधा मिलेगी। ग्राउंड फ्लोर में आधुनिक एक्वेरियम गैलरी, स्टोर, ऑफिस और टिकट काउंटर की व्यवस्था होगी। यहां मछलियों की विभिन्न प्रजातियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रथम तले में अलंकारी मछली, मत्स्यपालन उपकरण, जाल, रसायन, दवाएं, प्लास्टिक उपकरण की दुकानें होंगी। रेडी टू ईट रेस्टोरेंट, ऑडियो विजुअल केंद्र और मत्स्य सेवा केंद्र भी यहां स्थापित होंगे। द्वितीय तले में ऑडिटोरियम और मीटिंग हॉल की व्यवस्था होगी, जहां मत्स्यपालन से संबंधित सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। तृतीय तले में गेस्ट हाउस और ओपन जिम की सुविधा होगी, जिससे बाहर से आने वाले मत्स्यपालकों और पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था होगी। मछली मॉल में एक सुविधा संपन्न होटल भी होगा, जहां पर्यटक ताजी मछलियों के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। रंग-बिरंगी मछलियों का विशेष मछली घर भी होगा, जो आमजनों के साथ-साथ पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा। यह मॉल राजगीर और नालंदा के पर्यटन सर्किट में एक नया आयाम जोड़ेगा। मॉल के बनने से मत्स्यपालकों को अनेक फायदा होंगे। उन्हें मत्स्यपालन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। आधुनिक उपकरणों से लेकर मछली के भोजन तक, सब कुछ एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। इससे मत्स्यपालकों का समय और पैसा दोनों की बचत होगी।



### रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे

रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे, क्योंकि मॉल के संचालन के लिए स्थानीय युवाओं की जरूरत होगी। यह परियोजना मत्स्यपालन क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभु प्रसाद ने बताया कि फिश मॉल के लिए जमीन मिल चुकी है। प्राक्कलन बनाने के लिए मुख्यालय स्तर से एक समिति गठित की गई है। जल्द ही डीपीआर तैयार कर भेजी जाएगी। उसके बाद निर्माण काम शुरू होगा। मछली मॉल बनेगा तो मत्स्यपालकों को बेहतर सुविधाएं और संसाधन आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दीप आदित्य अध्यक्ष, कन्हैया पांडेय बने महासचिव

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मां जगदम्बा पुत्र सेवा दल की ओर से भगवानपुर स्थित एक विवाह भवन में मंगलवार को पदस्थापना एवं संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से दीप आदित्य को अध्यक्ष और कन्हैया पांडेय को महासचिव मनोनीत किया गया। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर आदित्य कुमार, ऋतिक कुमार, गौरव सिंह, मृणाल सप्तदर्शी मनोनीत किए गए। सेवा दल के संस्थापक बाबा भूपेंद्र तत्वदर्शी ने 551 सदस्यों को संकल्प दिलाया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्वी हरिमोहन चौधरी, डॉ. गौरव वर्मा, गोपी किशन, आरबीबीएम की प्राचार्य डॉ. ममता रानी व लोजपा के अमित रानू थे।

### जेल में बंद कुख्यातों पर लगेगा सीसीए

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जेल में बंद कुख्यातों पर सीसीए लगेगा। चुन्नू ठाकुर और गोविंद सहित कई शातिरों पर सीसीए लगाने की तैयारी है। इसके अलावा विधानसभा चुनाव को लेकर दो दर्जन शातिर जिला बदर होंगे। इसकी तैयारी में जिला पुलिस जुटी है। सभी थाने से दो-दो शातिरों के नाम भेजने की तैयारी चल रही है। संपत्ति जब्ती को लेकर भी थानों से फिर से प्रस्ताव मांगा गया है। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने वाले शातिरों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वोटर को धमकाने, प्रभावित करने और रुपये बांटने के मामले में पूर्व से आरोपित रहे शातिरों पर पुलिस मुख्यालय की विशेष नजर है। इसको लेकर पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों से चुनाव में गड़बड़ी करने वालों शातिरों की सूची मांगी है। इस संबंध में एसएसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश जारी किया है। इसके बाद थाना स्तर पर सूची बनाने का काम शुरू हो गया है। सभी थानेदार शातिरों की पहचान और उसकी संपत्ति का ब्योरा जुटाने में जुट गए हैं। जल्द ही सूची एसएसपी के माध्यम से पुलिस मुख्यालय को भेजी जाएगी।

### आठ लाख के गहने लेकर प्रेमी संग महिला फरार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना इलाके के एक मोहल्ले से पति को छोड़कर महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। वह घर से आठ लाख रुपये के गहने और 12 हजार नकद भी ले गई है। उसके पति ने मामले की एफआईआर दर्ज कराई है। उसने बखरी निवासी विक्रम कुमार को नामजद आरोपित बनाया है। पुलिस मोबाइल लोकेशन के आधार पर महिला का पता लगा रही है।

### कटोरिया में खेत से मिली नवजात बच्ची

**बांका, एजेंसी।** बांका जिले के कटोरिया प्रखंड में मंगलवार शाम को एक नवजात बच्ची को खेत में छोड़े जाने का मामला सामने आया। आनंदपुर थाना क्षेत्र के डढ़वा पुल के पास रास्ते से गुजरते समय लोगों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनकर इधर-उधर तालाश शुरू कर दिया। उन्होंने देखा खेत में एक नवजात बच्ची रो रही है। नवजात बिना कपड़ों के खेत में पड़ी मिली। इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी जानकारी मिलते ही आनंदपुर थाना प्रभारी विपिन कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। खरना गांव की एक महिला और डढ़वा के एक व्यक्ति की मदद से बच्ची को बचाया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। बच्ची के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बच्ची को पहले कटोरिया रेफरल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर अमित महाजन ने उसकी जांच की।

# हर बड़ी घटना की जांच को बनेगी एसआईटी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** तिरहुत रेंज के मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर जिले में हुई हत्या, लूट और अन्य सभी गंभीर मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा। एसआईटी गठित कर मामले का खुलासा करने का निर्देश डीआईजी चंदन कुशवाहा ने दिया है। उन्होंने मासिक क्राइम समीक्षा मीटिंग में अनसुलझे गंभीर मामलों पर चिंता जताई है। डीआईजी ने बीते जून में हुई हत्या व लूट की गंभीर घटनाओं के खुलासे के लिए भी टीम गठित करने का निर्देश दिया गया है। एसआईटी में शामिल प्रत्येक अधिकारी के जिम्मे काम सौंपा जाएगा। इनके कार्यों की समीक्षा कर टीम लीडर वरीय अधिकारी को रिपोर्ट देंगे। डीआईजी ने मासिक अपराध समीक्षा में पाया है कि बड़े पैमाने पर गंभीर केस अनसुलझे हैं। घटना के समय ही त्वरित गति से साक्ष्य जुटाने और कार्रवाई की आवश्यकता होती है। शुरुआत में केवल एक आईओ और पर्यवेक्षी अधिकारी ही जांच पर केंद्रित होते हैं। इससे समय पर साक्ष्य संकलन नहीं हो पाता और साक्ष्य समाप्त होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए डीआईजी ने हत्या, लूट और अन्य गंभीर मामलों में शुरुआत में ही एसआईटी गठित कर त्वरित गति से जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है। शुरुआती कार्रवाई तेज होने से पीड़ित को भी संतुष्टि मिलती है। इससे लोगों में पुलिस के प्रति बेहतर छवि बनती है। पीआरएस हत्याकांड और अंडी गोला लूट में बनी एसआईटीः डीआईजी के निर्देश के आलोक में माड़ीपुर में पंचायत रोजगार सेवक हत्याकांड के खुलासे के लिए मंगलवार को एसआईटी का गठन किया गया है। इसमें एसडीपीओ टाउन वन सीमा देवी, काजी मोहम्मदपुर इंस्पेक्टर जयप्रकाश सिंह, डीआईयू और नए बैच के दारोगा शामिल किए गए हैं। इसी तरह नगर थाना के अंडी गोला में बिस्किट एजेंसी में लूट के मामले में भी डीएसपी सीमा देवी के नेतृत्व में टाउन इंस्पेक्टर शरत कुमार, दारोगा प्रवीण कुमार, विष्णु पांडेय अन्य नए बैच के दो दारोगा को शामिल कर एसआईटी का गठन किया गया है। डीआईजी का मानना है कि टीम में नए बैच के दारोगा को शामिल करने से उन्हें अनुसंधान का अनुभव होगा। इससे भविष्य में नए पदाधिकारियों की टीम खड़ी होगी और केस के अनुसंधान की गुणवत्ता भी बेहतर रहेगी।

# गोपाल खेमका के शूटर उमेश ने गंगा किनारे सीखा पिस्तौल चलाना, शादी में जेनरेटर चलाता था





**पटना, एजेंसी।** गोपाल खेमका की हत्या करने से पहले शूटर उमेश यादव ने गोली चलाने की ट्रेनिंग ली थी। उसने मालसलामी (गंगा घाट की तरफ) में ही पिस्टल में गोली लोड करना सीखा। इसके बाद वहीं फायरिंग भी की। दो से तीन बार में वह पिस्टल चलाना सीख गया। हथियार को आरोपित अपने घर में ही रखता था।

जब भी वह गोली चलाता, अशोक साव उसी जगह मौजूद रहता था। हत्या करने के बाद जब बाकी के साढ़े तीन लाख रुपये उमेश ने शूटर को दिये तो वह अपनी बेटी के स्कूल चला गया। वहां 45 हजार रुपये उसने बकाया स्कूल फीस जमा की। बाकी के रुपये पुलिस ने उसके पास से बरामद किए हैं। पूर्व में उमेश जेनरेटर चलाने का काम करता था। इसके बाद वह बेरोजगार हो गया था। नालंदा स्थित एक शादी समारोह में जब उमेश और अशोक की मुलाकात हुई तो उसने उसे काम दिलाने का वादा किया। इसके बाद रोज दोनों में बात होती थी। मंगलवार को पुलिस ने यह भी जानकारी दी है कि कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या करने से पहले शूटर उमेश यादव ने ही उनकी रेकी की थी। उसने किसी भी लाइनर की मदद नहीं ली। वारदात के दिन गोपाल खेमका का पीछा बांकीपुर क्लब से उमेश ने किया था।पुलिस ने यह खुलासा करते हुए बताया कि व्यवसायी गोपाल खेमका ने बाकरगंज के पास अपने एक साथी को छोड़ने के लिए गाड़ी रोकी थी। इसके बाद उनके साथी चले गए।

# बिहारी लड़के ने की रशियन गर्ल से शादी

## रूस के कॉलेज में 5 साल पहले शुरू हुआ अफेयर, कटिहार में आकर मंदिर में की शादी



**कटिहार, एजेंसी।** बिहार के कटिहार में रूस से आकर एक लड़की ने मंदिर में अपने प्रेमी से शादी की है। इस शादी की खूब चर्चा हो रही है। दूल्हा का नाम अनुभव है और दुल्हन का नाम अनस्तासिया है। दोनों पांच से साल से अफेयर में थे। दरअसल, अनुभव साल 2017 में मेडिकल की पढ़ाई के लिए रूस गया था। वहां 2020 में कोरोना काल के दौरान उसकी मुलाकात रूसी लड़की अनस्तासिया से हुई। दोनों की दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई। 5 साल रिलेशन में रहने के बाद दोनों ने शादी का फैसला किया। परिवार की मौजूदगी में 5 जुलाई 2025 को कटिहार के दुर्गा मंदिर में दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। वहीं 10 जुलाई को लड़के वालों ने बहू की स्वागत के लिए रिसेप्शन पार्टी रखी है। इसका कार्ड भी रिश्तेदारों में बट चुका है।

**16 सिंगार कर दुल्हन बनी रूसी लड़की :** हालांकि शादी का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें अनस्तासिया लाल जोड़े में दिख रही है। हाथों में मेंहदी, कलाई में चूड़ियां सहित 16 सिंगार करके दुल्हन बनी नजर आ रही है। मंडप में जब विदेशी बहू ने दूल्हे को वर माला पहनाया तो खुशी से सभी लोग झूम उठे। सभी ने ताली बजाकर नव जोड़े को बधाई दी। डॉ. अनुभव शाश्वत कटिहार के नाबागंज के मुखिया कामता प्रसाद सिंह के बेटे है। दुर्गा मंदिर में रूसी लड़की से बेटे की शादी के बाद लोगों ने उन्हें बधाई दी।

**एमबीबीएस की पढ़ाई करने गया था रूस :** डा. अनुभव ने बताया कि, 8 साल पहले एमबीबीएस की पढ़ाई करने रूस गया था। 2020 में कॉलेज में मेरी मुलाकात अनस्तासिया से हुई। पहली मुलाकात के बाद हमारी दोस्ती हो गई। जो बाद में प्यार में बदल गई। हम दोनों 5 साल तक रिलेशन में रहे। इसके बाद शादी का फैसला किया। अनुभव ने बताया कि यह फैसला लेना आसान नहीं था। पहले मैंने अपने माता-पिता को इस रिश्ते के लिए तैयार किया। इसके बाद अनस्तासिया को भारतीय संस्कृति से परिचित कराने के लिए कई बार भारत बुलाया। दिल्ली में रहकर वो भारत के लोगों से मिली। यहां के कल्चर को नजदीक से देखी। इसके बाद उसने भारत में मुझसे विवाह करने का डिसीजन लिया। जिसमें मैंने अपनी सहमति जताई। इसके बाद हम दोनों ने कटिहार मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से सभी परिवारों के सामने शादी कर ली। अनुभव ने बताया कि मेरा अभी विदेश जाने का कोई प्लान नहीं है। अभी मैं दिल्ली के मैक्स में आईसीयू डॉक्टर हूं।

**बड़ों की करती हैं इज्जत :** दूल्हे की बहन निशा ने बताया कि भाई के शादी से काफी खुश हूं। मेरी भाभी इंडियन कल्चर को पूरी तरह मानती है। सभी बड़े का सम्मान करती है और उनमें काफी सादगी है। वो अपने से बड़े हर किसी का पैर छूकर आशिर्वाद लेती है, वो चाहें फिर हमारे घर के नौकर ही क्यों न हो। इतनी संस्कारी तो आज कल इंडियन लड़कियां भी नहीं होती है।




# एसएसबी ने 51.64 लाख का गांजा पकड़ा, कार और बाइक किया जब्त

## मधुबनी में भारत-नेपाल सीमा पर कार्रवाई

**मधुबनी, एजेंसी।** मधुबनी में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने गांजा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। मंगलवार को जानकीनगर कंपनी मुख्यालय की टीम ने जयनगर अनुमंडल क्षेत्र में छापेमार कार्रवाई की। भारत-नेपाल सीमा से करीब 2.1 किलोमीटर अंदर कार को पकड़ा गया है। एसएसबी ने कार से 344.3 किलोग्राम गांजा बरामद किया। जब्त गांजा का बाजार मूल्य करीब 51.64 लाख बताया गया है।

### खुफिया सूचना पर गश्ती दल ने मारा छापा

यह कार्रवाई बीपी नंबर 277/01 के पास की गई। उप कमांडेंट हरि नारायण जाट के नेतृत्व में एक विशेष गश्ती दल ने उप कमांडेंट विवेक ओझा की खुफिया सूचना के आधार पर ऑपरेशन चलाया। टीम ने एक लावारिस हुंडई वरना कार को जांच के दौरान पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा में गांजा मिला।

### प्राथमिक जांच में तस्करी का खुलासा

एसएसबी ने कार के साथ-साथ एक बाइक और एक ओप्पो स्मार्टफोन भी जब्त किया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि गांजा नेपाल से नहीं, बल्कि भारत के ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जा रहा था।

### एसएसबी ने बरामदगी को बताया बड़ी सफलता

48वीं बटालियन के कमांडेंट गोविन्द सिंह भण्डारी ने टीम के कार्रवाई की सराहना की।

उन्होंने इसे सीमा पार नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता बताया। बरामद सभी सामान को थाना बासोपट्टी पुलिस के हवाले किया जा रहा है। अब आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# समस्तीपुर में दम घुटने से बाप-बेटे समेत 3 की मौत: शौचालय की टंकी साफ कर रहे थे

## जेसीबी से टैंक के दीवार को तोड़ कर सभी को निकाला



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर में मंगलवार की देर शाम शौचालय की टंकी साफ करने के दौरान बाप बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दम घुटने के कारण इनकी जान गई है। भानू साह के 42 साल के बेटे राम उमेश साह मंगलवार शाम सेफ्टी टंकी साफ करने गए। सेफ्टी टैंक से रिसाव हो रहा था। जब वह बाहर नहीं आए, तो उनका भाई दया राम साह टैंक में गया। जब वह भी बाहर नहीं आए, तो दया राम साह के 15 साल का बेटा राधेश्याम कुमार टैंक में गया। वह भी बाहर नहीं निकला। तीनों अंदर ही बेहोश होकर गिर पड़े। हल्ला होने पर लोग जुटे तो देखा कि टैंक के नीचे बेहोश पड़े हुए हैं। मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़ ने आनन-फानन में जेसीबी लाकर टैंक के दीवार को तोड़ा। फिर लोगों ने रस्सी के सारे तीनों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। जहां से हसनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया।

### रास्ते में तीनों ने तोड़ा दम

डॉक्टर राज कुमार ठाकुर ने बताया कि तीनों बेहोश व्यक्ति का प्लस बहुत कम था। इस कारण रेफर कर दिया गया। इसके बाद तीनों को परिवार के लोग बेगूसराय ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मामला लरझाघाट थाना क्षेत्र के सलहा बुजुर्ग गांव का है। मृतक की पहचान गांव के भानू साह के 42 साल के बेटे राम उमेश साह, दया राम साह (38) व दया राम साह के 15 साल के बेटे राधेश्याम कुमार के रूप में हुई हैं।

### टंकी से हो रहा था रिसाव

बताया गया है कि एक साथ दो टंकी बनी हुई थी। दूसरी टंकी से पानी का रिसाव हो रहा था । जिस वजह से उसे रोकने के लिए नीचे उतरा, तभी एक के बाद एक तीन लोग फंस गए। तीनों मरीज को लेकर सीएससी पहुंचे लोगों ने कहा कि सीएचसी में उपचार की कोई व्यवस्था नहीं थी। ऑक्सीजन भी यहां उपलब्ध नहीं था। अगर तत्काल मरीजों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराया जाता तो उनकी मौत नहीं होती। मृतक के भाई शिवजी कुमार ने बताया कि यहां पर मरीज को लेकर पहुंचे। डॉक्टर ऑक्सीजन नहीं लगा रहे थे। मरीज की मरने की स्थिति है। लेकिन, डॉक्टर ने कुछ भी नहीं किया। तीन लोग गटर में गिर गए थे। सभी बेहोश हो गए। अस्पताल में ठीक से इलाज नहीं हुआ। लरझाघाट थाना के जमादार जितेन्द्र कुमार ने बताया कि गटर की सफाई के दौरान एक ही परिवार के तीन व्यक्ति बेहोश हो गए। तीनों को हसनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए बेगूसराय ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में तीनों की मौत हो गई।

# कांग्रेस नेता अखिलेश सिंह ने पटना को बताया क्राइम कैपिटल

**मोतिहारी, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश सिंह ने मंगलवार को बिहार और केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। आचार संहिता उल्लंघन मामले में कोर्ट में पेशी के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। अखिलेश सिंह ने कहा कि बिहार की धरती को अपराधियों ने रक्त रंजित कर दिया है। पटना अब देश का क्राइम कैपिटल बन गया है। उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताया। साथ ही, जनता से अपराध के खिलाफ कल के बंद को सफल बनाने की अपील की। लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरने का आह्वान किया। चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। दो करोड़ लोगों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश रची जा रही है। मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हो रही हैं। अखिलेश सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन एकजुट है। वे इस लड़ाई को चरणबद्ध तरीके से लड़ेंगे।

# उपायुक्त रामनिवास यादव ने की योजनाओं की समीक्षा समयबद्ध क्रियान्वयन और गुणवत्ता पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में योजना विभाग अंतर्गत अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए और कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन संसाधनों के बेहतर उपयोग और जिले के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्र तथा पुल-पुलिया निर्माण से जुड़ी योजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।



उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाए, स्वीकृत योजनाएं उपयोगी हों और कार्य पूर्ण होने के पश्चात उनका सत्यापन अवश्य कराया जाए। इससे न केवल पारदर्शिता बनी रहेगी बल्कि सरकारी योजनाओं में जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1 व 2 के कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बीसीडी, एनआरईपी, जिला कल्याण पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, प्रधान सहायक (योजना शाखा) समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गिरिडीह: बोडो चौक से माथाडीह तक जर्जर सड़क बनी हादसों का कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर निगम के वार्ड संख्या 6 और 20 के अंतर्गत आने वाले बोडो चौक से नया कार्मेल स्कूल होते हुए माथाडीह रोड तक की सड़क वर्षों से जर्जर अवस्था में है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सेवानिवृत्त इंजीनियर और भाजपा नेता विनय कुमार सिंह ने बताया कि बोडो चौक से जी.डी. बगेड़िया अस्पताल, नया कार्मेल स्कूल, शशांक बेड़ा, बिरहोर छात्रावास व बेड़ा तक की सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं, जिनमें स्कूली बच्चों की संख्या भी काफी है। स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले टेंपो, बाइक और स्कूटर अक्सर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कई हादसे पहले ही हो चुके हैं।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गिरिडीह में संगोष्ठी आयोजित की, नगर इकाई की नई टीम की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) गिरिडीह नगर इकाई की ओर से मंगलवार को संगठन के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बरगंडा चौक स्थित फिजिक्स वर्ल्ड में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खेलो भारत के संयोजक आशुतोष प्रताप, प्रदेश शोध प्रमुख कृष्ण त्रिवेदी, जिला संयोजक मंटू मुर्मू और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोशन चंद्रवंशी ने स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर गिरिडीह नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। इसमें प्रो. ज्योति चौधरी को नगर अध्यक्ष, राजेश पांडे, आदित्य बेसरा, प्रणव मिश्रा एवं मिंटू सिंह को उपाध्यक्ष, नीरज चौधरी को नगर मंत्री तथा शुभम तांती, सदानंद राय, अनीश सिंह और अंजली कुमारी को नगर सहमंत्री बनाया गया। इसके अतिरिक्त पृथ्वी कुमार को नगर सोशल मीडिया प्रमुख, चंदन ओझा को सोशल मीडिया प्रमुख, शशि रजक को असेंबली प्रमुख, सिमरन कुमारी को एसएफडी प्रमुख, पंकज कल को एसएफएस प्रमुख, मुकुल यादव को नगर शाह एसएफएस प्रमुख, दीपा सेठ को कला प्रमुख, विकास वर्मा को खेलकूद प्रमुख, मुन्ना पंडित को कार्यालय मंत्री और दीनू टुडू को छात्रावास प्रमुख नियुक्त किया गया। मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी प्रवीण स्वर्णकार को सौंपी गई है, जबकि ओम कुमार, सागर राम, विवेक कुमार, सोनू राय और दीपक वर्मा को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। रोहित बरनवाल को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में दायित्व दिया गया। इस अवसर पर खेलो भारत प्रमुख आशुतोष प्रताप ने कहा कि 9 जुलाई 1949 को विधिवत पंजीकृत एबीवीपी आज 77वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। यह संगठन पिछले सात दशकों से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में गढ़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कई छात्र संगठन हैं, लेकिन विद्यार्थी परिषद जैसी राष्ट्रव्यापी पहुंच, स्पष्ट दृष्टिकोण और संगठनात्मक शक्ति अन्यत्र दुर्लभ है। कार्यक्रम में अनेक छात्र-छात्राएं, कार्यकर्ता और आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।




# लोक अदालत 13 सितंबर को, तैयारियों में जुटा प्राधिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला जज राज कुमार द्वारा व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। समीक्षा के क्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अपने-अपने न्यायालय द्वारा अबतक किये गये तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया गया। जिला जज ने समीक्षा के दौरान अबतक विभिन्न न्यायालयों के द्वारा निर्गत नोटिस और उससे सम्बन्धित तामिला की जानकारी प्राप्त की एवं पक्षकारो के साथ आयोजित होने वाले प्री-कान्सेलिंग प्रक्रिया के संबध में अबतक किये गये कार्यो की समीक्षा किया। जिला जज ने आगामी लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया। उनके द्वारा कहा गया कि अबतक जितने भी चिहि्नत वाद न्यायालय में किये गये हैं और नोटिस निर्गत हुआ है उसकी तामिला की अवस्था की जानकारी यथाशिघ्र प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक पक्षकारो के साथ प्री-कान्सेलिंग की प्रक्रिया संबधित न्यायालयो के साथ सामान्जस स्थापित करते हुए करें। जिला जज द्वारा सभी न्यायालय को प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया को और तेज करने के लिए निदेशित किया तथा न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय मामलो में पक्षकारो को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद को निस्तारित करने के लिए लगातार प्रेरित करते रहने के लिए निदेशित किया। इस समीक्षा बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में करने के लिए सोसल मिडिया, प्रेस, तथा पारा विधिक स्वयं सेवकों के माध्यम से किया जा रहा है और इसके लिए मीडिया का सहयोग लिया जा रहा है और इसमें सभी का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है। इस बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय विश्व विभूति गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय आन्निदता सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दशम अशोक कुमार गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश षष्टम लक्ष्मीकान्त मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सप्तम निशित दयाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ आनन्द भूषण, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचम उमेश प्रसाद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अष्टम मनीष कुमार जायसवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नवम पंकज पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय विवेक कुमार सिंह, विशेष न्यायाधीश उत्पाद, प्रथम कन्हैया लाल यादव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लाल बिहारी पासवान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम डॉ दीवान फहद खान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सप्तम संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ प्रदीप चन्द्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राजीव कुमार, न्यायकर्ता शोभित सौरभ, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शुभान्कर शुक्ला, परीवीक्षाधीन सिविल जज शिवागी एवं परीवीक्षाधीन सिविल जज निकिता राज सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल उपस्थित रहे।



# औरंगाबाद में बकाया पैसे को लेकर हिंसक झड़प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बकाया पैसे को लेकर हुए विवाद ने मंगलवार रात को हिंसक रूप ले लिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नरसिम्हा भुइंया टोला की है, जहां दो पक्षों के बीच मारपीट में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान मिथिलेश कुमार, उपेंद्र कुमार, रीना कुमारी, रीमा कुमारी, शीला देवी और दिनेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात रीना कुमारी पानी भरने चापाकल पर गई थीं, तभी पहले से चली आ रही पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने पूरे परिवार को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल मिथिलेश कुमार ने अस्पताल में बताया कि उसने विनेश भुइंया की बेटी की शादी के लिए 8000 रुपये उधार दिए थे, जिसे वापस मांगने पर विवाद हुआ। पूर्व में भी इस पैसे को लेकर कहासुनी और हाथापाई हो चुकी थी। घटना की रात मिथिलेश के घर में रखे 10,000 रुपये भी गायब पाए गए, जो उसने करकट लगाने के लिए रिश्तेदार से उधार लिया था। पीड़ित पक्ष ने विलास भुइंया, कमलेश भुइंया, रंजन भुइंया, अजय भुइंया और ललिता देवी पर हमला करने और पैसे गायब करने का आरोप लगाया है।

बुधवार सुबह पीड़ित परिवार ने मुफस्सिल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है, दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# धूमधाम से सजा बाबा दुधेश्वरनाथ महादेव मंदिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** सावन की पवित्रता और भक्ति के रंग में बुधवार को देवकुंड स्थित प्राचीन बाबा दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। यह आयोजन करपी नवयुवक कांवड़िया संघ द्वारा किया गया, जो विगत 25 वर्षों से इस परंपरा को सजीव बनाए हुए है। बिहार-झारखंड विभाजन के बाद से यह संघ लगातार मंदिर की सजावट और जलाभिषेक की जिम्मेदारी निभा रहा है। संघ के संयोजकों ने बताया कि वर्ष 2000 में गठित इस संघ ने संकल्प लिया था कि विभाजन के पश्चात झारखंड की सीमा में स्थित इस प्राचीन मंदिर पर गंगाजल से जलाभिषेक कर भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा जाएगा। इस क्रम में प्रत्येक सावन में संघ के स्वयंसेवक पटना के गायघाट से पवित्र गंगाजल कांवर में भरकर, पुनपुन, मसौढ़ी, जहानाबाद, निहालपुर, झुनाठी, किंजर, शांतिपुरम, इमामगंज और करपी होते हुए देवकुंड पहुंचते हैं और बाबा को जल अर्पित करते हैं। करपी कांवड़िया संघ न केवल यात्रा करता है, बल्कि पूरे मार्ग में कांवरियों के लिए नाश्ता, फलाहार, नींबू पानी, गर्म जल, चाय, चिकित्सा और विश्राम की व्यापक व्यवस्था करता है।




# सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर लगातार दूसरी बार होगा 'सांसद खेल महोत्सव-2025' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** खेलों को गांव-गांव तक पहुंचाने और युवाओं को मंच देने की दिशा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर 'सांसद खेल महोत्सव-2025' के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन लगातार दूसरे वर्ष किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 15 जुलाई से रामगढ़ के गोला मैदान से शुरू होगा और करीब दो महीने तक चलेगा, जिसका समापन 15 सितंबर को होगा। टूर्नामेंट की पूर्व संध्या पर हजारीबाग के विख्यात पूर्व फुटबॉल खिलाड़ियों–विकास चौधरी, शंकर मुखर्जी, अशोक भट्टाचार्य, प्रमोद कुमार और मुकेश कुमार–ने सांसद मनीष जायसवाल के साथ मशाल जलाकर टूर्नामेंट का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया। इन खिलाड़ियों को सांसद द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सांसद जायसवाल ने अपने सेवा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस वर्ष टूर्नामेंट में 22 प्रखंडों से लगभग 15,00 टीमें और 22,500 खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में कहीं अधिक है, जो ग्रामीण युवाओं में फुटबॉल के प्रति बढ़ते रुझान को दर्शाता है। नमो खेल श्रृंखला की शुरुआत वर्ष 2016 में विधायक रहते मनीष जायसवाल ने की थी। कटकमदाग प्रखंड से शुरू हुआ यह आयोजन अब संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में फैल चुका है। 2023 में फुटबॉल की अपार सफलता के बाद इसमें कैरम, कबड्डी और बॉक्सिंग जैसे खेल भी जोड़े गए। 2024 में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा जिलों के कुल 22 क्षेत्रों से 883 टीमों के 13,245 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस वर्ष टूर्नामेंट में विजेता टीम को 25,000 नकद, आकर्षक ट्रॉफी व मेडल, जबकि उपविजेता को 15,000 नकद पुरस्कार दिया जाएगा। हजारों जर्सी की सिलाई और प्रिंटिंग स्थानीय यूनिट में हो रही है, जिससे दर्जनों महिला कारीगरों को रोजगार मिला है।

# वोटर सूची से वंचित करने की साजिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजद कार्यकर्ताओं ने बुधवार की मध्य रात्रि नया टोला में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम किया। यह चक्का जाम करीब 11 घंटे तक चला, जिससे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। विधायक रामबिशुन सिंह लोहिया के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग, केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाज़ी की। चक्का जाम के दौरान 30 से अधिक राजद कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

प्रदर्शन के दौरान राजद युवा नेता किशोर कुणाल ने केंद्र व राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को सरकार अपने इशारों पर नचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से दलित, महादलित, अति पिछड़े और गरीब वर्ग के लोगों को वोटर लिस्ट से वंचित करने की साजिश की जा रही है। किशोर कुणाल ने कहा कि तेजस्वी यादव इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, और हमलोग आंदोलन को और तेज करेंगे। जनता का फैसला सर्वोपरि होता है और 2025 में तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। जब तक आयोग आधार कार्ड या मजदूर कार्ड को अनिवार्य नहीं करता, हम विरोध जारी रखेंगे। इस चक्का जाम में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं ने

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में बाजार बंद और चक्का जाम, पुलिस रही सतर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन और ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए बिहार बंद का असर हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दोपहर तक मिला-जुला रूप में देखा गया। बंद के समर्थन में महागठबंधन के कार्यकर्ता सुबह से ही सड़क पर उतरे, दुकानों और वाहनों को बंद कराने के लिए घुमते नजर आए। हसपुरा बाजार, पचरूखिया, सिहाड़ी समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची गणना पुनरीक्षण वापस लो, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। बंद में सीपीआई नेता अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रमुख विजय कुमार, भाकपा माले के दिनेश राम, कंग्रेस के मिथलेश सिंह, मानदीप चौधरी, राजद के भोला कुरैशी, जगजीत कांत, अशोक यादव और रामबाबू गुप्ता समेत कई नेताओं ने भाग लिया। पचरूखिया में सोनम कुशवाहा, रविंद्र यादव, नागेश्वर यादव, सतेंद्र कुमार, मनीष कुमार, सचिन कुमार, भोला राम, अरुण कुमार रंजन, रामप्रवेश सिंह, अवध किशोर, राजकुमार, डोमन यादव सहित दर्जनों महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने बंद को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान बाजारों में आंशिक रूप से दुकानें बंद रहीं और दोपहर तक सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही।

# गोरडीहा पंचायत में सरपंच पद का उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत में सोमवार को सरपंच पद के लिए उपचुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान के लिए कुल 15 बूथ बनाए गए थे। सरपंच पद के लिए कुल 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जबकि वार्ड सदस्य पद के लिए दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। सभी प्रत्याशियों की किस्मत अब ईवीएम में बंद हो चुकी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी उपेंद्र दास ने जानकारी दी कि सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ, जो शाम 5 बजे तक बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पंचायत में कुल 7257 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से लगभग 47 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी चाक-चौबंद रही।

# इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन, एनएच-19 जाम कर मतदाता सूची पुनरीक्षण का किया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता बुधवार सुबह सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-19 को सुबह छह बजे से जाम कर आवागमन को पूरी तरह ठप कर दिया। साथ ही मदनपुर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में दुकानें बंद कराई गईं, जिससे पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व इंडिया गठबंधन के प्रमुख स्थानीय नेताओं ने किया। मुखिया संजय यादव, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लालदेव यादव, भाकपा नेता महेंद्र यादव, पैक्स अध्यक्ष गया प्रसाद यादव, राजद नेता रवीन्द्र यादव, रामसुंदर यादव उर्फ लंबू यादव, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, रामेश्वर रौशन, राजद प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार, अवधेश यादव, सरफराज आलम, कांग्रेस नेता संजीव कुमार सिंह, राजकुमार यादव, सत्येंद्र यादव, शांति देवी, सुभाष यादव और भोला यादव जैसे नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उनका आरोप था कि यह विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य वापस लो जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। मौके पर दंडाधिकारी के रूप में सीओ मो. अकबर हुसैन, बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य, थानाध्यक्ष राजेश कुमार एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस बल ने चक्का जाम के दौरान हालात को नियंत्रित बनाए रखा।

# विद्युत कनीय अभियंताओं ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राज्य भर में विद्युत कनीय अभियंता संघ, बिहार के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ों अभियंताओं ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। अभियंताओं ने काली पट्टी और काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए अपनी उपेक्षा, असहनीय कार्य परिस्थितियों और विभागीय अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस अभियान के तहत रफीगंज में भी स्थानीय कनीय अभियंताओं ने सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराया और हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। संघ की ओर से प्रमोशन में हो रहे भेदभाव, संशोधित भर्ती नीति के उल्लंघन, 24*7 कॉल ड्यूटी के चलते स्वास्थ्य व पारिवारिक जीवन पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। इसके अलावा अभियंताओं ने ऑनलाइन सामग्री एवं भंडार वितरण प्रणाली लागू करने, फर्जी एफआईआर और विभागीय उत्पीड़न से सुरक्षा हेतु विधिक संरक्षण देने, लंबित भत्तों–जैसे कैशलेस चिकित्सा, क्षतिपूर्ति अवकाश, नाइट ड्यूटी भत्ता–का शीघ्र निष्पादन करने की मांग रखी। साथ ही कार्यों का स्पष्ट बंटवारा, एसटीएफ, रेवेन्यू, मेंटेनेंस व टीआरडब्ल्यू विंग में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति और विभागीय कार्रवाइयों में पारदर्शिता की भी मांग की गई।

# बिहार बंद के दौरान झड़प और मारपीट की घटनाओं की जदयू ने की निंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** महागठबंधन द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में बुलाए गए बिहार बंद के दौरान कई स्थानों पर झड़प और मारपीट की घटनाएं सामने आईं, जिससे आम लोगों में आक्रोश देखा गया। इन घटनाओं की जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने कड़ी निंदा की है और प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, हॉस्पिटल मोड़ के पास कांग्रेस के एक स्थानीय नेता ने बंद के समर्थन में जबरन वाहन रुकवाने की कोशिश की, जिस पर वाहन चालक से कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि कांग्रेस नेता ने चालक को थप्पड़ जड़ दिया। यह घटना स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गई है। इसी तरह, सोहसराय के सतरह नंबर इलाके में बंद समर्थकों ने एक राहगीर के साथ मारपीट कर दी। बताया गया कि राहगीर किसी जरूरी कार्य से जा रहा था, लेकिन बंद समर्थकों ने जबरन रोक कर विरोध जताने पर उसकी पिटाई कर दी। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए जदयू के प्रवक्ता डॉ. धनंजय देव ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन आम नागरिकों के साथ हिंसा करना, जबरन दुकानें बंद कराना और सड़कों पर उपद्रव फैलाना पूरी तरह से निंदनीय और अलोकतांत्रिक कृत्य है।

# संस्कार विद्या में 'फायरलेस कुकिंग' का अनोखा आयोजन, नो ऑयल-नो बॉयल ग्रुप रहा टॉपर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान संस्कार विद्या, नॉलेज सिटी के प्रांगण में बुधवार को 'फायरलेस कुकिंग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ना केवल बच्चों के रचनात्मक कौशल को सामने लाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, एवं प्राचार्य ए. के. मिश्रा की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ किया। 'फन टाइम' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बिना आग जलाए (फायरलेस) 75 से अधिक व्यंजन तैयार किए, जिनमें साउथ इंडियन डिशेज, ओरियो केक, मेवा ब्रेड दहीबड़ा, गुपचुप, दाल-भात-चोखा, श्रीखंड, मिंट मोजितो, तिलोरी पापड़, रसमलाई आदि प्रमुख रहे। सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि नो ऑयल, नो बॉयल ग्रुप को टॉप स्थान प्राप्त हुआ। सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम को सराहते हुए कहा कि बच्चों ने साबित किया है कि स्वादिष्ट भोजन सिर्फ चूल्हे या गैस से नहीं, बल्कि रचनात्मक सोच और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता से भी बनाया जा सकता है। सीईओ आनंद प्रकाश ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया, वहीं डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने इसे तकनीकी युग में पर्यावरण-संवेदनशील सोच का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे न सिर्फ खाना बना रहे हैं, बल्कि वायु प्रदूषण रोकने के प्रति भी सजग हो रहे हैं, जो एक सकारात्मक संकेत है। कार्यक्रम में शामिल 75 से अधिक छात्र समूहों ने अपने व्यंजन न सिर्फ स्वाद के लिए, बल्कि उनकी प्रस्तुति और स्वच्छता के लिए भी तैयार किए, जिससे यह आयोजन शिक्षाप्रद, मनोरंजक और प्रेरणादायक बन गया।

यह कार्यक्रम न केवल दाउदनगर अनुमंडल, बल्कि पूरे जिले के लिए 'फायरलेस कुकिंग' के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का एक प्रेरणास्पद संदेश लेकर आया।



# 13 सितंबर को आयोजित होगी लोक अदालत, तैयारियों में जुटा प्राधिकार

## तैयारियों का लिया गया जायजा, दिये गये कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला जज राज कुमार द्वारा व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारियों से अपने-अपने न्यायालय द्वारा अबतक किये गये तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। जिला जज ने समीक्षा के दौरान अबतक विभिन्न न्यायालयों के द्वारा निर्गत नोटिस और उससे सम्बन्धित तामिला की जानकारी प्राप्त की एवं पक्षकारो के साथ आयोजित होने वाले प्री-काउंसेलिंग प्रक्रिया के संबध में अबतक किये गये कार्यो की समीक्षा की। जिला जज ने आगामी लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया। उनके द्वारा कहा गया कि अबतक जितने भी चिह्नित वाद न्यायालय में किये गये हैं और नोटिस निर्गत हुआ है उसकी तामिला की अवस्था की जानकारी यथाशीघ्र प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक पक्षकारो के साथ प्री-काउंसिलिंग की प्रक्रिया संबधित न्यायालयो के साथ सामान्जस स्थापित करते हुए करें। जिला जज द्वारा सभी न्यायालय को प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया को और तेज करने के लिए निदेशित किया तथा न्यायालय में लंबित सभी तरह के सुलहनीय मामलो में पक्षकारो को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद को निस्तारित करने के लिए लगातार प्रेरित करते रहने के लिए निदेशित किया। इस समीक्षा बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में करने के लिए सोसल मिडिया, प्रेस, तथा पारा विधिक स्वयं सेवकों के माध्यम से किया जा रहा है और इसके लिए मीडिया का सहयोग लिया जा रहा है और इसमें सभी का अपेक्षित सहयोग मिल रहा है।

इस बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय विश्व विभूति गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय आन्निदता सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दशम अशोक कुमार गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश षष्टम लक्ष्मीकान्त मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सप्तम निशित दयाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ आनन्द भूषण, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पंचम उमेश प्रसाद, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अष्टम मनीष कुमार जायसवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नवम पंकज पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय विवेक कुमार सिंह, विशेष न्यायाधीश उत्पाद, प्रथम कन्हैया लाल यादव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, लाल बिहारी पासवान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम डॉ दीवान फहद खान, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सप्तम संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चतुर्थ प्रदीप चन्द्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राजीव कुमार, न्यायकर्ता शोभित सौरभ, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शुभान्कर शुक्ला, परीवीक्षाधीन सिविल जज शिवागी एवं परीवीक्षाधीन सिविल जज निकिता राज सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल उपस्थित रहे।

## 'फायरलेस कुकिंग' का आयोजन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान संस्कार विद्या, नॉलेज सिटी के प्रांगण में बुधवार को 'फायरलेस कुकिंग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ना केवल बच्चों के रचनात्मक कौशल को सामने लाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भी संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश, एवं प्राचार्य ए. के. मिश्रा की उपस्थिति में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ किया। 'फन टाइम' थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बिना आग जलाए (फायरलेस) 75 से अधिक व्यंजन तैयार किए। कार्यक्रम में शामिल 75 से अधिक छात्र समूहों ने अपने व्यंजन न सिर्फ स्वाद के लिए, बल्कि उनकी प्रस्तुति और स्वच्छता के लिए भी तैयार किए, जिससे यह आयोजन शिक्षाप्रद, मनोरंजक और प्रेरणादायक बन गया।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर में अधिवक्ता जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के सब्जी मंडी के समीप अनियंत्रित बाइक की टक्कर से एक अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अधिवक्ता की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव निवासी निर्मल कुमार सिन्हा के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल अधिवक्ता ने बताया कि वे शहर के ही नई एरिया में किराए के मकान में अपने परिवार वालो के साथ रहते है। बुधवार को वह अपने रूम से पैदल जमा मस्जिद के समीप एक मेडिकल पर दवा की खरीदारी करने जा रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दिया और फरार हो गया। इसके घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 पर बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया मोड़ के समीप अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के रिशुनपुर गांव निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल राहुल ने बताया कि वह किसी काम से औरंगाबाद गया हुआ था। वापस घर लौटने के दौरान जोगिया मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ी एक हाइवा का चालक अचानक साइड लेने लगा। इसी दौरान बाइक हाइवा से टकरा गया, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया।

### भूमि विवाद में मारपीट, चाचा-भतीजा जख्मी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के सईरा गांव में तीन बीघा जमीन के लिए दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में चाचा-भतीजा जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी दूधनाथ तिवारी व भतीजा बंटीश तिवारी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी बंटीश तिवारी ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों के साथ तीन बीघा जमीन के लिए कई वर्षों से विवाद चल रहा है। इसके अपने जमीन पर गांव वाले जबरदस्ती कब्जा कर खेती कर रहे हैं। बुधवार को गांव वालों द्वारा उसके जमीन की जुताई की जा रही थी। बंटीश के चाचा दूधनाथ तिवारी खेत तरफ देखने गए थे। खेत देखकर वापस घर लौटने के दौरान उन लोगों ने अचानक हमला कर दिया। बचाने गए बंटीश की भी जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों चाचा-भतीजा जख्मी हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। किसी तरह ग्रामीणों के समझौते के बाद मामला शांत हुआ। परिजनों ने जख्मी चाचा-भतीजा को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। जानकारी मिली के दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए हैं, फिलहाल घटना की सूचना पौथू थाना की पुलिस को दी गई है।

### गोह में बंदी का रहा मिला-जुला असर

**गोह (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गोह में महागठबंधन के कार्यकताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ राज्यव्यापी चक्का जाम का ऐलान किया। बुधवार की सुबह महागठबंधन के कार्यकताओं ने प्रखंड मुख्यालय के जगतपति चौक व हमिद नगर मोड़ पर टायर जलाकर लगभग चार घंटे तक सड़क जाम कर दिया। हालांकि गोह प्रखंड क्षेत्र में इसका मिला-जुला असर देखने को मिला। मौके पर विधायक भीम यादव, नंदलाल सिंह, माले प्रखंड सचिव देवरुल पासवान, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थें।

### बिहार बंद के दौरान कोइलवर में चक्का जाम

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर के कोईलवर अवस्थित राष्ट्रिय राजमार्ग 922 कायमनगर बाजार पर भी महागठबंधन कि ओर से बिहार बंद का असर व्यापक रूप से देखने को मिला है। बंद समर्थकों ने कायमनगर के पास फोरलेन को जाम कर दिया है, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। इसका नेतृत्व बड़हरा के पूर्व विधायक सरोज यादव ने किया।

# प्रखंडों में दिखा बंद का असर, सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के प्रखंडों में भी बंद का असर दिखा। सुबह से ही महागठबंधन के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



### मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में बाजार बंद और चक्का जाम

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन और ट्रेड यूनियनों द्वारा बुलाए गए बिहार बंद का असर हसपुरा प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दोपहर तक मिला-जुला रूप में देखा गया। बंद के समर्थन में महागठबंधन के कार्यकर्ता सुबह से ही सड़क पर उतरे, दुकानों और वाहनों को बंद कराने के लिए घुमते नजर आए। हसपुरा बाजार, पचरूखिया, सिहाड़ी समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची गणना पुनरीक्षण वापस लो, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग की मनमानी नहीं चलेगी जैसे नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। बंद में सीपीआई नेता अधिवक्ता चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रमुख विजय कुमार, भाकपा माले के दिनेश राम, कांग्रेस के मिथलेश सिंह, मानदीप चौधरी, राजद के भोला कुरैशी, जगजीत कांत, अशोक यादव और रामबाबू गुप्ता समेत कई नेताओं ने भाग लिया। पचरूखिया में सोनम कुशवाहा, रविंद्र यादव, नागेश्वर यादव, सतेंद्र कुमार, मनीष कुमार, सचिन कुमार, भोला राम, अरुण कुमार रंजन, रामप्रवेश सिंह, अवध किशोर, राजकुमार, डोमन यादव सहित दर्जनों महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने बंद को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान बाजारों में आंशिक रूप से दुकानें बंद रहीं और दोपहर तक सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही। हालांकि, बाद में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती गई। पुलिस प्रशासन की ओर से भी व्यापक सतर्कता बरती गई। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एसआई पवन कुमार, पीएसआई सुगंध कुमार, एएसआई मो. इम्तियाज अहमद समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल पूरे आंदोलन के दौरान क्षेत्र में गश्त करते रहे और बंद समर्थकों पर नजर बनाए रखी, ताकि कोई अवांछित स्थिति उत्पन्न न हो।

### एनएच जाम कर मतदाता सूची पुनरीक्षण का किया विरोध

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता बुधवार सुबह सड़क पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने एनएच-19 को सुबह छह बजे से जाम कर आवागमन को पूरी तरह ठप कर दिया। साथ ही मदनपुर बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में दुकानें बंद कराई गईं, जिससे पूरे क्षेत्र में सन्नाटा छा गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व इंडिया गठबंधन के प्रमुख स्थानीय नेताओं ने किया। मुखिया संजय यादव, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लालदेव यादव, भाकपा नेता महेंद्र यादव, पैक्स अध्यक्ष गया प्रसाद यादव, राजद नेता रवीन्द्र यादव, रामसुंदर यादव उर्फ लंबू यादव, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, रामेश्वर रौशन, राजद प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार, अवधेश यादव, सरफराज आलम, कांग्रेस नेता संजीव कुमार सिंह, राजकुमार यादव, सत्येंद्र यादव, शांति देवी, सुभाष यादव और भोला यादव जैसे नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उनका आरोप था कि यह विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य वापस लो जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। मौके पर दंडाधिकारी के रूप में सीओ मो. अकबर हुसैन, बीडीओ डॉ. अवतुल्य कुमार आर्य, थानाध्यक्ष राजेश कुमार एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस बल ने चक्का जाम के दौरान हालात को नियंत्रित बनाए रखा।

### बिहार बंद का दिखा व्यापक असर

**अंबा (औरंगाबाद)।** ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के आह्वाहन पर मसाल जुलूस एवं संपूर्ण बिहार बंद का कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय में व्यापक असर दिखा। इस दौरान महागठबंधन घटक दल के सैकड़ो कार्यकर्ता हाथों में झंडा, बैनर और पोस्टर लेकर अंबा चौक पर इकट्ठा हुए और चुनाव आयोग एवं बिहार सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण को गरीब, दलितों और महादलितों के नाम मतदाता सूची से हटाने की साजिश बताया। वहीं प्रदर्शन में शामिल महागठबंधन घटक दल के नेताओं ने सरकार की नीतियों को अलोकतांत्रिक करार दिया और मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को तत्काल बंद करने की मांग की। प्रदर्शन में राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नीलम सिंह, भाकपा माले प्रखंड सचिव रमेश पासवान, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, कांग्रेस प्रखंड प्रवक्ता रामाकांत पांडेय, मुखिया रविंद्र यादव, मंजीत यादव, मुखिया प्रतिनिधि पुट्टू यादव, संजय तेजा समेत महागठबंधन घटक दल के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

# बकाया पैसे को लेकर हिंसक झड़प, एक ही परिवार के छह सदस्य घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बकाया पैसे को लेकर हुए विवाद ने मंगलवार रात को हिंसक रूप ले लिया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नरसिम्हा भुइंया टोला की है, जहां दो पक्षों के बीच मारपीट में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान मिथिलेश कुमार, उपेंद्र कुमार, रीना कुमारी, रीमा कुमारी, शीला देवी और दिनेश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की रात रीना कुमारी पानी भरने चापाकल पर गई थीं, तभी पहले से चली आ रही पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने पूरे परिवार को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल मिथिलेश कुमार ने अस्पताल में बताया कि उसने विनेश भुइंया की बेटी की शादी के लिए 8000 रुपये उधार दिए थे, जिसे वापस मांगने पर विवाद हुआ। पूर्व में भी इस पैसे को लेकर कहासुनी और हाथापाई हो चुकी थी। घटना की रात मिथिलेश के घर में रखे 10,000 रुपये भी गायब पाए गए, जो उसने करकट लगाने के लिए रिश्तेदार से उधार लिया था। पीड़ित पक्ष ने विलास भुइंया, कमलेश भुइंया, रंजन भुइंया, अजय भुइंया और ललिता देवी पर हमला करने और पैसे गायब करने का आरोप लगाया है। बुधवार सुबह पीड़ित परिवार ने मुफस्सिल थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है, दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 12 जुलाई को ठेंगो पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ठेंगो पंचायत में 12 जुलाई दिन शनिवार को औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिंह ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। नबीनगर के प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद ठेंगो पंचायत में सुबह 10:30 बजे कवला, 11 बजे रजवारिया कला, 11:30 बजे रजवारिया खुर्द, 12 बजे कांदू बीघा, 12:30 बजे खेदन बीघा, 1 बजे गोसलडीह, 1:30 बजे चमराही, 2 बजे काशी तेन्दुआ, 2:30 बजे राटा बीघा,



पहलाद बीघा, 3 बजे गोगो दक्षिणी, 3:30 बजे गोगो उतरी, 4 बजे ठेंगो, 4:30 बजे कोईरीडीह एवं 5 बजे नोनिया बीघा गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।

# बिहार बंद पूरी तरह विफल, विपक्ष की नीयत पर उठे सवाल : भाजपा प्रवक्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी ने सोमवार को जारी एक वक्तव्य में बिहार बंद को पूरी तरह असफल बताया। उन्होंने कहा कि यह बंद केवल जनता और दुकानदारों को परेशान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसका आमजन से कोई वास्तविक सरोकार नहीं था। प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि आम लोग इस बंद से दूर रहे और अपने दैनिक कार्यों में लगे रहे। बाजारों में भी सामान्य गतिविधियां होती रहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने जबरदस्ती सड़कें जाम कीं और दुकानों को बंद कराने की कोशिश की, जिससे केवल आम जनता को असुविधा हुई। भाजपा प्रवक्ता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जब उन्हें जनसमर्थन नहीं मिल रहा है तो वे असंवैधानिक और जनविरोधी तरीकों का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ऐसे हथकंडों को पहचान चुकी है और अब बहकावे में आने वाली नहीं है। अश्विनी तिवारी ने यह भी कहा कि कुछ सामाजिक मंचों पर ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जिनमें बंद के दौरान महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। उन्होंने मांग की कि ऐसे सभी दृश्य चिन्हित कर प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सबको है, लेकिन उसकी आड़ में कानून को हाथ में लेना और जनता को परेशान करना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

# बक्सर जाने के क्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव का किया गया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर/भोजपुर।** पटना से बक्सर जाने के दौरान बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव देवेन्द्र यादव को कांग्रेस नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में कोईलवर सिक्सलेन पुल के समीप भव्य स्वागत किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी सचिव देवेन्द्र यादव ने बताया कि वोट पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गरीबों के वोट को काटने का साजिश है। इसे हम सभी हर हाल में नहीं होने देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि वोट पुनरीक्षण के तहत बिहार में वोट कि चोरी करने कि साजिश रच रही है एनडीए सरकार। इसी को लेकर आज बिहार को पूरी तरह महागठबंधन के लोगों ने बंद रखा। बिहार बंद पूरी तरह सफल रहा। कांग्रेस नेत्री रीता सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक योजना माई बहीन मान योजना लेकर आई और कांग्रेस पार्टी कि जहा भी सरकार है वहां महिलाओं को सशक्त करने के लिए इस योजना को लागू किया है।

# अनुदान में देरी, प्रशासनिक उपेक्षा और मान्यता प्रक्रिया पर जताई चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (अंबा)।** निजी विद्यालयों की समस्याओं को लेकर निजी विद्यालय संघ, औरंगाबाद की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, अंबा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष अजय पांडेय ने की, जबकि संचालन सचिव रिंकू सिंह ने किया। बैठक में जिले भर के सैकड़ों निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आरटीई कानून, अनुदान में देरी, प्रशासनिक उपेक्षा, मान्यता की जटिल प्रक्रिया और तकनीकी सहयोग की कमी जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। संघ अध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि आरटीआइ के नाम पर विभागीय दबाव तो बना रहता है, लेकिन अनुदान की राशि समय पर नहीं दी जाती, जिससे निजी विद्यालय गहरे आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों को हर सुविधा दी जा रही है, जबकि निजी विद्यालयों को मान्यता, नवीनीकरण और अनुदान जैसे मामलों में बार-बार अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि डिजिटल और तकनीकी उन्नयन के नाम पर भी सरकार केवल सरकारी विद्यालयों को प्राथमिकता दे रही है, जबकि निजी संस्थानों को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे निजी विद्यालय बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। बैठक में यह भी कहा गया कि कई ऐसे विद्यालय जो वर्षों से गुणवत्ता शिक्षा दे रहे हैं, उन्हें आज तक मान्यता या विद्यालय आईडी नहीं मिल पाई है, जिससे छात्रों का भविष्य अधर में है। संघ पदाधिकारियों ने मांग की कि सरकार निजी विद्यालयों को सम्मानजनक भागीदार माने और उन्हें नीति निर्धारण व संवाद मंचों में भागीदारी दे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि प्रशासन शीघ्र समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं करता, तो संघ चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति अपनाएगा। यह बैठक निजी विद्यालयों की बढ़ती चुनौतियों और उपेक्षा के खिलाफ एक मजबूत संदेश बनकर उभरी, जो शिक्षा व्यवस्था में संतुलन और सम्मानजनक सहयोग की मांग करती है।

# धूमधाम से सजा बाबा दुधेश्वरनाथ महादेव मंदिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** सावन की पवित्रता और भक्ति के रंग में बुधवार को देवकुंड स्थित प्राचीन बाबा दुधेश्वरनाथ महादेव मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। यह आयोजन करपी नवयुवक कांवड़िया संघ द्वारा किया गया, जो विगत 25 वर्षों से इस परंपरा को सजीव बनाए हुए है। बिहार-झारखंड विभाजन के बाद से यह संघ लगातार मंदिर की सजावट और जलाभिषेक की जिम्मेदारी निभा रहा है। संघ के संयोजकों ने बताया कि वर्ष 2000 में गठित इस संघ ने संकल्प लिया था कि विभाजन के पश्चात झारखंड की सीमा में स्थित इस प्राचीन मंदिर पर गंगाजल से जलाभिषेक कर भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा जाएगा। इस क्रम में प्रत्येक सावन में संघ के स्वयंसेवक पटना के गायघाट से पवित्र गंगाजल कांवर में भरकर, पुनपुन, मसौढ़ी, जहानाबाद, निहालपुर, झुनाठी, किंजर, शांतिपुरम, इमामगंज और करपी होते हुए देवकुंड पहुंचते हैं और बाबा को जल अर्पित करते हैं। करपी कांवड़िया संघ न केवल यात्रा करता है, बल्कि पूरे मार्ग में कांवरियों के लिए नाश्ता, फलाहार, नींबू पानी, गर्म जल, चाय, चिकित्सा और विश्राम की व्यापक व्यवस्था करता है।

साथ ही करपी उच्च विद्यालय परिसर में हर रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालु भाग लेते हैं। कार्यक्रम के संयोजक आनंद कुमार चंद्रवंशी व रविंद्र यादव, मार्गदर्शक वेंकटेश शर्मा, संघ के अध्यक्ष टिंकू कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू शर्मा, कोषाध्यक्ष शंकर गुप्ता सहित सैकड़ों स्वयंसेवक इस धार्मिक सेवा में समर्पित भाव से लगे रहे। उनकी निस्वार्थ सेवा भाव और भक्ति ने सावन की इस यात्रा को एक सांस्कृतिक उत्सव का रूप दे दिया है।

# विद्युत कनीय अभियंताओं ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

## हस्ताक्षर अभियान में लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** राज्य भर में विद्युत कनीय अभियंता संघ, बिहार के बैनर तले मंगलवार को सैकड़ों अभियंताओं ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। अभियंताओं ने काली पट्टी और काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए अपनी उपेक्षा, असहनीय कार्य परिस्थितियों और विभागीय अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस अभियान के तहत रफीगंज में भी स्थानीय कनीय अभियंताओं ने सामूहिक रूप से विरोध दर्ज कराया और हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया। संघ की ओर से प्रमोशन में हो रहे भेदभाव, संशोधित भर्ती नीति के उल्लंघन, 24X7 कॉल ड्यूटी के चलते स्वास्थ्य व पारिवारिक जीवन पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। इसके अलावा अभियंताओं ने ऑनलाइन सामग्री एवं भंडार वितरण प्रणाली लागू करने, फर्जी एफआईआर और विभागीय उत्पीड़न से सुरक्षा हेतु विधिक संरक्षण देने, लंबित भत्तों–जैसे कैशलेस चिकित्सा, क्षतिपूर्ति अवकाश, नाइट ड्यूटी भत्ता–का शीघ्र निष्पादन करने की मांग रखी। साथ ही कार्यों का स्पष्ट बंटवारा, एसटीएफ, रेवेन्यू, मेंटेनेंस व टीआरडब्ल्यू विंग में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति और विभागीय कार्रवाइयों में पारदर्शिता की भी मांग की गई। प्रदर्शन में कनीय विद्युत अभियंता (ग्रामीण) संतोष कुमार, कनीय अभियंता (शहरी) मारुति नंदन प्रियदर्शी, पौथु के अभियंता रविशंकर कुमार तथा राजस्व विंग से जुड़े अभियंता सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फेसबुक पर साझा की अहम घोषणा

# बिहार की डेढ़ लाख से अधिक रिक्तियों में महिलाओं को मिलेगा विशेष अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट किया है कि राज्य की सभी सरकारी सेवाओं और संवर्गों के सभी स्तरों पर सीधी नियुक्तियों में अब सिर्फ बिहार की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी अपने फेसबुक वाल के माध्यम से साझा की। नीतीश कुमार ने लिखा कि राज्य में इस समय 1 लाख 51 हजार 579 रिक्तियों के विरुद्ध नियुक्ति प्रक्रिया विभिन्न चरणों में चल रही है। इन सभी नियुक्तियों में बिहार की महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। यही नहीं, संविदा या आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाने वाली नियुक्तियों में भी बिहार की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को यह आरक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन विभागों में रिक्तियां उपलब्ध हैं, वे शीघ्र भरने की कार्रवाई करें ताकि अधिक से अधिक युवाओं को विशेषकर महिलाओं को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार राज्य में महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की सक्रिय तथा सकारात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रति पूरी तरह संकल्पित है। मुख्यमंत्री की इस पहल को महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। सरकार के इस निर्णय से न केवल नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि यह कदम समाज में लैंगिक समानता और आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत करेगा। बिहार में इससे पहले पंचायती राज, शिक्षक नियुक्तियों, पुलिस सेवा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को आरक्षण देकर उनकी भागीदारी को बढ़ाया गया है। अब यह नया निर्णय राज्य में महिला नेतृत्व और सहभागिता के नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने पटना-डीडीयू रेलखंड का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-डीडीयू रेलखंड का गाड़ी संख्या 12309 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस के इंजन में लोको पायलट के साथ फुटप्लेट निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट, कॉशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही लोको पायलट द्वारा स्टेशन एवं लेवल क्रासिंग गेट से गुजरते समय स्टेशन मास्टर/गेटमैन के साथ सिगनल का एक्सचेंज कर रहे हैं या नहीं, कॉशन ऑर्डर का पालन किया जा रहा है या नहीं तथा लोको पायलट द्वारा स्टेशन से बाहर निकलते समय एवं कर्व से गुजरते समय गाड़ी का लुक बैक किया जा रहा है या नहीं, इन सब पहलुओं का भी महाप्रबंधक द्वारा फुटप्लेट के दौरान जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने फुटप्लेट निरीक्षण के दौरान राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट तथा सहायक लोको पायलट को संरक्षा नियमों का पालन करते हुए सजगता से कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। महाप्रबंधक का फुटप्लेट निरीक्षण डीडीयू जं. तक जारी रहेगा तथा संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलूओं का जायजा लिया जाएगा।

# राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची/पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है। चारा घोटाले से जुडे एक पुराने मामले में एक बार फिर उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीबीआई ने उनकी सजा बढ़ाने की मांग करते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है जिसे कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। सीबीआई का कहना है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी जैसे गंभीर मामले में साढ़े तीन साल की सजा पर्याप्त नहीं है। यह मामला उस अवैध निकासी से जुड़ा है जिसमें लालू यादव के साथ-साथ दो अन्य अभियुक्त बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य को भी दोषी करार दिया गया था। निचली अदालत ने सभी को साढ़े तीन साल की सजा सुनाई थी। लेकिन अब सीबीआई का कहना है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए अधिकतम सजा दी जानी चाहिए। सीबीआई का तर्क है कि घोटाले ने न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किया, बल्कि जनता के भरोसे को भी तोड़ा। ऐसे में निचली अदालत की सजा अपराध की गंभीरता के अनुरूप नहीं है। एजेंसी चाहती है कि दोषियों को कड़ी सजा देकर एक मजबूत संदेश दिया जाए।

# बिहार में सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों के अध्यक्षों को मिला आधुनिक खेती का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता विभाग द्वारा सब्जी उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दीप नारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, पटना में 7 से 9 जुलाई तक आयोजित किया गया जिसमें राज्य के विभिन्न प्रखंडों से चुने गए प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों (पीवीसीएस) के 30 अध्यक्षों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान अध्यक्षों को सब्जी उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई। कुल 12 सत्रों में पीवीसीएस की कार्यप्रणाली, संगठन संरचना, किसानों के लिए डिजिटल संसाधनों और मोबाइल अनुप्रयोगों का प्रयोग, फसल प्रबंधन तकनीक, कटाई उपरांत प्रक्रियाएं, बाजार से जुड़ाव, मूल्य श्रृंखला, प्रसंस्करण तकनीक, व्यवसायिक दृष्टिकोण और वित्तीय सहायता संबंधी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सहकारिता विभाग का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों और प्रबंध समिति के सदस्यों की क्षमता में वृद्धि होगी और वे वैज्ञानिक पद्धतियों तथा बाजार से जुड़ी बारीकियों को अपनाकर अपने क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे। अब तक विभाग द्वारा 139 मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जिनके माध्यम से 6607 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त अध्यक्ष अब अपने-अपने क्षेत्रों में वेजफेड द्वारा संचालित योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करेंगे और समिति से जुड़े सभी किसानों को इन योजनाओं का लाभ दिला सकेंगे। बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी महासंघ (वेजफेड) सहकारिता के क्षेत्र में एक प्रभावी संस्था के रूप में उभर रही है। यह संस्था किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, वैज्ञानिक खेती की जानकारी, भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। योजना की त्रिस्तरीय संरचना में राज्यस्तर पर वेजफेड, क्षेत्रीय स्तर पर चार सब्जी संघ–हरित, तिरहुत, मिथिला और मगध–तथा प्रखंड स्तर पर 519 प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियां कार्यरत हैं। वर्तमान में इस योजना से 48 हजार से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। योजना के अंतर्गत आलू और टमाटर की प्रसंस्कृत किस्मों की खेती, प्याज भंडारण, रीटेल बिक्री केंद्र, बुनियादी संरचना का विकास और व्यापक प्रशिक्षण जैसे अनेक घटक शामिल हैं।

# जंगलराज की झलक दिखाने के लिए किया था बंद का आयोजन : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि विपक्ष की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध के नाम पर 'जंगल राज' की झलक दिखाने के लिए बंद के नाटक का आयोजन किया गया था। मगर जनता के नकारे जाने से विपक्ष के शक्ति-प्रदर्शन का यह शो पूरी तरह से फ्लॉप रहा। श्री पाण्डेय ने कहा कि राजद और कांग्रेस का मकसद मतदाताओं को गुमराह करना है। मगर बिहार की जनता पूरी तरह से सहयोग कर चुनाव आयोग की पहल को सफल बना रही है। अब तक करीब 47 प्रतिशत मतदाताओं ने पुनरीक्षण फॉर्म भरकर जमा करा चुके हैं। विपक्ष को चुनाव के चार महीने पहले से ही सम्भावित हार का डर सता रहा है। वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का विरोध कर विपक्ष अपने इसी डर को दर्शा रहा है। दरअसल चुनाव आयोग को आरोपित करना विपक्ष की उसी रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह हर चुनावी हार के बाद इवीएम को कोसता है।

# तत्काल सीएमआर नहीं गिरा तो बैंक का 25 सौ करोड़ फंसेगा : रमेश चंद्र चौबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे द्वारा नई दिल्ली में प्रहलाद जोशी, उपभोक्ता कार्य, खाद्य मंत्री एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार से मुलाकात की गई। उनसे मिलकर बिहार राज्य में अधिप्राप्ति मामले में सीएमआर गिराने संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। उनको सारी परिस्थितियों से अवगत कराया गया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कर सन्तोषजनक रिपोर्ट दिया गया है जिसमें कोई गड़बड़ी नहीं मिली, परन्तु एफ.सी.आई, पटना के चलते मामला फंसा हुआ है। अगर तत्काल सीएमआर नहीं गिरा तो बैंक का लगभग 2500 करोड़ फंसेगा साथ ही लगभग 6400 पैक्स भी डिफाल्टर हो जायेंगे तथा संस्था समाप्त हो जाएगी। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि बिहार में विधान सभा का चुनाव भी होना है जिस पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। मंत्री द्वारा सारी बातों को समझा गया एवं बताया गया कि अगर जांच करना हो तो एक से दो दिन में पुनः जांच करा लें नहीं तो सीएमआर गिराने का पत्र निर्गत करें। कल इस आशय का पत्र पटना जाएगा। उनके साथ विशाल सिंह. एन.सी.सी.एफ के अध्यक्ष महेश राय, उपाध्यक्ष, बिस्कोमान सह-अध्यक्ष, गोपालगंज जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मनोज कुमार सिंह अध्यक्ष, सिवान जिला केंद्रीय सहकारी बैंक सुधी रंजन प्रसाद, अध्यक्ष, वैशाली जिला केंद्रीय सहकारी बैंक एवं रितेश सिंह, अध्यक्ष पाटलिपुत्र जिला केंद्रीय सहकारी बैंक आदि उपस्थित थे। इतने लोगों की समस्या समाधान के लिए मंत्री को दिल से धन्यवाद दिया।

# श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम द्वारा एकादशी द्वादशी को संध्या देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1500 से 2000 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया, भुजिया ग्रहण किए। इस भंडारे के आयोजन में आनन्द डालमिया, संजय भालोठिया, मुकेश हिसारिया, शेखर बागड़िया, जितेंद्र कुमार जीतू, राजेन्द्र मित्तल, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडीया, पवन शर्मा, मोनू, अनुज गुप्ता, शुभम सर्राफ, कमलेश सिंह, अनंत अगरवाल, सज्जन चौधरी, सतीश खेमानी, अजय शर्मा, केशव अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल, गोपी मित्तल, राजेश बजाज ने सहयोग किया। संस्था के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने बताया कि फाल्गुन एकादशी के अवसर पर श्री श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सारे सदस्यों ने भी हिस्सा लेकर श्याम बाबा के इस भव्य आयोजन में भाग लिया।

# 'संपूर्ण बिहार बंद' में राहुल गांधी ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा-आरएसएस के इशारे पर काम कर रहा है और महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी विधानसभा चुनाव को चोरी करने की साजिश रची जा रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में पटना में इंडिया गठबंधन द्वारा बुलाए गए 'संपूर्ण बिहार बंद' में हिस्सा ले रहे थे। इस दौरान उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, आलोक मेहता, सीपीआई एमएल नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई नेता डी राजा, वीआईपी नेता मुकेश साहनी, सीपीआई (एम) नेता एमए बेबी, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, लोकसभा सांसद तारिक अनवर, राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, लोकसभा सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद, लोकसभा सांसद मनोज राम समेत अन्य गठबंधन दलों के नेताओं ने इनकम टैक्स गोलंबर से शहीद स्मारक के बीच उमड़े भारी जनसैलाब का नेतृत्व किया। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले वर्ष इंडिया गठबंधन ने महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी और कुछ ही महीने बाद हुए विधानसभा के चुनाव में उसे हार मिली। इंडिया गठबंधन ने जांच की तो पता लगा कि आश्चर्यजनक तरीके से लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच लगभग 75 लाख नए मतदाता शामिल हुए। विधानसभा चुनाव में दस प्रतिशत ज्यादा मतदाताओं ने वोट किया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर 12 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम के द्वारा विभिन्न शाखा कार्यालय एवं औषधालय सह शाखा कार्यालय में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों का समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया।

# बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी, एमबीए, पीजीडीएम एवं एमसीए पाठ्यक्रम में नि:शुल्क नामांकन के साथ स्टाइपेंड भी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अम्बेदकर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना द्वारा मैनेजमेंट के अन्तर्गत एम.बी.ए., पी.जी.डी.एम., पी.जी.सी.एम., बी.बी.ए. तथा एम.सी.ए., बी.सी.ए. एवं बी.जे.एम.सी. पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसे ए.आई.सी.टी.ई., नई दिल्ली, भारत सरकार से मान्यता के साथ ही आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से सम्बद्धता प्राप्त है। राज्य में मैनेजमेंट के शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु संस्थान में राष्ट्रीय स्तर की सुविधा एवं लैब तथा स्मार्ट क्लास से सुसज्जित है। अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन राज्य के मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। प्रबंधन पाठ्यक्रम के छात्रों को शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही संस्थान में अत्याधुनिक डिजिटल लैब और नेटवर्किंग इवेंटस का भी आयोजन किया जा रहा है जो छात्रों को उनके कौशल विकास में वृद्धि करता है। इसके अतिरिक्त कॉलेज के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा नियमित रूप से सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है जो छात्रों को बौद्धिक विकास, कैरियर गाइडेंस और वर्कशॉप के माध्यम से अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। संस्थान में नामांकित सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क नामांकन, प्रशिक्षण एवं आवासीय सुविधा दी जा रही है। नामांकन हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीयन शुल्क 1.75/- जमा कर नामांकन करा सकते है। नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं को द्वितीय वर्ष से रुपया 36/- स्टाइपेंड प्रदान किया जायेगा। संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के लिए निजी बस द्वारा यातायात की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए वाई फाई कैम्पस के साथ ही एक लाख क्षमता वाली पुस्तकों की विशाल लाइब्रेरी एवं प्ले ग्राउण्ड, एडवांस कंप्यूटर लैब, लैंग्वेज लैब, सेन्ट्रलाइज्ड ए.सी. ऑडिटोरियम तथा स्टूडियो संचालित है। साथ ही छात्राओं हेतु परिसर में छात्रावास एवं कैंटीन उपलब्ध है।

यह राज्य का एकमात्र संस्थान है जहां विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास के लिए सारी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध है। संस्थान का संचालन अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के द्वारा किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत विभिन्न कॉर्पोरेट, संस्थानों एवं निगमों में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन का प्रधान कार्यालय गोला रोड मोड़, बेली रोड, दानापुर, पटना में स्थित है जहां विद्यार्थी विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अम्बेदकर ग्रुप द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अनेक शिक्षण संस्थानों का संचालन किया जा रहा है जहां प्लेसमेंट शत-प्रतिशत है। संस्थान में नामांकन हेतु छात्राओं को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उक्त जानकारी संस्थान के अध्यक्ष डॉ. कौशल कुमार गिरी ने दिया।

# स्वस्थ जीवन और हरित भविष्य के लिए क्लबों ने की सार्थक पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र और रोटरी क्लब ऑफ अद्विका ने सामाजिक सरोकार की उत्कृष्ट मिसाल पेश करते हुए दो प्रभावशाली कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। इनमें पहला नि:शुल्क अस्थमा स्वास्थ्य जांच शिविर और दूसरा पर्यावरण संरक्षण व पृथ्वी सुरक्षा पर केंद्रित जागरूकता अभियान रहा।

गुरुद्वारा फ्रेजर रोड परिसर में आयोजित चिकित्सा शिविर में श्वसन संबंधी बीमारियों की जांच के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ. नील भारद्वाज, डॉ. अदिति कुमारी, डॉ. आद्या सिन्हा और डॉ. जुनैद जौहर ने उपस्थित लोगों की पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) जांच की। उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा से जुड़ी अहम जानकारियां भी साझा कीं। इसके साथ ही जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। इस सेवा कार्य में गुरुद्वारा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह बग्गा और सचिव सरदार नरेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के प्रयासों को निरंतर जारी रखने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की अध्यक्ष शीतू गांधी, रोटरी क्लब ऑफ अद्विका की अध्यक्ष बबीता बिदासरिया, पीडीसी श्वेता सिन्हा, एडिटर रेखा सिंह और पूनम सिन्हा की सक्रिय सहभागिता रही।

# वोटबंदी और गुंडाराज के खिलाफ अभूतपूर्व रहा बिहार बंद

## सूबे की जनता को राजेश राम ने दिया धन्यवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया वोटबंदी और गुंडाराज के खिलाफ इंडिया गठबंधन के द्वारा आहूत बिहार बंद के अभूतपूर्व सफलता पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सूबे की जनता और सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों को धन्यवाद दिया है। बंद को अभूतपूर्व बताते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और बिहार की जनता को विशेष धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने राज्य में चुनाव आयोग के वोटबंदी और गुंडाराज से आम जनता को त्रस्त कर दिया है और इसीलिए जनता ने भी इस बंद का स्वागत कर पूरा समर्थन दिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सूबे की आम जनता ने सभी जिलों में स्वतः स्फूर्त बंद का समर्थन किया और हमारे नेता और कार्यकर्ताओं ने पूरी मुस्तैदी के साथ देश और राज्य की सोई हुई सरकार और चुनाव आयोग को जगाने का काम किया।

# राहुल गांधी पिकनिक मनाने आए थे : सम्राट चौधरी

## लोकसभा चुनाव में जब उन्हें 99 सीट मिली थी, उनको लगा था कि पूरा देश जीत लिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने आए कांग्रेस नेता राहुल पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिकनिक मनाने आए थे। बिहार की समस्याओं से उन्हें कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का बिहार के विकास में कोई योगदान नहीं है। ये पिकनिक मनाने वाले नेता हैं, आते हैं और जाते हैं। हालांकि उन्होंने बिहार में अच्छी प्रगति को देखा होगा। पटना हवाई अड्डा वो देखे होंगे, जो बहुत अच्छा बन गया है। सम्राट चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जब उन्हें 99 सीट मिली थी, तब राहुल गांधी को लगा था कि पूरा देश जीत लिया। यह लोकतंत्र है जहां वोट लेना पड़ता है, जनता का आशीर्वाद चाहिए। यह राजतंत्र नहीं है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार का राजतंत्र समाप्त हो चुका है, यह जनता का लोकतंत्र है और जनता तय करेगी। इधर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पटना साहेब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्षी दलों के प्रदर्शन पर कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव सड़कों पर उतरे। यह उनका अधिकार है। लेकिन सवाल है कि इस देश में एमपी, एमएलए वही बनाता है जो भारत का नागरिक हो और 18 साल की उम्र से ज्यादा का हो। जहां से वह वोट देता है, वहां का वह रहने वाला हो। कोई पटना से सांसद है तो दिल्ली में वोट नहीं दे सकता है। अगर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य हो रहा है तो उन्हें क्या परेशानी है जबकि स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मतदाता सूची की एक व्यवस्था चली आ रही है। ये लोग निर्वाचन आयोग को चुनौती दे रहे हैं।

## संपादकीय

# लाचार हालत में राज्य की कानून व्यवस्था

आखिरकर कारोबारी की हत्या करने वाला बिल्डर को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पर बीते दो-तीन दिनों में हत्या की कई घटनाओं ने एक बार फिर मौजूदा सरकार के उन दावों को आईना दिखाया है, जिसमें वह अपनी सबसे बड़ी ताकत सुशासन और अपराध पर काबू करने को बताती रही है। विडंबना यह है कि जघन्य अपराधों के बढ़ते ग्राफ के बावजूद सरकार सब कुछ अच्छा होने के प्रचार पर जोर देती रही और दूसरी ओर जमीन पर हालत और बिगड़ती चली गई है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शुक्रवार देर रात पटना के केंद्र में स्थित बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में शहर के एक कारोबारी की गोली मार कर हत्या कर दी गई और हत्यारा आराम से फरार भी हो गया। हत्या की घटना जिस जगह हुई, वहां से जिलाधिकारी का आवास और पुलिस थाना काफी नजदीक है। गौरतलब है कि पटना में जिस कारोबारी की हत्या की गई, करीब छह वर्ष पहले उनके बेटे को भी अपराधियों ने मार डाला था। एक अन्य घटना में शुक्रवार को ही राज्य के सीवान जिले के मलमलिया चौक पर अपराधियों ने सरेआम पांच लोगों को तलवार से काट डाला, जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो बुरी तरह घायल हो गए। ऐसा लगता है कि राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह लाचार हालत में है, अपराधी बेखौफ हैं और सरकार के हाथ में शायद कुछ भी नहीं रह गया है। वरना क्या वजह है कि जघन्य अपराध एक तरह से राज्य में आम होते जा रहे हैं और पुलिस या कानून का डर कहीं नहीं दिखता है। राज्य में हत्या की घटनाओं और इनकी प्रकृति को देखते हुए स्वाभाविक ही ये सवाल उठेंगे कि ऐसे में आम लोग अपनी सुरक्षा को लेकर क्या सोचें। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार जितने वर्षों से सत्ता पर काबिज है, उतने में अब वह यह भी सफाई देने की हालत में नहीं है कि उसके कामकाज पर अतीत की छाया है। यह एक तरह से अपनी नाकामी को स्वीकार करने जैसा होगा। इसके बावजूद राज्य में अपराधों की तस्वीर पर जब भी सवाल उठते हैं, तो सरकार में शामिल दल अतीत के कथित 'जंगल राज' की याद दिलाने लगते हैं। यह पूछा जाना चाहिए कि मौजूदा दौर में राज्य में जघन्य आपराधिक घटनाओं की जो हालत है, अपराधी बेलगाम दिखते हैं, तो इसे किस तरह के राज के रूप में देखा जाएगा!

# ठाकरे भाइयों के मिलन से मुश्किल में कांग्रेस, क्या महाविकास अघाड़ी के बीच सबकुछ ठीक नहीं

**ऐसे में पार्टी वैसे भी आक्रामक हिंदी विरोधी रुख नहीं अपना सकती थी। पार्टी के एक नेता ने कहा, ठाकरे केवल बीएमसी चुनावों पर नज़र रख रहे हैं और हम बीएमसी चुनावों में अकेले जाना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए कभी किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, ठाकरे ने बीएमसी में सत्ता बरकरार रखने के लिए यह सब किया है। हमारे विधायकों में यह भावना है कि हमें अकेले ही चुनाव (बीएमसी चुनाव में) लड़ना चाहिए। हमारे पास जो भी जगह है, हम उसे नहीं छोड़ सकते।**

**(मनोज सीजी)**



महाराष्ट्र में 20 साल बाद मराठी भाषा विवाद मुद्दे पर ठाकरे भाई साथ आए। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एनएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने संयुक्त रूप से महाराष्ट्र में एक 'विजयी सभा' को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में एनसीपी (शरद पवार) को भी निमंत्रण मिला था लेकिन उसका कोई भी नेता मंच पर नहीं था। कांग्रेस को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन कांग्रेस का कोई नेता इसमें शामिल नहीं हुआ। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उन्हें पूरे मन से आमंत्रित नहीं किया गया था। वहीं कई कांग्रेसी नेता मानते हैं कि इस मामले पर दिल्ली और प्रदेश कांग्रेस के बीच कम्युनिकेशन की कमी थी।

**राज ठाकरे का कट्टर हिंदुत्व कांग्रेस के लिए सही नहीं**

कांग्रेस द्वारा ठाकरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने से बचने के कई कारण हैं, जिनमें कुछ महीनों में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से लेकर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव शामिल हैं। राज ठाकरे राज्य की राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिए अक्सर कट्टर हिंदुत्व का रुख अपनाते आए हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि ठाकरे भाईयों के दोबारा मिलने (मराठी पहले और हिंदी विरोधी थोपने आंदोलन से प्रेरित) का सीमित प्रभाव होगा, जो मुख्य रूप से मुंबई और बीएमसी चुनावों तक ही सीमित रहेगा। कांग्रेस ऐसी पृष्ठभूमि में उनके साथ जगह साझा करते हुए नहीं दिखना चाहती थी, लेकिन वह उद्धव को नाराज करने का जोखिम भी नहीं उठा सकती।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, यह आधे-अधूरे मन से दिया गया निमंत्रण था। हमारे नेताओं को आमंत्रित किया गया था। एनसीपी इस कार्यक्रम में गई थी, लेकिन उनका अपमान किया गया, उनके नेताओं को मंच पर भी नहीं बुलाया गया। ठाकरे मराठी आंदोलन का सारा श्रेय लेना चाहते थे। यह अच्छी बात है कि हम नहीं गए, क्योंकि कांग्रेस हिंदी विरोधी आंदोलन का हिस्सा नहीं थी। अजीबोगरीब बयानों के बावजूद, हमारे नेताओं ने इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से नहीं लिया, क्योंकि वे दिल्ली (पार्टी नेतृत्व) के निर्देश के बारे में स्पष्ट नहीं थे।

**कांग्रेस ने बीएमसी चुनावों के लिए कभी नहीं किया गठबंधन**

कांग्रेस एक अखिल भारतीय पार्टी है और चुनावी राज्य बिहार सहित हिंदी पट्टी में अपने प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। ऐसे में पार्टी वैसे भी आक्रामक हिंदी विरोधी रुख नहीं अपना सकती थी। पार्टी के एक नेता ने कहा, ठाकरे केवल बीएमसी चुनावों पर नज़र रख रहे हैं और हम बीएमसी चुनावों में अकेले जाना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए कभी किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है।

नेतृत्व में कम्युनिकेशन की कमी: कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, ठाकरे ने बीएमसी में सत्ता बरकरार रखने के लिए यह सब किया है। हमारे विधायकों में यह भावना है कि हमें अकेले ही चुनाव (बीएमसी चुनाव में) लड़ना चाहिए। हमारे पास जो भी जगह है, हम उसे नहीं छोड़ सकते। जब हम गठबंधन करते हैं (उद्धव सेना के साथ), तो अल्पसंख्यक वोट बैंक भाजपा उम्मीदवारों को हराने के लिए शिवसेना की ओर चला जाता है, लेकिन शिवसेना का वोट हमें नहीं मिलता। यह एक पेचीदा स्थिति है। वैसे भी मुंबई में कांग्रेस का कोई खास जनाधार नहीं है। हम न तो मराठी मानुष (भूमिपुत्र) के साथ हैं और न ही गुजरातियों के साथ। हमारा जनाधार केवल अल्पसंख्यकों के बीच है, जो कुछ जगहों पर सपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवारों के बीच है। उत्तर भारतीयों के बीच हमारा थोड़ा सा जनाधार है, जो राज के साथ दिखने पर खत्म हो जाएगा। कांग्रेस के लिए अब ज्यादा वोट बैंक नहीं बचा है। हम पूरी तरह से भ्रमित हैं।

कांग्रेस एक अखिल भारतीय पार्टी है और चुनावी राज्य बिहार सहित हिंदी पट्टी में अपने प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। ऐसे में पार्टी वैसे भी आक्रामक हिंदी विरोधी रुख नहीं अपना सकती थी। पार्टी के एक नेता ने कहा, ठाकरे केवल बीएमसी चुनावों पर नज़र रख रहे हैं और हम बीएमसी चुनावों में अकेले जाना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए कभी किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, ठाकरे ने बीएमसी में सत्ता बरकरार रखने के लिए यह सब किया है। हमारे विधायकों में यह भावना है कि हमें अकेले ही चुनाव (बीएमसी चुनाव में) लड़ना चाहिए। हमारे पास जो भी जगह है, हम उसे नहीं छोड़ सकते। जब हम गठबंधन करते हैं (उद्धव सेना के साथ), तो अल्पसंख्यक वोट बैंक भाजपा उम्मीदवारों को हराने के लिए शिवसेना की ओर चला जाता है, लेकिन शिवसेना का वोट हमें नहीं मिलता। यह एक पेचीदा स्थिति है। वैसे भी मुंबई में कांग्रेस का कोई खास जनाधार नहीं है। हम न तो मराठी मानुष (भूमिपुत्र) के साथ हैं और न ही गुजरातियों के साथ। हमारा जनाधार केवल अल्पसंख्यकों के बीच है, जो कुछ जगहों पर सपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवारों के बीच है। उत्तर भारतीयों के बीच हमारा थोड़ा सा जनाधार है, जो राज के साथ दिखने पर खत्म हो जाएगा। कांग्रेस के लिए अब ज्यादा वोट बैंक नहीं बचा है। हम पूरी तरह से भ्रमित हैं।

कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग पार्टी के हालात से नाखुश है। एक नेता ने कहा, यहां कोई भी पहल नहीं कर रहा है, क्योंकि छोटे से छोटे कार्यक्रम के लिए भी दिल्ली से अनुमति लेनी पड़ती है। महाराष्ट्र पार्टी नेतृत्व को यह समझ में नहीं आ रहा था कि हमें हिंदी विरोधी रुख अपनाना चाहिए या नहीं। इसलिए वे बीच में आ गए। मुद्दा मराठी का नहीं, बल्कि हिंदी थोपने का था। अगर हिंदी को कक्षा 1 से थोपा गया तो मराठी को नुकसान होगा। यही तर्क है।

पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, हमने भी (हिंदी थोपने के विवाद पर) बात की, लेकिन मनसे और सेना (यूबीटी) ने आक्रामक रुख अपनाया, लोगों की पिटाई की और सब कुछ किया। उन्होंने इसे बहुत स्पष्ट कर दिया क्योंकि मीडिया को केवल ऐसी कहानियां पसंद हैं। कांग्रेस अलग-थलग रही। कांग्रेस के साथ एक समस्या यह है कि दिल्ली उन्हें जय हिंद यात्रा, संविधान सम्मान सम्मेलन आदि आयोजित करने के लिए निर्देशित कर रही है, जिनमें केवल कट्टर कांग्रेसी लोग ही शामिल होते हैं। हमें कृषि मूल्य, कानून और व्यवस्था, भ्रष्टाचार या यहां तक कि मराठी भाषा जैसे लोगों के मुद्दों को उठाना चाहिए। हमें सड़कों पर होना चाहिए था, जरूरी नहीं कि ठाकरे के नेतृत्व में।

**बिहार चुनाव के कारण मुश्किल में कांग्रेस**

बिहार चुनाव ने कांग्रेस की दुविधा को बढ़ा दिया है। एक नेता ने कहा, हमें हिंदी पर स्पष्ट और सटीक दिशा-निर्देश की आवश्यकता थी। हम आंदोलन में खुलकर शामिल नहीं हो सकते थे क्योंकि इससे हिंदी विरोधी संदेश जाता। यह धर्मनिरपेक्षता की बहस की तरह है, हम धर्मनिरपेक्षता की बहुत बात करते हैं, हमें मुस्लिम समर्थक के रूप में देखा जाता है। इसमें हाईकमान की ओर से कोई दिशा-निर्देश नहीं था। हम कह सकते हैं कि मराठी की कीमत पर हिंदी नहीं थोपी जानी चाहिए, लेकिन लोगों की पिटाई करना हास्यास्पद है। कांग्रेस को यह रुख अपनाना चाहिए कि हम यह सब स्वीकार नहीं कर सकते। व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है। पीसीसी अध्यक्ष और मुंबई कांग्रेस प्रमुख दोनों ही राजनीतिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन पिछले हफ्ते जो हुआ, उसे देखिए- एआईसीसी प्रभारी रमेश चेन्निथला ने राज्य के सभी शीर्ष नेताओं को बैठक के लिए दिल्ली बुलाया, वे सभी राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने की उम्मीद में गए थे, लेकिन वे वहां नहीं थे। बैठक उस दिन बुलाई गई, जिस दिन राज्य विधानसभा का सत्र शुरू हुआ था। आप सत्र के पहले दिन एजेंडा तय करते हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, अपने मुद्दे बताते हैं,और उस दिन हमारे सभी नेता दिल्ली में थे। चेन्निथला मुंबई आकर बैठक कर सकते थे। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व अपने सहयोगी उद्धव को भी नाराज नहीं कर सकता। इंडिया ब्लॉक पहले से ही टूटा है। कांग्रेस एमवीए को बरकरार रखने की इच्छुक है, भले ही बीएमसी चुनावों के लिए नहीं लेकिन भविष्य के लिए गठबंधन को बनाए रखना चाहती है।

# एनटायर नोबल

**त नोबल की है तो सुनें। मोदी जी को भले ही अंग्रेजी नहीं आती और आपके सामने उनकी बोलती बंद हो जाती है लेकिन आदमी काम के हैं। हमने नेहरू, इंदिरा को किसी राष्ट्र का सर्वोच्च सम्मान मिलते नहीं सुना लेकिन मोदी जी को अब तक फिलिप्स कोटलर सम्मान तथा सूरीनाम, मरीशस, पापुआ न्यू गिनी, फीजी, बुर्किना फासो, क्रोएशिया, साइप्रस जैसे दुनिया के 21 बड़े बड़े और शक्तिशाली देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान दिए हैं।**

**(रमेश जोशी)**

हैलो मिस्टर ट्रम्प,

कैसे हैं शुरू करने से पहले हम कई देर सोचते रहे। कई संबोधन ध्यान में आए लेकिन अंत में हमने 'मिस्टर' को ही सुरक्षित पाया। मोदी जी आपको क्या संबोधन करते हैं, पता नहीं। पहले तो 'माई फ्रेंड ट्रम्प' कहा करते थे। ओबामा को तो वे 'बराक' कह कर संबोधित करते हैं।

पहले तो हमने सोचा कि जब कभी आप हमें डिनर के लिए बुलाने के लिए फोन करेंगे तो 35 मिनट बात करेंगे और तभी आपसे अगले शांति के नोबल के बारे में भी कुछ बात कर लेंगे। लेकिन आपकी बेचैनी और निराशा को देखते हुए हमें लगा कि हालत गंभीर है, तत्काल सलाह और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। आपका फोन नंबर था नहीं सो पत्र लिख रहे हैं। फोन नंबर तो हमारे पास मोदी जी का भी नहीं है। वैसे हमें पता है कि सुनने वाले न तो आप है और न मोदी जी। आप दोनों भगवान की नहीं सुनते तो हम तो केन्द्रीय विद्यालय के एक सामान्य रिटायर्ड मास्टर हैं जिनसे मोदी जी ने 'सरकारी' तक का दर्जा छीनकर आठवें पे कमीशन से बाहर कर दिया है। खैर, आपको इससे क्या मतलब आप तो खुद प्रवासियों को धक्के मारने में लगे हुए हैं।

बात नोबल की है तो सुनें। मोदी जी को भले ही अंग्रेजी नहीं आती और आपके सामने उनकी बोलती बंद हो जाती है लेकिन आदमी काम के हैं। हमने नेहरू, इंदिरा को किसी राष्ट्र का सर्वोच्च सम्मान मिलते नहीं सुना लेकिन मोदी जी को अब तक फिलिप्स कोटलर सम्मान तथा सूरीनाम, मरीशस, पापुआ न्यू गिनी, फीजी, बुर्किना फासो, क्रोएशिया, साइप्रस जैसे दुनिया के 21 बड़े बड़े और शक्तिशाली देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान दिए हैं। कोई तो बात होगी मोदी जी में वरना आपको अब तक हमारा 'बरामद रत्न सम्मान' तक नहीं मिला। इसलिए रोज 'मैंने युद्ध विराम करवाया' कह-कहकर मोदी जी की भद्द पीटना छोड़कर उनसे सम्मान प्राप्ति के कुछ टिप्स लीजिए। सब कुछ संभव है।

1939 में हिटलर का नाम भी नोबल के लिए प्रस्तावित हुआ था। हमारे यहाँ मस्जिद गिरवाने और मुसलमानों के प्रति आग उगलने वालों को देश के विशिष्ट पद्म सम्मान दिए गए हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 74वीं पुण्य तिथि पर रविवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हिन्दू महासभा ने नाथूराम गोडसे और नारायण ऑप्टे के नाम स्थापित पहला 'गोडसे-ऑप्टे भारत रत्न' गाँधी को गाली देने वाले संदिग्ध और तथाकथित संत कालीचरण को जा सकता है कोई कानूनी कार्यवाही नहीं होती तो आपको नोबल मिलने के भी कई रास्ते हो सकते हैं। वैसे 'बरामदा रत्न' तो आप जब कहें हाजिर है। हम और तोताराम दोनों ही हैं उसकी चयन समिति में। तोताराम को मुनीर की तरह डिनर करवाने की भी जरूरत नहीं, चाय में ही मान जाएगा। पुरस्कार लेने के लिए अगर आप न आ सकें हम दोनों आ जाएंगे। हाँ, टिकट आप बनवाएंगे लेकिन अहमदाबाद से किसी एयर इंडिया के प्लेन की न बनवाएं। और अगर इस फ्लाइट के अलावा कोई रास्ता न हो तो सीट 11 ए वाली दिलवाइएगा जो बच पाने की संभावना बची रहे।

वैसे एक और मनोवैज्ञानिक तरीका है। हमारे यहाँ अगर कोई सेना में न जा सके या सेना में किसी बड़े पद पर नहीं पहुँच सके तो वह अपने बेटे का नाम कप्तान सिंह, मेजर सिंह आदि रख लेता है। हमारे एक परिचित हैं। कभी बीबीसी में थे। उनके पिताजी ने तो आजादी से पहले ही उनका नाम पद्म श्री क्या सीधे ही भरत रत्न रख लिया था।

कहें तो 'न्यू इंडिया' की तरह कोई 'न्यू नोबल' स्थापित करवा देते हैं और पहला आपको ही दिलवा देते हैं।और फिर शांति तो शांति है। क्या जरूरी है दो देशों के बीच ही हो। हम तो कहते हैं कि अगर कोई लड़ रहे गली के कुत्तों के दो झुंडों को भी पत्थर मारकर भाग देता है तो उसे शांति का नोबल दिया जा सकता है।आपने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा है कि मैं चाहे कुछ भी कर लूँ मुझे नोबल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। दिल छोटा न करें। नोबल कौन बड़ी चीज है। गाँधी को ही कौनसा नोबल मिला था। आप भी अपने तरीके से कौन कम हैं।

हमारे पास और भी कई योजनाएं हैं आपको नोबल दिलवाने की। हम इस बारे में नोबल क्या 'एनटायर नोबल' दिलवाने के लिए मोदी जी से बात कर सकते हैं

# वोटकटवा तोहमत से बचने का पॉलिटिकल मोशन

**वक़्फ़ कानून के पक्ष में मतदान करने के बाद जीडीयू के खिलाफ मुसलमानों में आक्रोश स्वाभाविक है. राजद के तेजस्वी यादव वक़्फ़ कानून के खिलाफ आक्रामक राजनीति कर रहे हैं. वह यहां तक कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो नए कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे. यह अलग बात है, कि राज्य सरकार को वक़्फ़ कानून में कोई भी बदलाव करने का अधिकार नहीं है. फिर भी राजनीति में तो तो विभाजन बढ़ाकर वोट बैंक को जो जोड़ सकता है, वह बोलने में कोई गुरेज नहीं होता, भले ही हो वह संवैधानिक हो या असंवैधानिक। इमारतें शरिया द्वारा पटना के गांधी मैदान में आयोजित वक़्फ़ कानून विरोधी जलसे में तेजस्वी यादव के वक्तव्य को लेकर शरिया संविधान लागू करने तक के आरोप लगाए जा रहे हैं. उनके समाजवाद को नमाजवाद निरूपित किया जा रहा है.**

**(सरयूसुत मिश्रा)**

बिहार में सेक्युलर वोट नहीं बंटे इसीलिए एआइएमआइएम राजद और कांग्रेस के महागठबंधन में शामिल होना चाहती है. इसके लिए बाकायदा महागठबंधन के दलों को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी की ओर से पत्र लिखे गए है..!!

गठबंधन में आने के लिए मूलभूत आधार यह बताया गया है, कि राज्य में विधानसभा चुनाव में सेक्युलर वोटो का विभाजन न हो, इसलिए अगर हम सब मिलकर लड़ेंगे, तो बीजेपी के गठबंधन को हराया जा सकता है. गठबंधन होगा या नहीं होगा, इसमें बहुत सारे राजनीतिक पेंच हैं. लेकिन इस पहल ने यह बात तो साबित ही कर दी, कि महागठबंधन के राजनीतिक दल एंटी हिंदू राजनीति करते हैं. जो मतदाता उनके गठबंधन को वोट नहीं करते, उन्हें वह सेक्युलर नहीं मानते हैं. उनके अनुसार सेक्युलर होने का मतलब एंटी हिंदू होना है।

जहां तक ओवैसी का सवाल है, पिछले विधानसभा चुनाव में सीमांचल में उन्होंने पांच विधानसभा सीटें जीती थीं. इनमें से चार विधायकों को तोड़कर आरजेडी ने अपने साथ मिला लिया था. वर्तमान में उनके पास एक ही विधायक है. मुसलमानों से जुड़े मुद्दे की आक्रामक राजनीति के कारण ओवैसी ने अपनी पहुंच देश के मुसलमानों तक पहुंचाने में कुछ हद तक सफलता हासिल की है. उन्हें कांग्रेस और अन्य कुछ सेक्युलर दल बीजेपी की बी टीम भी मानते रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सांसदों के विदेश गए प्रतिनिधिमंडल में ओवैसी ने जिस तरह से पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रूप से बातें रखीं, उससे मुस्लिम कट्टरता की उनकी देसी छवि टूटी है. उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा गया है. निश्चित रूप से उनका यह स्टैंड बीजेपी के लिए सुविधाजनक रहा है. अब जहां तक बिहार में चुनाव का प्रश्न है, ओवैसी की पार्टी चुनाव तो लड़ेगी, यह भी लगभग सुनिश्चित ही माना जा रहा है, कि महागठबंधन में उनको शामिल नहीं किया जाएगा।

राजनीतिक विश्लेषक ओबीसी के इस मूव को मुस्लिम वोटकटवा के तोहमत से बचने का प्रयास मान रहे हैं. उनके पत्र के बाद राजद की तरफ से जो प्रतिक्रिया आई है, उसमें यह कहा गया



है, कि सेक्युलर वोट अगर वह विभाजित नहीं करना चाहते तो फिर उन्हें चुनाव लड़ने से दूर रहकर महागठबंधन का समर्थन करना चाहिए. किसी भी राजनीतिक दल को चुनाव से दूर रहने की बात करना राजनीतिक नहीं कहीं जा सकती. इससे यह संकेत जरूर मिल रहा है, कि ओवैसी की पार्टी का महागठबंधन के साथ शामिल होना मुश्किल है. वैसे ही महागठबंधन सीटों के बंटवारों को लेकर माथापच्ची कर रहा है. कांग्रेस और राजद के बीच सीटों को लेकर विवाद की स्थिति है। वक़्फ़ कानून के पक्ष में मतदान करने के बाद जीडीयू के खिलाफ मुसलमानों में आक्रोश स्वाभाविक है. राजद के तेजस्वी यादव वक़्फ़ कानून के खिलाफ आक्रामक राजनीति कर रहे हैं. वह यहां तक कह रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो नए कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे. यह अलग बात है, कि राज्य सरकार को वक़्फ़ कानून में कोई भी बदलाव करने का अधिकार नहीं है. फिर भी राजनीति में तो तो विभाजन बढ़ाकर वोट बैंक को जो जोड़ सकता है, वह बोलने में कोई गुरेज नहीं होता, भले ही हो वह संवैधानिक हो या असंवैधानिक।

इमारतें शरिया द्वारा पटना के गांधी मैदान में आयोजित वक़्फ़ कानून विरोधी जलसे में तेजस्वी यादव के वक्तव्य को लेकर शरिया संविधान लागू करने तक के आरोप लगाए जा रहे हैं. उनके समाजवाद को नमाजवाद निरूपित किया जा रहा है. आरजेडी को ऐसा लगता है, कि मुस्लिम मतदाताओं के सामने महागठबंधन के पक्ष में मतदान के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

जेडीयू ने वक़्फ़ कानून का समर्थन सोच समझ कर किया है. मुसलमानों में अमीर-गरीब का विभाजन और गरीबों को वक़्फ़ संपत्तियों से दूर रखने के षड्यंत्र के खिलाफ आया यह कानून गरीब मुसलमान को जेडीयू के साथ जोड़े रख सकता है. बिहार में पसमांदा मुसलमानों की भी काफी संख्या है. अगर मेरिट के आधार पर वक़्फ़ कानून पर मुस्लिम समाज में विचार किया गया तो फिर गरीब मुसलमान का समर्थन जेडीयू के साथ जा सकता है।अ ाम आदमी पार्टी ने भी बिहार में चुनाव लड़ने की घोषणा की है. वह भी अपने को सेक्युलर ही बताती है. दिल्ली में उन्हें मुस्लिम समर्थन मिलता रहा है. कांग्रेस के साथ उनके रिश्ते दिल्ली चुनाव से तनावपूर्ण हो गए हैं. आम आदमी पार्टी ने राजनीति में जो कुछ भी हासिल किया है, वह सब कांग्रेस के जनाधार में ही सेंध लगाकर की है. चाहे दिल्ली में हो चाहे पंजाब में हो, यहां तक की गुजरात में भी आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव के कारण कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा था. अब बिहार में भी आम आदमी पार्टी अगर चुनाव मैदान में उतरती है, तो निश्चित रूप से इसका नुकसान महागठबंधन को ही होगा. भले ही आप चुनाव जीतने की स्थिति में न पहुंचे, लेकिन कांग्रेस और राजद के महागठबंधन को नुकसान जरूर पहुंचा सकती है।

बिहार में राजनीति का सेक्युलर धड़ा मुस्लिम वोट बैंक को अपनी तरफ खींचने में लगा हुआ है. मुस्लिम वोटो के ध्रुवीकरण के लिए वक़्फ़ कानून के विरोध का सहारा लिया जा रहा है. यहां तक कि वोट बैंक को खुश करने के लिए असंवैधानिक बयानबाजी भी की जा रही है। ओवैसी की पार्टी पिछले चुनाव में पांच सीटें जीतने में सफल रही थी, तो निश्चित रूप से वह कांग्रेस पार्टी से कम सीटें महागठबंधन से नहीं चाहेगी. पिछले चुनाव में राजद का विनिंग रेशियो बेहतर था. कांग्रेस की जीत का रेशियो बहुत कम रहा. इसीलिए महागठबंधन बहुमत से दूर हो गया था. आरजेडी इस स्थिति में नहीं है, कि वह एआइएमआइएम को इतनी ज्यादा सीटें ऑफर कर सके. ओवैसी चुनाव लड़ेंगे तो उन्हें बीजेपी की बी टीम के रूप में तोहमत न दी जा सके, इसीलिए उन्होंने महागठबंधन में शामिल होने के लिए पहल की है और पत्र लिखा है।

यह प्योरली पॉलिटिक्स है, वह मुसलमानों को भी मैसेज देना चाहते हैं कि वह मुस्लिम वोटो में विभाजन नहीं चाहते हैं. इसीलिए अपनी तरफ से महागठबंधन को प्रस्ताव दिया, लेकिन फिर भी महागठबंधन ने उनको दरकिनार कर दिया. मजबूरी में उनकी पार्टी को चुनाव लड़ना पड़ रहा है। मुस्लिम वोट बैंक के लिए राजनीतिक दांव किसी के भी कुछ भी हो लेकिन इसके लिए संविधान को दाव पर नहीं लगाया जा सकता. एनडीए के मतदाताओं को एंटी हिंदू मानना ना केवल उनकी अवमानना है, बल्कि यह संविधान का भी अपमान है. कम्युनल स्क्रिप्ट पर खड़ा राजनीति का सेक्युलर फिक्शन काउंटर ध्रुवीकरण बढ़ा रहा है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)।

# एक लाख के 6 करोड़ बनाने वाला शेयर

## 5 रुपये से कम के इस मल्टीबैगर में मचाई धूम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टॉक मार्केट में कई शेयर मल्टीबैगर बने हुए हैं। इन्होंने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। ऐसे ही एक शेयर ने अपने निवेशकों के ऊपर पैसों की बारिश कर दी है। इस शेयर का नाम आरआईआर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड है। इसने लॉन्ग टर्म में निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। इसके रिटर्न का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसने एक लाख रुपये को 6 करोड़ रुपये से ज्यादा में बदल दिया है।



बुधवार को आरआईआर का शेयर तेजी के साथ खुला, लेकिन बाद में इसमें गिरावट आ गई। सुबह 11:30 बजे यह शेयर 1.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2694 रुपये पर कारोबार कर रहा था। हालांकि इस दौरान भी इसमें उतार-चढ़ाव बना हुआ था। रिटर्न के मामले में इस शेयर का यह साल बहुत खराब रहा है, लेकिन पिछला रेकॉर्ड देखें तो यह शानदार रहा है। एक साल या इससे ज्यादा के समय में इसने निवेशकों की जेबें भर दी हैं।

इस शेयर ने रिटर्न के मामले में इस साल निवेशकों को निराश किया है। 1 जनवरी 2025 को इसकी कीमत करीब 3019 रुपये थी। अब 2694 रुपये है। ऐसे में देखा जाए तो यह शेयर इस साल 10 फीसदी से भी ज्यादा गिर गया है। यानी इस साल इस शेयर में निवेश करने वालों को अभी तक निराशा ही हाथ लगी है। इसने एक और 5 साल के निवेश पर निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। एक साल में इस शेयर में 40 फीसदी से ज्यादा उछाल आया है। वहीं बात अगर 5 साल की करें तो इसका रिटर्न करीब 8800 फीसदी रहा है। यानी 5 साल में इस शेयर ने एक लाख रुपये को 89 लाख रुपये में बदल दिया है। एक लाख रुपये के निवेश पर सीधे 88 लाख रुपये से ज्यादा का फायदा।

### एक लाख के बना दिए 6 करोड़ से ज्यादा

अगर हम कुछ और लॉन्ग टर्म पर जाएं तो इसने एक लाख रुपये को 6 करोड़ रुपये से ज्यादा में बदल दिया है। 19 साल पहले इसकी कीमत 4.20 रुपये थी। अब यह शेयर 2694 रुपये पर कारोबार कर रहा है। ऐसे में देखा जाए तो इसने निवेशकों को इतने समय में 64000 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। अगर आपने 19 साल पहले इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो उनकी वैल्यू 6.40 करोड़ रुपये होती। यानी एक लाख रुपये के निवेश पर 19 साल में इसने 6 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा दिया है।

### क्या करती है कंपनी

आरआईआर पावर कंपनी सेमीकंडक्टर सेक्टर में काम करती है। कंपनी कई तरह की सेमीकंडक्टर डिवाइस, सेमीकंडक्टर मॉड्यूल आदि बनाती है। कंपनी का मार्केट कैप 1,513.57 करोड़ रुपये है। बीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक कंपनी का मार्केट कैप करीब 2056 करोड़ रुपये है।

# मानसून से पहले म्यूचुअल फंड बाजार में खूब बरसा पैसा

## निवेशकों ने किन फंड्स पर प्यार लुटाया

**मुंबई, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए एक अच्छी खबर है! जून के महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में खूब पैसा आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, यह निवेश इसी साल के मई के मुकाबले 24 प्रतिशत बढ़कर 23,587 करोड़ रुपये हो गया है। बीते मई में यह आंकड़ा 19,013 करोड़ रुपये था।




**निवेशकों की पहली पसंद कौन से फंड-** बीते जून महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड के 11 अलग-अलग प्रकारों में से, श्वस्स् को छोड़कर बाकी सभी में जून में निवेश बढ़ा है। फ्लेक्सी कैप फंड निवेशकों की पहली पसंद बने हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 5,733 करोड़ रुपये का निवेश आया है। मई 2025 में यह 3,841 करोड़ रुपये था। यानी कि एक महीने में 49 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

छोटे और मध्यम आकार की कंपनियों वाले फंड्स, जिन्हें स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंड कहा जाता है, में भी अच्छा निवेश हुआ है। बीते जून महीने के दौरान स्मॉल-कैप फंड में 4,024 करोड़ रुपये और मिड-कैप फंड में 3,754 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इनमें क्रमशः 25 प्रतिशत और 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**श्वस्स् से निकाल रहे हैं पैसा-** इनकम टैक्स एक्ट में बदलाव के बाद इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम यानी ईएलएसएस का क्रेज अब कम हो रहा है। बीता महीना लगातार तीसरा ऐसा महीना रहा जबकि श्वस्स्, यानी टैक्स बचाने वाले म्यूचुअल फंड से लोग अपना पैसा निकाल रहे हैं। जून 2025 के दौरान इस फंड से 556 करोड़ रुपये निकाले गए।

# भारत ने खोले अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहयोग के द्वार, समुद्री क्षेत्र में की जाएगी तेल-गैस की खोज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए समुद्र के भीतर 2.5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में तेल व गैस की खोज व उत्पादन का अभियान शुरू किया है। इस रणनीतिक परियोजना के लिए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहयोग के द्वार खोले हैं और कई देशों के साथ साझेदारी पर बातचीत जारी है।



पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पुष्टि की है कि यह परियोजना भारतीय समुद्री सीमा के पूर्वी व पश्चिमी अपतटीय क्षेत्रों में डीपवॉटर हाइड्रोकार्बन खोज के रूप में शुरू की जा रही है। यह क्षेत्र अरब सागर और बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है और वैज्ञानिक सर्वेक्षणों से यहां तेल व प्राकृतिक गैस की संभावनाएं उजागर हुई हैं। डीपवाटर का मतलब समुद्र की वह गहराई जहां पारंपरिक कम गहराई वाले क्षेत्रों से आगे जाकर तेल-गैस की खोज होती है। यह कार्य 500 मीटर से अधिक गहरे क्षेत्रों में किया जाता है। परियोजना के अंतर्गत ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) व ऑयल इंडिया जैसी सरकारी कंपनियां मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

# सब्जियों की कीमत घटने से शाकाहारी थाली एक साल में 8 प्रतिशत सस्ती, टमाटर का भाव 24 फीसदी गिरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट आने से घर में बन रही शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत जून में सालाना आधार पर घट गई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली 8 फीसदी और मांसाहारी थाली 6 फीसदी सस्ती हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत इस साल जून में 27.1 रुपये रही, जो पिछले साल जून में 29.4 रुपये की थी। हालांकि, इस साल मई के 26.2 रुपये की तुलना में यह महंगी हो गई है। इसी तरह, मांसाहारी थाली इस साल जून में 54.8 रुपये की रही, जो पिछले साल इसी महीने में 58 रुपये की थी। हालांकि, यह भी मई के 52.6 रुपये की तुलना में महंगी हो गई है।



**टमाटर का भाव 24 प्रतिशत गिरा-** टमाटर एक साल में 42 रुपये से 24 फीसदी गिरकर 32 रुपये किलो हो गया है लेकिन मासिक आधार पर 36 फीसदी महंगा है, क्योंकि आवक में आठ फीसदी की भारी कमी आई है। सालाना आधार पर प्याज 27 व आलू 20 फीसदी सस्ता हुआ है। हालांकि, मासिक आधार पर आलू चार फीसदी महंगा हुआ, जबकि प्याज का भाव स्थिर रहा। मांसाहारी थाली की कीमत में 50 फीसदी का योगदान देनेवाले चिकन का भाव भी तीन फीसदी गिरा है। अनुमान है कि ब्रॉयलर की कीमतों में महीने दर महीने 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे नॉनवेज थाली की लागत में वृद्धि हुई है।

# सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में मजबूती व स्थिरता बढ़ी, पोर्टफोलियो बैलेंस 2.9 लाख करोड़ रुपये हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** देश के अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों (सहकारी बैंकिंग क्षेत्र ) का कुल पोर्टफोलियों बैलेंस मार्च 2025 तक 2.9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें मार्च 2020 की तुलना में यानी बीते पांच वर्षों में 1.8 गुना वृद्धि हुई है। नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमें कॉरपोरेशन (एनयूसीएफडीसी) और ट्रांसयूनियन सिबिल (सिबिल) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।




**डिजिटलिकरण ने डाला असर -** इसमें कहा गया कि बैलेंस पोर्टफोलियो बढ़ने की मुख्य वजह कई उत्पाद कैटेगरी में दोहरे अंकों में वृद्धि साथ ही ऋण की बढ़ती मांग और विस्तृत बाजारों में पहुंच है। देश में डिजिटलिकरण होने की वजह से इन बैंकों के कामकाज में भी बदलाव आया है, जिसमें तकनीक आधारित बदलाव की वजह से नया ग्राहक वर्ग भी बैंकों से जुड़ रहा है।

**2030 तक बैंकिंग क्षेत्र में 11.5 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान -** रिपोर्ट के अनुसार भारत के 1,472 अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक देश की अगली वित्तीय वृद्धि में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। विशेषकर यह बैंक छोटे शहरो, अर्ध शहरी क्षेत्रों में लोगों तक आसान और व्यापक रूप से ऋण की सुलभता में मदद कर रहे हैं। 2030 तक बैंकिंग सेक्टर में हर साल 11.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान है। ऐसे में अर्बन को-ऑपरेटिव बैंको को भारत के समावेशी विकास लक्ष्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखा जा रहा है। रिपोर्ट इस बात को मानती है कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में इनकी गहरी पकड़ और समुदयों से मजबूत जुड़ाव इन बैंकों को भारत के उधारकर्ताओं को औपचारिक ऋण उपलब्ध करवाने की दिशा में विशेष रूप से सक्षम बनाते हैं।

**को-ऑपरेटिव बैंक 9 करोड़ भारतीयों तक पहुंचा रहे सेवाएं-** रिपोर्ट के अनुसार अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लगभग 9 करोड़ भारतीयों तक अपनी सेवाएं पहुंचाते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था जिस तेजी के साथ 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसके लिए सूक्ष्म उद्यमियों, स्वरोजगार करने वाले युवाओं, महिला नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहो, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और पहली बार घर खरीदने वाले प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**ऋण वितरण में हुई 7.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि-** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल में जारी की गई फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के अनुसार अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की मार्च 2025 तक ऋण वितरण की वार्षिक वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत तक पहुंच गई, जिसमें शेड्यूल्ड और नॉन शेड्यूल्ड अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों ने ऋण गतिविधियों को बढ़ाने में भूमिका निभाई है। पूंजी की स्थिति में सुधार हुआ है और कुल कैपिटल टू रिस्क वेटेड एसेट्स रेश्यो (सीआरएआर) बढ़कर 18.0 प्रतिशत हो गया है, साथ ही संपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है, ग्रॉस एनपीए घटकर 6.1 और नेट एनपीए 0.6 प्रतिशत पर आ गया है।

# जून तिमाही में निचले तबके की कमाई बढ़ी, पर्सनल लोन लेने में भी तेजी; सोने के बदले लिए जाएंगे अधिक कर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक स्थितियों में बेहतरी से निचले व मध्यम वर्ग की कमाई में सुधार आ रहा है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी यानी सीएमआईई के मुताबिक, सालाना एक लाख से 5 लाख रुपये कमाने वालों की आय में तेजी से वृद्धि हुई है। हालांकि, पांच से 10 लाख कमाने वालों की आय में कम वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सालाना एक लाख कमाने वाले ग्राहक धारणा सूचकांक (आईसीएस) जून तिमाही में 5.3 फीसदी बढ़ा है। एक से दो लाख कमाने वाले परिवारों का सूचकांक 2.3 फीसदी बढ़ा है।

मध्य वर्ग यानी दो से पांच लाख कमाने वाले परिवारों के सूचकांक में 1.5 फीसदी व 5 से 10 लाख कमाने वालों के सूचकांक में 0.3 फीसदी तेजी आई है। आय समूहों में उपभोक्ता भावनाएं बेहतर हो रही हैं, लेकिन गैर जरूरी खर्च यानी जो इच्छा से किए जाते हैं उनकी धारणा में कमी आई है। जो लोग 10 लाख भी कमा रहे हैं, उनमें भी यही रुझान देखा गया। मध्यम वर्ग में निराशा में मामूली वृद्धि हुई है।



**बैंकों के गैर खाद्य कर्ज में 50 प्रतिशत कमी की आशंका-** जून तिमाही में बैंकों का गैर खाद्य ऋण 2.6 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। यह पिछली तीन जून तिमाहियों के 4.7 से 7 लाख करोड़ रुपये से कम है। हालांकि, सितंबर तिमाही में फिर बढ़कर 4.2 लाख करोड़ से अधिक होगा। अप्रैल-मई में सेवा क्षेत्र का कर्ज 758 अरब रुपये घट गया है।

### जून में उपभोक्ता धारणा मजबूत होने से उपभोग खर्च में होगी अधिक वृद्धि

जून, 2025 में आईसीएस दो प्रतिशत तक बढ़ा। आईसीएस के रुझान से पता चलता है कि उपभोग खर्च में वृद्धि हो सकती है। परिवार अपनी मौजूदा आर्थिक स्थितियों के बारे में तेजी से आशावादी हो गए हैं। ग्रामीण और शहरी भारत दोनों की धारणाओं में तेजी देखी गई है। एक साल पहले की तुलना में वित्तीय रूप से बेहतर महसूस करने वाले परिवारों का अनुपात जून तिमाही में बढ़कर 37.6 प्रतिशत हो गया, जबकि पिछली तीन तिमाहियों में यह औसत 34.5 प्रतिशत रहा था। जो लोग मानते हैं कि वे बदतर स्थिति में हैं, उनका हिस्सा 1.9 प्रतिशत घटकर 9.3 प्रतिशत रह गया।

### पर्सनल कर्ज की रफ्तार में तेज वृद्धि, 2,200 अरब होने की उम्मीद

अप्रैल-मई 2025 में पर्सनल लोन वितरण 1,376 अरब रुपये था। जून तिमाही में यह 2,200 अरब और सितंबर तिमाही में 2,300 अरब रुपये से अधिक हो जाएगा। यह पिछली तीन जून तिमाहियों में 1,342 से 1,852 अरब था। रेपो दर में कटौती का लाभ खुदरा ऋणों तक तेजी से पहुंचेगा। इससे पर्सनल लोन की मांग में वृद्धि की उम्मीद है।

### सोने के गहने के बदले लिए जाएंगे ज्यादा कर्ज

पर्सनल लोन की मांग को होम लोन तथा सोने और आभूषणों के बदले कर्ज से मजबूत समर्थन मिलेगा। मई में सोने और आभूषणों के बदले ऋण की मांग बढ़कर रिकॉर्ड 283 अरब हो गई। यह उछाल अप्रैल में सोने की कीमतों में सात प्रतिशत की वृद्धि से हुई। अगली तिमाही में भी मजबूत मांग बने रहने की संभावना है। पर्सनल लोन में सबसे बड़ा हिस्सा होम लोन का है। अप्रैल-मई, 2025 में होम लोन 536 अरब था। जून तिमाही में यह 890 अरब होगा। सितंबर तिमाही में होम लोन 1,000 अरब से अधिक हो सकता है।

# गोल्डमैन सैश ने पूर्व पीएम ऋषि सुनक को बनाया वरिष्ठ सलाहकार, वैश्विक स्तर पर ग्राहकों को देंगे सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोल्डमैन सैश ग्रुप इंक ने कहा कि ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक वरिष्ठ सलाहकार के रूप में कंपनी में शामिल हो गए हैं। सुनक अक्तूबर 2022 से जुलाई 2024 तक प्रधानमंत्री रहे।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डेविड सोलोमन ने मंगलवार को एक बयान में कहा, सुनक न्यूयॉर्क स्थित गोल्डमैन के नेतृत्व के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर ग्राहकों को कई विषयों पर सलाह देंगे। वह व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक परिदृश्य पर अपने अद्वितीय दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि को साझा करेंगे।



प्रधानमंत्री बनने से पहले ऋषि सुनक फरवरी 2020 से जुलाई 2022 तक ब्रिटेन के वित्त मंत्री (चांसलर ऑफ द एक्सचेकर) रहे हैं। इसके पहले वे ट्रेजरी विभाग में मुख्य सचिव और आवास, समुदाय और स्थानीय सरकार में संसदीय उप-राज्य सचिव के पद पर काम कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में संसद सदस्य बनकर अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। पिछले साल के आम चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी को सबसे बड़ी हार के बाद भी सुनक अभी भी उत्तरी इंग्लैंड के रिचमंड और नॉर्थअलर्टन निर्वाचन क्षेत्र के सांसद के रूप में सेवा दे रहे हैं। चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने वादा किया था कि संसद के अगले पूरे कार्यकाल के लिए वह सांसद बने रहेंगे, चाहे वोट का परिणाम कुछ भी हो। उनके उत्तराधिकारी, लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर अगला आम चुनाव 2029 के मध्य तक कर सकते हैं। सुनक ने पहली बार गोल्डमैन में 2000 में निवेश बैंकिंग में समर इंटर्न के रूप में काम किया था।

# काउंटर बॉय को मिलते थे 700 रुपये महीने, ऐसा क्या हुआ कि एक झटके में बदल गई जिंदगी, अब करोड़ों का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई के विकेश शाह की कहानी किसी फिल्मी स्क्रप्टि से कम नहीं है। गरीबी, परिवार की जिम्मेदारियों और शुरुआती असफलताओं का सामना करते हुए उन्होंने अपनी दृढ़ता और उद्यमी भावना से बेकरी काउंटर बॉय से करोड़ों के टर्नओवर वाली 99 पैनकेक्स नाम की सफल पैनकेक चेन खड़ी कर दी है। यह कहानी सिर्फ एक व्यवसायिक सफलता की नहीं है। अलबत्ता, यह दर्शाती है कि कैसे जुनून, सीखने की इच्छा और चुनौतियों से न घबराने का जज्बा किसी भी व्यक्ति को शून्य से शिखर तक पहुंचा सकता है। विकेश ने न केवल अपने लिए नया रास्ता बनाया, बल्कि सैकड़ों लोगों को रोजगार भी दिया। साथ ही अपने परिवार के लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया। आइए, यहां विकेश शाह की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**कभी 700 रुपये की नौकरी की-** विकेश शाह का सफर कठिनाइयों से भरा रहा। जब वह केवल पांच साल के थे, तब उनके पिता को शेयर बाजार में भारी नुकसान हुआ। इसके बाद परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उनकी मां पर आ गई। इस कठिन समय में विकेश ने 10वीं कक्षा से ही काम करना शुरू कर दिया। चर्चगेट की एक बेकरी में काउंटर बॉय के रूप में उन्हें 700 रुपये महीने मिलते थे। अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए वह 18 साल की उम्र तक उसी बेकरी में मैनेजर बन गए। उन्होंने अतिरिक्त पैसे कमाने के लिए ट्रैवल कंपनियों में काम करने से लेकर लाइटर और परफ्यूम बेचने तक कई तरह के काम किए। यह शुरुआती संघर्ष उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए जरूरी धैर्य और दृढ़ता सिखा गया।

**ऐसे मिली पहली बड़ी कामयाबी-** 1998 में विकेश शाह की बेकरी की नौकरी छूट गई। एक महीने तक उनके पास वड़ा पाव खरीदने के भी पैसे नहीं थे। सिर्फ सस्ते बन खाकर गुजारा करना पड़ा। यह उनके जीवन का सबसे मुश्किल दौर था। लेकिन, उन्होंने हार नहीं मानी। 1999 में मात्र 22 साल की उम्र में उन्होंने अपने दोस्त के घर से अपना पहला उद्यम बेक पॉइंट शुरू किया। यह एक बी2बी व्यवसाय था। इसमें वह मुंबई के प्रमुख कैटरर्स को कॉन्टिनेंटल डेसर्ट और पेस्ट्री की सप्लाई करते थे। व्यवसाय अच्छा चला। 2009 में उन्होंने हैप्पीनेस डेली नाम से अपनी खुद की एक केक शॉप खोली, जो आज भी चल रही है। यह उनके उद्यमी सफर की पहली बड़ी सफलता थी।



**9 लाख की पूंजी से 99 पैनकेक्स की शुरुआत-** 99 पैनकेक्स का आइडिया 2014 में एम्स्टर्डम की एक यात्रा के दौरान आया, जब विकेश शाह ने सड़क किनारे स्टॉल पर पैनकेक बनते देखा। उन्हें यह कॉन्सेप्ट इतना पसंद आया कि उन्होंने तीन दिनों में पैनकेक बनाना सीख लिया। 2016 में नोटबंदी के बाद जब उनका कैटरिंग व्यवसाय धीमा हो गया तब एक यूक्रेनी पड़ोसी ने उनके बनाए पैनकेक खाए और उन्हें रिटेल प्रोडक्ट के रूप में लॉन्च करने का सुझाव दिया। जून 2017 में विकेश ने 9 लाख रुपये के शुरुआती निवेश के साथ मुंबई के काला घोड़ा में पहला 99 पैनकेक्स आउटलेट खोला। शुरुआत में बिक्री कम थी। लेकिन, दोस्तों को बुलाकर भीड़ दिखाने और धीरे-धीरे ग्राहकों की पहचान बढ़ने के साथ व्यवसाय ने रफ्तार पकड़ी।

### अब करोड़ों का साम्राज्य

आज 99 पैनकेक्स के पांच राज्यों और 10 शहरों में 40 आउटलेट हैं। इनमें से 30 फ्रेंचाइजी-स्वामित्व वाले हैं। कंपनी में लगभग 70 लोग काम करते हैं। इसका टर्नओवर करोड़ों में है। हालांकि, कोरोना की महामारी के दौरान कारोबार प्रभावित हुआ था। यह घटकर 7 करोड़ रुपये रह गया था। लेकिन, विकेश ने इसे फिर से पटरी पर ला दिया। अब विकेश शाह शानदार जिंदगी जी रहे हैं। अपने सपनों का घर और क्ररुड्ड जैसी कारें भी खरीद चुके हैं। उनकी यह यात्रा दर्शाती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी अगर व्यक्ति में सीखने की ललक, नवाचार की भावना और कड़ी मेहनत करने का जज्बा हो तो वह एक साधारण बेकरी काउंटर बॉय से भी करोड़ों का कारोबार खड़ा कर सकता है।

# धरनार्थियों की टूटी धैर्य की सीमा

## 97 दिनों से बैठे हैं धरने पर ▶ कहा-आत्मदाह ही विकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सरकार की बेरुखी के खिलाफ राजभवन के सामने पिछले 97 दिनों से धरने पर बैठे अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षेत्तर कर्मचारी अब विरोध के नए-नए तरीके अपनाकर सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे हैं। बुधवार को भारी बारिश के बीच भी धरना स्थल पर डटे इन कर्मचारियों ने भजन-कीर्तन कर सरकार की संवेदनहीनता पर सवाल उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों पर विचार नहीं हुआ, तो आत्मदाह ही अंतिम विकल्प होगा।




राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में 20 से 25 वर्षों तक सेवा दे चुके लगभग 300 शिक्षेत्तर कर्मचारियों को राज्य सरकार द्वारा अचानक सेवा से बाहर कर दिया गया है। इन कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें यूजीसी के तहत संयोजित किया जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। एक अप्रैल 2025 से इनका वेतन पूरी तरह से बंद है, जिससे इन परिवारों के सामने भुखमरी, बच्चों की फीस और इलाज जैसी बुनियादी समस्याएं खड़ी हो गई हैं। पिछले तीन महीनों से ज्यादा समय से कर्मचारी राजभवन के सामने धरने पर डटे हुए हैं, लेकिन अब तक न तो राज्य सरकार और न ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने इनसे वार्ता करने की जरूरत समझी है।

धरना स्थल पर हवन, पूजा-पाठ, पकौड़े तलकर आम जनता को बेचना, जूता पॉलिश करना जैसे प्रतीकात्मक आंदोलन कर चुके ये कर्मचारी अब भजन-कीर्तन के माध्यम से विरोध जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार को भगवान ही जगा सकते हैं।

शिक्षेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। इतने वर्षों तक सेवा देने के बाद हमें दरकिनार कर दिया गया। हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है। अब हमारे बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, परिवार के लिए रोटी जुटाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी कि यदि सरकार अब भी नहीं जागी, तो आंदोलन को अंतिम स्तर पर ले जाया जाएगा, जहां आत्मदाह ही विकल्प बचेगा।

# कैबिनेट की बैठक 11 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 जुलाई (गुरुवार) को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रालय में दोपहर 2 बजे से होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने जानकारी दी है। इस बार की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा और फैसले होने की संभावना है। पिछली बैठक में मंत्रिपरिषद ने कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र की तिथि तय की जा सकती है।

पिछले साल उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ परीक्षा के दौरान कई अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी, जिसके बाद परीक्षा पर रोक लगा दी गई थी। अब कैबिनेट इस परीक्षा को दोबारा शुरू करने पर मुहर लगा सकती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री माईयां सम्मान योजना को लेकर भी अहम फैसला लिया जा सकता है। कई जिलों में लाखों लाभार्थी महिलाएं इस योजना का लाभ नहीं ले पा रही हैं। सरकार इसका समाधान निकाल सकती है।

# रेलवे ट्रैक पर गूंजी गजराज के बच्चे की किलकारी

## दो घंटे तक रूकी रही गाड़ियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकाकाना।** हजारीबाग-बरकाकाना रेलवे लाइन पर एक भावुक कर देने वाली और हृदयस्पर्शी घटना सामने आई है। जहां गढ़वा गांव के पास एक गर्भवती हथिनी ने सीधे रेलवे ट्रैक पर एक बच्चे को जन्म दिया।

इस असाधारण घटना के कारण ट्रेन संचालन को दो घंटे के लिए रोकना पड़ा, क्योंकि रेलवे अधिकारियों ने हाथी के बच्चे की सुरक्षित डिलीवरी को प्राथमिकता दी।

यह घटना तब हुई जब हाथियों का एक झुंड, जो लगभग 15 दिन पहले सरवाहा वन क्षेत्र में दाखिल हुआ था। इस झुंड से एक गर्भवती हथिनी भटक कर हजारीबाग-बरकाकाना रेलवे लाइन के पास आ गई।

जिन ग्रामीणों ने हथिनी को परेशानी में देखा, उन्होंने तुरंत वन विभाग और रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर रामगढ़ के मंडल वन अधिकारी नीतीश कुमार ने तत्काल रेलवे प्रशासन को सूचित किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए, रेलवे ने हजारीबाग से बरकाकाना जा रही एक मालगाड़ी को रोक दिया, जिससे प्रसव के दौरान हथिनी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

सफल प्रसव एवं बच्चे को हटाने के बाद ट्रेनों का



आवागमन फिर से शुरू हो गया। यह घटना मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व की चुनौतियों पर प्रकाश डालती है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां वन गलियारे मानव बुनियादी ढांचे से मिलते हैं।

यह स्थानीय ग्रामीणों, वन विभाग के अधिकारियों और रेलवे अधिकारियों के सराहनीय प्रयासों को भी दर्शाता है, जिन्होंने वन्यजीवों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम किया। ट्रैक पर नवजात बछड़े का अपनी मां के साथ सुरक्षित खड़ा होना कई लोगों के दिलों को छू गया और वन्यजीव आवासों का सम्मान और संरक्षण करने के महत्व की एक शक्तिशाली याद दिलाता है।

# रांची सदर अस्पताल में बनेगा रेडियोलॉजी हब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने विभिन्न जिलों में रेडियोलॉजिस्ट और जांच सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए एक नई पहल की है। इसके तहत रांची सदर अस्पताल में रेडियोलॉजी हब विकसित करने का निर्णय लिया गया है।

सभी जिलों के सदर अस्पताल, रेफरल अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इस रेडियोलॉजी हब से डिजिटल रूप से जुड़ेंगे। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ और संसाधनविहीन क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को तत्काल, सटीक और डिजिटल रेडियोलॉजिकल रिपोर्टिंग की सुविधा प्रदान करना है।

रांची सदर अस्पताल में विकसित होने वाले रेडियोलॉजी हब में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई की रिपोर्ट का मूल्यांकन करेंगे और संबंधित क्षेत्र और मरीजों को इमेज के साथ रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के अनुसार, यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। पहले चरण में राज्य के सभी सदर अस्पतालों को इस रेडियोलॉजी हब से जोड़ा जाएगा। इससे उन क्षेत्रों के मरीजों को समय पर रिपोर्ट मिल सकेगी जहां रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं और इलाज में देरी नहीं होगी। इसके बाद, अन्य अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को भी इससे जोड़ा जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रेडियोलॉजी जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना है। बता दें कि राज्य में इस समय रेडियोलॉजिस्टों की भारी कमी है। इस कारण कई अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की रेडियोलॉजी जाँच नहीं हो पाती है।

इस परियोजना पर सालाना एक करोड़, 21 लाख और 27 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। विभाग ने इस राशि को स्वीकृति दे दी है। हब के माध्यम से तकनीशियनों को उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे एक्स-रे, एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी तकनीकी प्रक्रियाओं का बेहतर तरीके से संचालन कर सकें।

# डिग्री कालेजों में इंटर की पढ़ाई समाप्त करने से नाराज छात्रों ने मंत्री को घेरा

## छात्रों को मंत्री ने पुनर्विचार का दिया आश्वासन

## छात्रों ने दी सड़क पर उतरने की धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा सभी डिग्री कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद करने के फैसले से राज्यभर के छात्र नाराज हैं। इसी नाराजगी के चलते मंगलवार को जमशेदपुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का छात्रों ने घेराव किया। मंत्री वहां बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे।



आक्रोशित छात्रों ने घंटों घेराव कर मांगपत्र सौंपा। 12वीं कक्षा के छात्रों ने कहा कि जिन कॉलेजों में फिलहाल उनकी पढ़ाई चल रही है, वहीं से पढ़ाई पूरी करने दी जाए। छात्रों ने कहा कि सत्र के बीच में कॉलेज बदलने से पढ़ाई बाधित होगी और बोर्ड परीक्षा के परिणाम पर भी असर पड़ेगा।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने मंत्री से इस फैसले पर पुनर्विचार करने और इस सत्र के छात्रों को राहत देने की मांग की। छात्रों ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने उनकी बातें सुनीं और समस्याओं पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

छात्रों का कहना है कि अगर सरकार ने जल्द कोई समाधान नहीं निकाला तो यह फैसला उनके भविष्य को अंधकार में धकेल देगा। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगे पूरी नहीं हुईं तो राज्यव्यापी आंदोलन और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

इस आंदोलन में अंशुल प्रिया, संदीप कुमार यादव, आशीष कुमार समेत कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और सरकार को जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। कई छात्र संगठनों ने भी इस फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी है।

# हफ्ते में तीन दिन चलेगी स्पेशल ट्रेन

**धनबाद।** धनबाद होकर रांची से भागलपुर के लिए सावन स्पेशल ट्रेन को मंजूरी मिल गई। भागलपुर से 11 तथा रांची से 12 जुलाई से सप्ताह में तीन दिन स्पेशल ट्रेन चलेगी। सुल्तानगंज होकर चलने वाली एकलौती ट्रेन रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में लंबी प्रतीक्षासूची होने से स्पेशल ट्रेन बाबा नगरी देवघर के साथ-साथ बाबा वैद्यनाथ को जल अर्पण के लिए सुल्तानगंज जानेवाले कांवरियों को राहत देगी।रांची व भागलपुर दोनों ओर से 11 अगस्त तक 14-14 फेरे लगाएगी। इस ट्रेन में सामान्य श्रेणी के तीन, स्लीपर के नौ व दो एसएलआरडी कोच जुड़ेंगे। बुधवार से टिकटों की बुकिंग शुरू होने की उम्मीद है। 08610 रांची-भागलपुर सावन स्पेशल प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शनिवार को चलेगी। रांची से रात 11:00 बजे रवाना होकर देर रात 1:15 पर बोकारो, अलसुबह 4:05 पर धनबाद, सुबह 7:20 पर जसीडीह, दिन में 11:57 पर सुल्तानगंज और दोपहर 1:00 बजे भागलपुर पहुंचेगी। 08609 भागलपुर-रांची सावन स्पेशल प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार व रविवार को चलेगी।

# पानी नहीं जमा होने से किसानों को हो रही परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खड़गपुर।** बारिश की स्थिति से निपटने व प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग को लेकर कृषक संग्राम परिषद ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया कि जिले में भारी बारिश के कारण कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

ज्ञापन में कंसावती-रूपनारायण सहित विभिन्न नदियों के बांधों की निगरानी व रखरखाव के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई है।

जिन खालों की सफाई का काम चल रहा था उनमें बनाए गए क्रास बांधों को तुरंत हटाने, सभी खालों में जमा कचरा व जलकुम्भी को साफ करने का काम तुरंत शुरू करने, प्रभावित सब्जी व फूल किसानों को तुरंत मुआवजा देने देने की मांग की गई। इसके साथ ही प्रभावित अमन धान किसानों को फिर से बीज लगाने के



लिए सरकारी बीज धान की आपूर्ति करने, सब्जी की बिक्री में कालाबाजारी रोकने के लिए टास्क फोर्स की निगरानी बढ़ाने की मांग शामिल है।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले अमन चक्र में प्रभावित किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें तुरंत मुआवजा दिया जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि भारी बारिश के कारण कई निचले इलाकों में पानी जमा हो गया है, जिससे अमन धान की बुआई प्रभावित हुई है। इसके अलावा सब्जी व फूल की खेती भी बुरी तरह प्रभावित हुई है।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में घालमेल

# बंगाल की 172 महिलाओं पर मुकदमा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गालूडीह।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड के हेंदलजुड़ी पंचायत में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में स्वीकृत सूची में फजीर्वाड़ा मामले की जांच में पुष्टि होने पर बुधवार गालूडीह थाना में लाभुक महिलाओं के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया। जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के आदेश पर घाटशिला प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा ने हेंदलजुड़ी पंचायत के सचिव मंगल टुडू को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।जिसके बाद पंचायत सचिव ने गालूडीह थाना में फर्जी तरीके से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान पेंशन योजना का लाभ लेने के आरोप में बिहार व पश्चिम बंगाल की कुल 172 मुस्लिम महिलाओं पर नामजद प्राथिमकी दर्ज कराई। मंईयां सम्मान योजना के फर्जी तरीके से लाभ लेने वालों में बिहार राज्य के किशनगंज जिला के ठाकुरगंज थाना अंतर्गत विभिन्न गांव की 40 मुस्लिम महिलाएं है।

वहीं. पश्चिम बंगाल के चोपड़ा थाना अंतर्गत उत्तर दिनाजपुर की 132 मुस्लिम महिलाओं के नाम शामिल हैं। इनपर फर्जी तरीके से सरकारी राशि के निकासी का आरोप लगा। हालांकि, थाना में दिए शिकायत पत्र में राशि का उल्लेख नहीं किया गया। ये अनुमान लगाया जा रहा की फर्जी दस्तावेज के जरिए बंगाल व बिहार के 172 मुस्लिम मुस्लिम के बैंक खाता में प्रथम किस्त 2,500 रुपये के तहत 9 लाख 57 हजार रुपये भेजे गए।

मामले को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। जिसके बाद प्रखंड प्रशासन हरकत में आया। मामले की जांच शुरू कर दी गई। भाजपा व झामुमो के नेताओं ने भी मामले के जांच की मांग उठाई थी। अब फजीर्वाड़ा पुष्टि होने के बाद हेंदलजुड़ी पंचायत के तत्कालीन पंचायत सचिव पुष्पा कुमारी पोद्दार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शोकाज नोटिस जारी किया है।

हेंदलजुड़ी पंचायत के आठ गांव में किसी भी गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है। बावजूद पंचायत के छोलगोड़ा गांव में 172 मुस्लिम महिलाओं के नाम मंईयां सम्मान योजना की सूची में अंकित थे। जिसे देख पंचायत के लोगों के भी होंश उड़ गए थे। फर्जी तरीका से नामों को स्वीकृत कराकर सभी मुस्लिम लाभुक महिलाओं के बैंक खाते में राशि की प्रथम किस्त तक भेज दिया गया था।पंचायत में अंकित किए गए सूची में राशन कार्ड नंबर,मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड नंबर अंकित थे। सभी नामों में एक ही राशन कार्ड नंबर अंकित किया गया था।

# शिबू सोरेन के नाम पर हवाई अड्डा करने की मांग

**बोकारो।** बोकारो सरना विकास समिति ने बोकारो हवाई अड्डे का नाम झारखंड के वरिष्ठ नेता और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर रखने की मांग की है। इस संबंध में समिति की एक अहम बैठक बुधवार को सेक्टर-12 में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महेश मुंडा ने की।

बैठक में समिति के सदस्यों ने एकमत से कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की कर्मभूमि बोकारो रही है और उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए लंबा संघर्ष किया है। ऐसे जननायक के नाम पर बोकारो एयरपोर्ट का नामकरण होना चाहिए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जैसे पटना एयरपोर्ट का नाम छात्र आंदोलन के नायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर है, कोयलांचल विश्वविद्यालय का नाम बिनोद बिहारी महतो के नाम पर और नया मेडिकल कॉलेज स्व. जगन्नाथ महतो के नाम पर बन रहा है, वैसे ही बोकारो एयरपोर्ट का नाम दिशोम गुरु के नाम पर रखना न्यायोचित होगा।

# झारखण्ड में शराब जमाखोरों की कट रही चांदी

## 1453 दुकानों का लॉटरी के जरिए आवंटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नई उत्पाद नीति लागू होने की प्रक्रिया ने राज्य में अघोषित शराबबंदी जैसी स्थिति पैदा कर दी है। पड़ोसी राज्य बिहार में 2016 से लागू शराबबंदी के बाद अवैध शराब का कारोबार पहले ही बढ़ चुका है। राज्य में भी नई नीति के तहत शराब की बिक्री पर अस्थायी रोक ने जमाखोरों और अवैध धंधेबाजों को मुनाफाखोरी का सुनहरा अवसर दे दिया है।

नई नीति के तहत खुदरा शराब दुकानों की बंदोबस्ती से पहले राज्यव्यापी ऑडिट और हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया के कारण शराब की आपूर्ति बाधित हो रही है। परिणामस्वरूप बार और रेस्तरां में शराब का भंडार सीमित हो गया है, जिसका फायदा उठाकर जमाखोर मनमानी कीमतों पर शराब बेच रहे हैं।

राज्य में नई उत्पाद नीति को लागू करने की प्रक्रिया में देरी ने शराब की उपलब्धता पर गहरा असर डाला है। एक जुलाई से नई नीति लागू होनी थी, लेकिन लॉटरी प्रक्रिया और अन्य आवश्यक औपचारिकताओं के पूरा न होने के कारण शराब की खुदरा बिक्री प्रभावित हुई है।

वर्तमान नीति के तहत 30 जून को शराब की बिक्री बंद हो चुकी है और नई नीति के तहत दुकानों की बंदोबस्ती अभी तक शुरू नहीं हो पाई है।

इस बीच, झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से शराब की बिक्री जारी रखने की घोषणा की गई, लेकिन जिला स्तर पर स्पष्ट निर्देशों के अभाव में दुकानें बंद हैं। ऑडिट प्रक्रिया के कारण शराब की आपूर्ति रुकी हुई है, जिससे बाजार में शराब की कमी हो गई है।

शराब की कमी का फायदा उठाकर जमाखोरों और अवैध धंधेबाजों ने बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। स्थिति का आकलन कर पहले से ही शराब का स्टॉक जमा करने वाले ये लोग अब मनमानी कीमतों पर शराब बेच रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर शिकायतें सामने आई हैं।

बिहार में शराबबंदी के कारण पहले से ही झारखंड से अवैध शराब की आपूर्ति हो रही थी और अब अघोषित शराबबंदी ने इस कारोबार को और बढ़ावा मिलने की संभावना है।

नई उत्पाद नीति के तहत झारखंड में शराब की खुदरा बिक्री निजी हाथों में सौंपी जाएगी और 1453 निजी दुकानों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से होगा। हालांकि, इस नीति के लागू होने में अभी समय लग सकता है। तब तक कॉरपोरेशन के माध्यम से बिक्री जारी रखने की योजना है, लेकिन प्रक्रियात्मक देरी और आडिट ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया है। विपक्ष ने इस नीति पर सवाल उठाते हुए इसे शराब माफियाओं को बढ़ावा देने वाला बताया है।

सरकार ने अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए सख्ती बरतने की बात कही है। नई नीति में अवैध शराब बेचने पर लाइसेंस रद करने और जुमार्ने का प्रावधान है। इसके बावजूद, सरकारी शराब दुकानों में नकली और मिलावटी शराब की बिक्री की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जांच में शराब घोटाले से जुड़े कई तथ्य सामने आए हैं, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत भी शामिल है। सरकार ने नशामुक्त गांवों को एक लाख रुपये का इनाम देने की योजना शुरू की है, लेकिन अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण अभी भी चुनौती बना हुआ है।

# देशव्यापी हड़ताल का दिखा असर

## जिले भर के बैंकों व डाकघरों में काम प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** केंद्र सरकार के मजदूर और किसानों के लिए बनायी गई नीतियों के विरोध में देशव्यापी हड़ताल का असर बीसीसीएल के विभिन्न इलाकों में देखने को मिल रहा है।

कोयला श्रमिक अपने कोलियरी कार्यालय और खदानों में पहुंचे तो हैं, लेकिन विरोध स्वरूप काम नहीं कर रहे हैं।

नतीजतन बीसीसीएल के अधिकांश एरिया में काम प्रभावित हो रहा है। इसी प्रकार से धनबाद जिले के विभिन्न बैंकों में भी काम ठप है और डाकघरों के कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं।

बीसीसीएल के ब्लाक दो क्षेत्र में हड़ताल का व्यापक असर देखा जा रहा है। यहां की दोनों परियोजनाओं में सन्नाटा पसरा हुआ है। जमुनिया पैच में भी कार्य पूरी तरह प्रभावित है। रीजनल वर्कशाप और मधुबन कोल वाशरी में कर्मियों ने हाजरी नहीं बनाया।

संयुक्त मोर्चा के नेता सुबह से ही हाजरी घर के पास बैठे हुए हैं। सेल के टासरा प्रोजेक्ट में बंदी का असर दिख रहा है। संघर्ष मोर्चा सिंदरी के अटल चौक पर धरना देने की तैयारी कर रही है।

सेल के चासनाला कोलियरी में बीसीकेयू के बैनर तले आर्थिक नाकेबंदी की गई है। भौंरा व सुदामडीह में संयुक्त मोर्चा के बंद का असर दिख रहा है। बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह परियोजना के प्रथम पाली में श्रमिक नहीं पहुंचे हैं।

जबकि बीएमएस से जुड़े कुछ मजदूरों ने अपना हाजिरी बनाया है। हालांकि, परियोजना का काम पूर्ण रूप से ठप है। शताब्दी हाजिरी घर व मुराईडीह वर्कशाप पर बरोरा प्रबंधक द्वारा मजदूरों को हाजिरी बनाकर काम पर जाने का आग्रह किया गया है।

वहीं, श्रमिक संगठन से जुड़े नेताओं द्वारा मजदूरों से हड़ताल में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। इधर निरसा क्षेत्र में भी एक दिवसीय हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला है।

यहां की कोलियरियों में उत्पादन प्रभावित हुआ है। कई कोलियारियों में हड़ताल से दूर रहने वाले मजदूरों ने हाजिरी तो बनाई है, परंतु उन्हें कम पर समर्थकों ने जाने नहीं दिया।



ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग में रेलवे का रैक तो आया हुआ है परंतु मजदूरों के हड़ताल के कारण रैक खड़ी है।

बंदी की सफलता को लेकर ट्रेड यूनियन के नेता कोलियरियों जा कर हड़ताल के समर्थक मजदूरों से वार्ता कर रहे हैं।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल का असर धनबाद जिले के बैंकों में भी देखने को मिला है। एसबीआइ, बीओआइ, बैंक ऑफ बड़ौदा समेत सभी बैंक में कर्मचारियों ने काम बंद कर रखा है। यही हाल डाकघरों का भी है।

सिंदरी स्थित हर्ल में बंदी का असर नहीं दिखा। प्रत्येक दिन की तरह यहां कम चालू है। इसी प्रकार से यहां के सीमेंट उद्योग में भी पूर्व की भांती उत्पादन जारी है। वहीं क्षेत्र के बैंकों में काम नहीं हो रहा है।

# मेले में टोटो का पंजीकरण आवश्यक

## ज्यादा किराया वसूलने पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बासुकीनाथ (दुमका)।** बासुकीनाथ श्रावणी मेले के दौरान टोटो का निबंधन एवं चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से यह निर्णय टोटो चालक संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई वार्ता के बाद लिया गया है। प्रशासनिक स्तर पर सभी टोटो चालकों को श्रावणी मेला क्षेत्र में वाहन चलाने से पूर्व अपने वाहनों का निबंधन कराने एवं टोटो चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस हर हाल में बनवा लेने का निर्देश दिया गया है।

चालकों को यह भी निर्देश दिया गया कि अपने सभी कागजात के अलावा फर्स्ट एड का एक किट भी वाहन में जरूर रखें।

प्रशासन ने ई-रिक्शा के लिए पूर्व से निर्धारित रूट नावाडीह से काली मंदिर के अतिरिक्त नवनिर्मित रिंग रोड रानी होटल से बासुकीनाथ क्यू कंपलेक्स तक के लिए निर्धारित किया है।

यह निर्णय जर मुंडी के सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल की ओर से दिए गए सुझावों के बाद लिया गया है। साथ ही इन दोनों रूट पर सीमित ई-रिक्शा को श्रद्धालु को लेकर प्रवेश कराया जाएगा।

इसके लिए ई रिक्शा यूनियन कमेटी की ओर से स्कैनर पास की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन की ओर से ओवरलोड सवारी और ज्यादा किराया वसूली करने वाले ई रिक्शा चालक पर कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

उप मुख्य बिजली इंजीनियर/निर्माण, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा पूर्व प्रकाशित निविदा सूचना संख्या ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरएल-173-2025-एनआईटी, दिनांक : 20.06.2025 तकनीकी कारणवश एतद्द्वारा **निरस्त** की जाती है। CON-23/2025-26

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से कार्य करते हुए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरएस/बीकेएससी **निविदा सूचना संख्याः ईएलएसबी-25-फायरसेफ_ऑडिट-09/टीएन, दिनांक 08.07.2025** के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; **कार्य का विवरणः** स्वतंत्र तृतीय पक्ष द्वारा ईएलएस/बीकेएससी में अग्नि सुरक्षा ऑडिट; **अनुमानित मूल्यः ₹ 3,15,091.57; बयाना राशिः** ₹ 6,300.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य; **अवधिः** 03 महीने। निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर 04.08.2025 को 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समयः 04.08.2025 को 11:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि/समय 04.08.2025 को 11:00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी वास्तविक, अनुभवी और इच्छुक निविदाकर्ता इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। (PR-373)

# लॉर्ड्स में कपिल-धोनी-कोहली के क्लब में शामिल होंगे गिल!




यहां 93 साल में तीन टेस्ट जीता भारत







**लंदन, एजेंसी।** भारत ने लॉर्ड्स के मैदान पर सबसे पहला टेस्ट 1932 में खेला था। अब तक 93 साल में टीम इंडिया ने इस मैदान पर कुल 19 टेस्ट खेले हैं और सिर्फ तीन जीते हैं। 12 मुकाबलों में भारतीय टीम को हार मिली है और चार टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में गुरुवार से खेला जाएगा। इस टेस्ट की तैयारी को लेकर भारतीय टीम जमकर पसीना बहा रही है। भारत की प्लेइंग-11 में एक बदलाव तय माना जा रहा है। जसप्रीत बुमराह की वापसी होना तय है। वहीं, इस टेस्ट में शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों से भी काफी उम्मीदें होंगी। लॉर्ड्स में भारतीय टीम का पिछले कुछ दौरों पर रिकॉर्ड शानदार रहा है। 2021 में विराट कोहली की अगुआई में टीम इंडिया ने यहां ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। अब उनके उत्तराधिकारी शुभमन गिल की कप्तानी में भी फैंस जीत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, अब तक टीम इंडिया ने लॉर्ड्स के मैदान पर सिर्फ तीन टेस्ट ही जीते हैं। इन तीनों टेस्ट में अलग-अलग कप्तान रहे और अलग-अलग खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी मिला। आइए इस मैदान पर भारत के रिकॉर्ड के बारे में जानते हैं...भारत का लॉर्ड्स में रिकॉर्ड

भारत ने लॉर्ड्स के मैदान पर सबसे पहला टेस्ट 1932 में खेला था। अब तक 93 साल में टीम इंडिया ने इस मैदान पर कुल 19 टेस्ट खेले हैं और सिर्फ तीन जीते हैं। 12 मुकाबलों में भारतीय टीम को हार मिली है और चार टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारत ने यहां कपिल देव की कप्तानी में 1986 में पांच विकेट से जीत हासिल की थी, जबकि 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने लॉर्ड्स में 95 रन से मैच जीता था। साल 2021 में भारत ने यहां विराट कोहली की कप्तानी में 151 रन से जीत हासिल की थी। अब शुभमन गिल के पास लॉर्ड्स में जीत हासिल करने वाले चौथे भारतीय कप्तान बनने का मौका है। गिल की टीम के पास वह पूरा दमखम है, जिससे वह जीत हासिल कर सकते हैं। हाल ही में उनकी टीम ने एजबेस्टन में इतिहास रचा था। भारतीय टीम एजबेस्टन में टेस्ट जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी और गिल पहले एशियाई कप्तान बने थे। अब वह लॉर्ड्स में भी कमाल कर सकते हैं।

## इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज को यकीन, फैब फोर में जगह बना सकते हैं शुभमन गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश ने भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की शानदार बल्लेबाजी तकनीक को सराहा है। रामप्रकाश के मुताबिक गिल ने फैब फोर (विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन) के दौर के बल्लेबाजों की जगह लेने की क्षमता दिखाई है। लीड्स में शुभमन गिल ने 147 और आठ रन की पारी खेली, जिसके बाद एजबेस्टन में 269 और 161 रन जड़ दिए। गुरुवार से लॉर्ड्स में शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट से पहले, गिल ने पांच मैचों की सीरीज में 585 रन जोड़ लिए हैं। रामप्रकाश ने बुधवार को द गार्जियन में लिखा, हमें गिल की सिर्फ सहनशक्ति, स्किल और रन बनाने की भूख की सराहना ही नहीं करनी चाहिए, बल्कि एक युवा टीम के नए कप्तान के रूप में उदाहरण पेश करने की भी तारीफ करनी चाहिए। कप्तानी अक्सर किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, लेकिन ऐसा लगता है कि इसी कप्तानी के चलते गिल अधिक फोकस्ड हो गए हैं। पिछले तीन हफ्तों में ही उन्होंने अपने टेस्ट करियर के तीन सर्वोच्च स्कोर बना दिए हैं। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने कहा, हम एक ऐसे दौर के अंत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसे तथाकथित फैब फोर (विराट कोहली, जो रूट, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन) ने लंबे समय तक प्रभावित किया है। अब ऐसे खिलाड़ियों की तलाश जारी है, जो उनकी जगह ले सकें। गिल ने दिखा दिया है कि वह उस स्थान को भर सकते हैं, और वह भी एक बेहद पारंपरिक शैली में। वह सभी फॉर्मेट खेलते हैं, बेहतरीन रूप से खुद को ढाल लेते हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी की नींव एक क्लासिक तकनीक पर टिकी है।

## वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ढेरों शतक लगाएंगे: युवराज सिंह



**लंदन, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन के बाद टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की सराहना की। गिल ने चौथे नंबर पर आसानी से जगह बना ली है, जो बल्लेबाजी क्रम में एक महत्वपूर्ण स्थान है और जिस पर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी रह चुके हैं। गिल इस श्रृंखला में रन बनाने के मामले में शीर्ष पर हैं। उन्होंने दो टेस्ट मैचों की चार पारियों में 146.25 की औसत और 73 से अधिक के आक्रामक स्ट्राइक रेट से 585 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन शतक और एजबेस्टन में 387 गेंदों पर 269 रन रहा। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान गिल के प्रदर्शन पर युवराज ने कहा, शुभमन गिल ने कमाल की कप्तानी की और बेहतरीन बल्लेबाजी की। मुझे उन पर बहुत गर्व है और मुझे यकीन है कि उनके पिता को भी उन पर गर्व होगा... मैं बहुत प्रभावित हूं... मुझे उम्मीद है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ढेरों शतक लगाएंगे।

## फ्लूमिनेंस को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में चेल्सी



**न्यू जर्सी, एजेंसी।** फ्लूमिनेंस को 2-0 से मात देकर चेल्सी ने क्लब विश्व कप-2025 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस सेमीफाइनल मैच के हीरो जोआओ पेड्रो रहे। दोनों गोल इसी खिलाड़ी ने दागे। ब्लूज के नए सदस्य ने दोनों हाफ में शानदार गोल करते हुए ब्राजीलियन टीम की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब चेल्सी का सामना रियल मैड्रिड सीएफ और पेरिस सेंट-जर्मेन के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की विजेता टीम से होगा। 70 हजार से ज्यादा फैंस से भरे स्टेडियम में चेल्सी को मुकाबले में अपनी पकड़ बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं लेना पड़ा। शुरुआती 10 मिनट में उन्होंने गेंद पर कब्जा जमा लिया और कुछ मौके बनाए। जोआओ पेड्रो का पहला गोल 18वें मिनट में आया, उन्होंने 20 गज की दूरी से एक शॉट लगाकर फुटबॉल को गोलपोस्ट के कोने में पहुंचाया। 25वें मिनट में हरक्यूलिस ने गोल का शानदार मौका बनाया, लेकिन कुकुरेला ने गोललाइन पर क्लियर कर दिया। पहले हाफ के अंत में फ्लूमिनेंस को पेनल्टी मिली। रिने का क्रॉस चालोबा के हाथ से टकराया, लेकिन वीएआर चेक के बाद फैसला बदल दिया गया। जोआओ पेड्रो ने मैच का दूसरा गोल 56वें मिनट पर किया।

## आईपीएल में इस्तेमाल किए गए फिल साल्ट के बल्ले को मंजूरी मिली, गेज टेस्ट में हो गया था फेल



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित पिछले दो वर्षों से जिस बल्ले का उपयोग कर रहे थे उसे शुरू में मैदान पर गेज परीक्षण में गलत पाया गया था, लेकिन बाद में आगे की जांच के बाद इसे मंजूरी दे दी गई। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में लंकाशर की तरफ से खेलने वाले 28 वर्षीय साल्ट ने इस साल की शुरुआत में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की पहली आईपीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आईपीएल 2025 में उन्होंने 13 मैचों में 403 रन बनाए थे, जो विराट कोहली (15 मैचों में 657) के बाद उनकी टीम के लिए दूसरे सबसे ज़्यादा रन थे। लंकाशर क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि नॉर्थेंट्स स्टीलबैक्स के खिलाफ शुक्रवार को हुए विटैलिटी ब्लास्ट टी-20 मैच के दौरान साल्ट द्वारा इस्तेमाल किए गए बल्ले को क्रिकेट नियामक की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीयू) ने मंजूरी दे दी है।

## यूरोप दौरे पर भारत-ए पुरुष हॉकी टीम की शानदार शुरुआत, आयरलैंड को 6-1 से धोया



**आइंडहोवन, एजेंसी।** भारत–ए पुरुष हॉकी टीम ने हॉकी क्लब ओरांजे–रूड में आयरलैंड पर 6–1 से शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारत ने सभी चार क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया और कोई भी गलती नहीं की। उत्तम सिंह ने टीम के लिए पहला गोल दागा और इसके बाद अमनदीप लाकड़ा ने टीम की बढ़त को और मजबूत किया। इसके बाद आदित्य लालागे ने लगातार दो गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने भी एक–एक गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत की चुस्त–दुरुस्त रक्षापंक्ति के सामने आयरलैंड सिर्फ एक गोल ही कर सका। भारत का अगला मुकाबला 9 जुलाई को आयरलैंड से होगा, जहां उसे एक और सकारात्मक परिणाम की उम्मीद होगी।

# वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स शेड्यूल: भारत समेत 6 देशों की टीमें लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेड्स मैच शेड्यूल 2025¬वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का नया सीजन शुरू होने वाला है। 18 जुलाई से होने वाला यह टूर्नामेंट इस बार इंग्लैंड के 4 शहरों बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीड्स और लीसेस्टर में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत इंग्लैंड चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। टूर्नामेंट में इंडिया चैंपियंस समेत 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इंडिया चैंपियंस की कमान युवराज सिंह संभालेंगे। टूर्नामेंट में हर टीम एक दूसरे से 1-1 मैच खेलेगी। जीतने वाली टीम को 2 अंक मिलेंगे। शीर्ष पर रहने वाली 4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। यहां वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का पूरा शेड्यूल और इंडिया चैंपियंस समेत सभी टीमों का स्क्वाड दिया गया है।

### इंडिया चैंपियंस की टीम

युवराज सिंह (कप्तान), शिखर धवन, सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, गुरकीरत सिंह मान, यूसुफ पठान, स्टुअर्ट बिन्नी, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा (विकेटकीपर), हरभजन सिंह, पीयूष चावला, विनय कुमार, सिद्धार्थ कौल, अभिमन्यु मिथुन, वरुण एरोन।

### पाकिस्तान चैंपियंस की टीम

शाहिद अफरीदी (कप्तान), शोएब मकसूद, मिस्बाह-उल-हक, आसिफ अली, शरजील खान, यूनिस खान, शोएब मलिक, अब्दुल रज्जाक, कामरान अकमल (विकेटकीपर), सरफराज अहमद (विकेटकीपर), आमिर यामीन, सोहेल तनवीर, सोहेल खान, वहाब रियाज, सईद अजमल।




### ये है वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का पूरा शेड्यूल

| मैच संख्या | तारीख | टीमें | मैदान | समय |
|---|---|---|---|---|
| पहला मैच | 18 जुलाई, शुक्रवार | इंग्लैंड चैंपियंस बनाम पाकिस्तान चैंपियंस | एजबेस्टन, बर्मिंघम | रात 9.00 बजे से |
| दूसरा मैच | 19 जुलाई, शनिवार | वेस्टइंडीज चैंपियंस बनाम साउथ अफ्रीका चैंपियंस | एजबेस्टन, बर्मिंघम | शाम 5.00 बजे से |
| तीसरा मैच | 19 जुलाई, शनिवार | इंग्लैंड चैंपियंस बनाम ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस | एजबेस्टन, बर्मिंघम | रात 9.00 बजे से |
| चौथा मैच | 20 जुलाई, रविवार | इंडिया चैंपियंस बनाम पाकिस्तान चैंपियंस | एजबेस्टन, बर्मिंघम | रात 9.00 बजे से |
| पांचवां मैच | 22 जुलाई, मंगलवार | इंडिया चैंपियंस बनाम साउथ अफ्रीका चैंपियंस | काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन | शाम 5.00 बजे से |
| छठा मैच | 22 जुलाई, मंगलवार | इंग्लैंड चैंपियंस बनाम वेस्टइंडीज चैंपियंस | काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन | रात 9.00 बजे से |
| सातवां मैच | 23 जुलाई, बुधवार | ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस बनाम वेस्टइंडीज चैंपियंस | काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन | रात 9.00 बजे से |
| आठवां मैच | 24 जुलाई, गुरुवार | इंग्लैंड चैंपियंस बनाम दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस | ग्रेस रोड, लीसेस्टर | रात 9.00 बजे से |
| नौवां मैच | 25 जुलाई, शुक्रवार | पाकिस्तान चैंपियंस बनाम दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस | ग्रेस रोड, लीसेस्टर | रात 9.00 बजे से |
| दसवां मैच | 26 जुलाई, शनिवार | इंडिया चैंपियंस बनाम ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस | हेडिंग्ले, लीड्स | शाम 5.00 बजे से |
| 11वां मैच | 26 जुलाई, शनिवार | पाकिस्तान चैंपियंस बनाम वेस्टइंडीज चैंपियंस | हेडिंग्ले, लीड्स | रात 9.00 बजे से |
| 12वां मैच | 27 जुलाई, रविवार | साउथ अफ्रीका चैंपियंस बनाम ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस | हेडिंग्ले, लीड्स | शाम 5.00 बजे से |
| 13वां मैच | 27 जुलाई, रविवार | इंडिया चैंपियंस बनाम इंग्लैंड चैंपियंस | हेडिंग्ले, लीड्स | रात 9.00 बजे से |
| 14वां मैच | 29 जुलाई, मंगलवार | ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस बनाम पाकिस्तान चैंपियंस | ग्रेस रोड, लीसेस्टर | शाम 5.00 बजे से |
| 15वां मैच | 29 जुलाई, मंगलवार | इंडिया चैंपियंस बनाम वेस्टइंडीज चैंपियंस | ग्रेस रोड, लीसेस्टर | रात 9.00 बजे से |
| पहला सेमीफाइनल | 31 जुलाई, गुरुवार | अभी तय नहीं | एजबेस्टन, बर्मिंघम | शाम 5.00 बजे से |
| दूसरा सेमीफाइनल | 31 जुलाई, गुरुवार | अभी तय नहीं | एजबेस्टन, बर्मिंघम | रात 9.00 बजे से |
| फाइनल | 02 अगस्त शनिवार | अभी तय नहीं | एजबेस्टन, बर्मिंघम | रात 9.00 बजे से |

## जिस विंबलडन मैच को देखने पहुंचे कोहली-अनुष्का, वहां अवनीत भी रहीं मौजूद




**लंदन, एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा हाल ही में विंबलडन मैच देखने पहुंचे थे। उन्होंने सर्बिया के नोवाक जोकोविच और एलेक्स डि मिनोर के बीच हुए मुकाबले का लुत्फ उठाया। इस मैच को जोकोविच ने 1-6, 6-4, 6-4, 6-4 से जीता और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, मैच के दौरान कोहली और अनुष्का की जो तस्वीरें वायरल हुईं, उसमें दोनों का मुंह लटका हुआ दिखा था। इस पर सोशल मीडिया पर जमकर प्रतिक्रियाएं आईं कि दोनों निराश क्यों हैं। अब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल, उस मैच को देखने अवनीत कौर भी पहुंची थीं। फैंस कोहली के निराश चेहरे और तस्वीर को इससे जोड़ रहे हैं। अवनीत कौर बॉलीवुड सेलिब्रिटी हैं, जिनके फोटो को एक बार कोहली ने लाइक करके अनलाइक कर दिया था। फिर कोहली ने फोटो लाइक करने को लेकर स्पष्टिकरण दिया था, जिससे जमकर बवाल हुआ था। दरअसल, इसी साल दो मई को विराट कोहली ने अवनीत की फोटो लाइक कर दी थी।

# 'जब हर 4 दिन में दाढ़ी रंगनी पड़ी', विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के फैसले पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के अपने फैसले के पीछे की वजह का खुलासा कर दिया। विराट कोहली ने लगभग दो महीने बाद 8 जुलाई 2025 को पहली बार इस मुद्दे पर बात की। विराट कोहली ने दाढ़ी के रंग का हवाला देते हुए संकेत दिया कि अब समय आ गया है कि वह खेल के लाल गेंद वाले प्रारूप से नाता तोड़ लें।

### युवी के कार्यक्रम में इकट्ठा हुए दिग्गज क्रिकेटर्स

युवराज सिंह ने अपने फाउंडेशन के लिए धन जुटाने हेतु लंदन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें कई वर्तमान और पूर्व क्रिकेट हस्तियां एक ही छत के नीचे इकट्ठा हुईं। गौतम गंभीर के नेतृत्व में सहयोगी स्टाफ सहित पूरी भारतीय क्रिकेट टीम मौजूद थी। कार्यक्रम में सचिन तेंदुलकर, क्रिस गेल, केविन पीटरसन, ब्रायन लारा और आशीष नेहरा जैसे सितारे भी शामिल थे।

शहर के बीचों-बीच स्थित आलीशान होटल से निकलने से पहले टीम इंडिया लगभग एक घंटे तक रुकी और कुछ मजेदार एक्टिविटीज में हिस्सा लिया। जब सभी लोग डिनर के लिए तैयार हो चुके थे और अन्य एक्टिविटीज के शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, तभी विशाल स्क्रीन पर एक जाना-पहचाना चेहरा दिखाई दिया, जिसमें पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान विराट कोहली अपने दोस्त केविन पीटरसन के साथ खाना खाते हुए बातें करते नजर आए।

इसके बाद गौरव कपूर ने एक चैट सेशन का आयोजन किया, जिसमें भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री, क्रिकेटर युवराज सिंह, केविन पीटरसन, क्रिस गेल और डैरेन गॉफ शामिल हुए। शुरू में विराट कोहली मंच पर नहीं थे, लेकिन गौरव कपूर के आग्रह पर वह मंच पर आए और बाकी लोगों के साथ शामिल हो गए।

### मैंने 2 दिन पहले ही दाढ़ी रंगी है : कोहली

बाद में क्रिस गेल के साथ एक खास मुलाकात में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर तब अनोखी प्रतिक्रिया दी जब गौरव ने कहा कि मैदान पर उन्हें सभी मिस करते हैं। विराट कोहली ने कहा, 'मैंने दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी रंगी है। जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी को रंगते हैं तो आपको पता चल जाता है कि यही सही समय है।' विराट कोहली के साथ उनके पूर्व कोच शास्त्री भी थे और दोनों ने भारतीय क्रिकेट टीम के साथ बिताए समय के दौरान मिले सहयोग के लिए एक-दूसरे की प्रशंसा की। विराट कोहली ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर के साथ अपने रिश्ते के बारे में विस्तार से बात की और बताया कि कैसे इसने उन्हें एक टेस्ट क्रिकेटर बनने और देश के लिए जो कुछ भी हासिल किया, उसमें मदद की।



### रवि शास्त्री के बिना इतना शानदार नहीं होता करियर–कोहली

विराट कोहली ने कहा, 'सच कहूं तो अगर मैं उनके साथ काम नहीं कर रहा होताज तो टेस्ट क्रिकेट में जो हुआ वह मुमकिन नहीं होता। हमारे बीच जो स्पष्टता थी, वह मिलना बहुत मुश्किल है। क्रिकेटर्स के करियर में आगे बढ़ने के लिए यही सब कुछ है। अगर उन्होंने भी मेरा उतना साथ नहीं दिया होता जितना उन्होंने दियाज उन प्रेस कॉन्फ्रेंस में जहां उन्होंने आगे बढ़कर 'गोलियां' खाईं, ज्तो चीजें अलग होतीं और मेरे क्रिकेट के सफर में एक अहम हिस्सा होने के लिए मेरे मन में उनके लिए हमेशा सम्मान और आदर रहा है।'

### विराट कोहली ने 12 मई 2025 को की थी टेस्ट से संन्यास की घोषणा

12 मई को इंस्टाग्राम पर जारी एक संदेश में विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एक ऐसा प्रारूप जिसका उन्होंने अपने पूरे करियर में समर्थन किया। उन्होंने कहा था, 'इस प्रारूप से संन्यास लेना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। मैंने इसमें अपना सब कुछ लगा दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया है। मैं दिल से कृतज्ञता के साथ विदा ले रहा हूं- इस खेल के लिए, उन लोगों के लिए जिनके साथ मैंने मैदान साझा किया और हर उस व्यक्ति के लिए जिसने मुझे इस सफर में आगे बढ़ने का अहसास दिलाया। मैं अपने टेस्ट करियर को हमेशा मुस्कुराते हुए याद करूंगा।'

## संक्षिप्त समाचार

### काम के बहाने यूपी से दिल्ली बुला विवाहिता को होटल में बनाया बंधक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के पहाड़गंज के होटल में एक विवाहित महिला को चार दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने सोमवार को होटल के कमरे से परिजनों और पुलिस को इसकी सूचना देकर आपबीती बताई। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला को छुड़ाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि 19 वर्षीय पीड़िता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के भदोही जिले की रहने वाली है। वह जून में अपने पति राजू (परिवर्तित नाम) के साथ वाराणसी में रह रही थी, जहां उसका पति एक फैक्ट्री में काम करता था। इसी दौरान सरफराज नाम के एक व्यक्ति ने उसके पति को दिल्ली में काम दिलाने का झांसा दिया। सरफराज मजदूरों को विभिन्न स्थानों पर भेजने का ठेकेदार है। एक जुलाई को पीड़िता अपने पति के साथ दिल्ली पहुंची, जहां नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सरफराज मिला और उन दोनों को पहाड़गंज के एक होटल में ठहराया। अगले दिन सरफराज ने महिला के पति को तो वाराणसी वापस भेज दिया, जबकि उसे जान से मारने की धमकी देकर होटल के कमरे में बंधक बना लिया। पीड़िता के अनुसार, सरफराज उसे लगातार होटल बदल-बदलकर ले जाता रहा और चार दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। महिला द्वारा उसका विरोध करने पर वह उसके पति को जान से मारने की धमकी देता रहा। सोमवार को जब आरोपी कमरे में ताला लगाकर बाहर गया, तो महिला ने होटल के इंटरकॉम से परिजनों को कॉल कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों की सलाह पर उसने पुलिस की मदद के लिए 112 पर कॉल किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने होटल पहुंचकर पीड़िता को मुक्त कराया। मेडिकल जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी सरफराज को गिरफ्तार कर लिया है।

### नासिर-जुनैद मर्डर के आरोपी ने किया सुसाइड, बजरंग दल पर लगाया आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान में नासिर-जुनैद हत्याकांड में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध गौरक्षक ने सुसाइड कर लिया। पलवल के पास दिल्ली-आगरा रेलवे पटरी पर ट्रेन के सामने उसका शव मिला है। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि लोकेश सिंगला ने सुसाइड करने से पहले एक वीडियो बनाया था, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि बजरंग दल के सदस्यों द्वारा किए गए उत्पीड़न के कारण वह आत्महत्या कर रहा है। उसने यह वीडियो अपनी पत्नी को भेजा, जिसने बाद पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। राजस्थान-हरियाणा सीमा पर एक गाड़ी में मिले थे। उन्हें कथित तौर पर कुछ गोरक्षकों ने गाय की तस्करी के आरोप में अगवा किया था। इस मामले में सिंगला भी एक आरोपी था। सिंगला की पत्नी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने फरीदाबाद की राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।सुसाइड करने से पहले सिंगला ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर बड़ा आरोप लगाया है। वीडियो जारी कर सिंगला ने कहा कि तीन लोग उन्हें धमका रहे हैं। उन्होंने मेरे पीछे गुंडे भेजे और धमकी दी कि मुझे झूठे मामलों में फंसा दिया जाएगा।

### सौतेली मां को लेकर भाग गया बेटा, कर ली कोर्ट मैरिज; दर-दर भटक रहा पिता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** समाज में हर रिश्ते की अपनी अहमियत है। लेकिन कई बार इसी समाज में अजीब तरह के रिश्ते भी देखने को मिलते हैं। ऐसा ही हुआ है हरियाणा के नूंह जिले में। यहां एक बेटे ने अपनी सौतेली मां से ही शादी कर ली। शादी के लिए दोनों अपने घर से फरार हुए और कोर्ट में शादी कर ली। पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन पुलिस का कहना है कि दोनों बालिग हैं। हरियाणा के नूंह जिले में एक शख्स की पत्नी की मौत हो गई। पहली पत्नी की मौत के बाद शख्स ने दूसरी शादी की और अपने नाबालिग बेटे के साथ घर में रहने लगा। इस दौरान नाबालिग बेटे और सौतेली मां में प्रेम संबंध बन गए। इसके बाद दोनों ने घर से भागकर शादी कर लेने का फैसला किया।

# दिल्ली से रूठ गया मॉनसून ! नहीं हो रही बारिश, तेज धूप और उमस कर रही परेशान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में अच्छी बारिश नहीं होने के चलते लोगों के लिए गर्मी की परेशानी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में तेज धूप और उमस के चलते लोग बेहाल रहे। इसके चलते दिल्ली के लोगों ने 48 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी का अनुभव किया।

दिल्ली में इस बार मई और जून के महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। इसके चलते इन दोनों ही महीनों में औसत तापमान भी सामान्य से कम रहा। लेकिन, जुलाई के महीने में अभी तक अच्छी बारिश नहीं हुई है। मानसून का आगमन दिल्ली में 29 जून को ही हो गया था लेकिन, पूरी दिल्ली को भिगोने वाली अच्छी वर्षा के लिए अभी भी इंतजार किया जा रहा है। इसके चलते लोगों को ज्यादा गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार सुबह से ही तेज धूप रही जो दिन चढ़ने के साथ तेज हो गई। दिल्ली के वातावरण में पिछले दिनों हुई बारिश के चलते इस समय नमी की मात्रा काफी ज्यादा है। मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 0.4 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा, यह सामान्य से 0.9 डिग्री कम है।

मौसम विभाग के मुताबिक, मंगलवार शाम को पांच बजे दिल्ली का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस पर था, जबकि, नमी का स्तर 58 फीसदी तक रहा था। इस दौरान हवा की गति 14.8 किलोमीटर प्रति घंटे की रही थी। मौसम की इन परिस्थितियों के चलते लोगों ने 48.3 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी (फील लाइक तापमान) का अनुभव किया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार-पांच दिनों के बीच अभी दिल्ली में अच्छी बारिश होने की संभावना नहीं है।

मौसम के कारकों के चलते दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 98 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को संतोषजनक श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है।

## मानेसर नगर निगम के 20 पार्षद एक महीने से 'गायब'; डिप्टी मेयर पद चुनाव को लेकर गहराई राजनीति




**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम के मानेसर नगर निगम में सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के चुनाव को लेकर राजनीति गहराती जा रही है। पिछले करीब एक महीने से 20 पार्षद 'गायब' बताए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकतर निर्दलीय हैं। यह स्थिति तब है जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 1 जुलाई को हरियाणा सरकार को 3 सप्ताह के भीतर दोनों पदों के चुनाव करवाने के निर्देश दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार, निर्दलीय पार्षदों का ग्रुप भाजपा पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। दोनों पदों को लेकर जोड़-तोड़ जारी है। निर्दलीय पार्षदों का एक बड़ा ग्रुप कथित तौर पर अज्ञात स्थान पर है ताकि उन्हें किसी भी प्रकार के 'प्रलोभन' या दबाव से बचाया जा सके। हाईकोर्ट के आदेश के बाद से निर्दलीय ग्रुप चुनाव के इंतजार में है और अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे रहा है। माना जा रहा है कि पार्षदों का 'गायब' होना शक्ति प्रदर्शन का एक तरीका है, ताकि चुनाव के समय उनकी संख्या एकजुट रहे और वे अपनी पसंद के उम्मीदवारों को इन महत्वपूर्ण पदों पर बिठा सकें। इस स्थिति ने मानेसर नगर निगम में राजनीतिक सरगर्मी तेज कर दी है। अब देखना यह होगा कि हाईकोर्ट द्वारा तय की गई समय-सीमा के भीतर चुनाव कैसे संपन्न होते हैं और 'गायब' हुए पार्षद कब और किस रणनीति के साथ सामने आते हैं। मानेसर निगम की मेयर इंद्रजीत कौर यादव ने सरकार के एक मंत्री पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पार्षद के भाई के साथ मारपीट के मामले में मेयर के पति राकेश हयातपुर का नाम का जिक्र है। इस मामले में केस दर्ज होने के बाद राकेश हयातपुर के घर पर पुलिस द्वारा दबिश दे रही है। इसी को लेकर मेयर के कार्यकर्ताओं ने मानेसर के अंबेडर भवन में सोमवार को पंचायत बुलाई थी। एक वीडियो सामने आया है जो उसी पंचायत का बताया जा रहा है।

## बेबस मां देखती रह गई, तीन सगे भाइयों ने बेटे को सरेआम चाकू से गोदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के वसंतकुंज नॉर्थ इलाके में मंगलवार शाम को तीन सगे भाइयों ने पुराने झगड़े का बदला लेने के लिए पड़ोसी युवक को उसकी मां के सामने चाकू से गोद दिया। आरोपियों ने युवक पर चार वार किए और मौके से फरार हो गए।

मामले की सूचना घायल की बहन ने पुलिस को दी और अपने भाई को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया। अस्पताल में डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित का दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 24 वर्षीय सन्नी अपने परिवार के साथ अर्जुन कैंप इलाके में रहता है। वह एक होटल में सफाई कर्मी का काम करता था। उसके परिवार में मां, भाई और बहन शामिल है। पिता की महले मौत हो चुकी है। सन्नी की मां इलाके में ही घरेलू सहायिका का काम करती है। मृतक की पड़ोसी ममता ने बताया कि सन्नी और उसकी मां मंगलवार शाम घर लौट थे।

सन्नी की मां घर के बाहर बैठकर ममता से बात करने के लिए उनके घर के बाहर रुक गई, सन्नी भी वहीं पर खड़ा था। इसी दौरान घर के सामने रहने वाला राहुल, राज कुमार और रवि वहां आ गए और सन्नी से झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर तीनों भाइयों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद चाकू से सन्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर मौके से फरार हो गए। इस दौरान मां ने सन्नी को आरोपियों से बचाने की कोशिश की। आरोपी उसकी मां के साथ भी मारपीट करने लगे। परिजन घायल सन्नी को स्पाइनल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने दो दिन पहले सन्नी के भाई प्रदीप की भी पिटाई की थी। आरोपियों ने प्रदीप को अकेला देखकर उसे रोका और फिर उसकी जमकर पिटाई की। हालांकि इस दौरान वहां भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों के बीच बचाव करने पर आरोपी वहां से चले गए।

# दिल्ली में दो साल कानूनी जंग के बाद बनी सड़क, बारिश से 15 दिन में उखड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के कोटला मुबारकपुर के निवासियों ने दो साल कानूनी जंग लड़कर सड़क बनवाई। लोगों को लगा कि कुछ राहत मिलेगी, लेकिन इस साल की हल्की बूंदाबांदी के बाद ही सड़क महज 15 दिन में उखड़ गई।

इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इस पीड़ा को लेकर स्थानीय निवासी एक बार फिर दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। स्थानीय निवासियों ने याचिका दायर कर इस सड़क को बनाने वाले स्थानीय निकायों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इस सड़क को दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी 11 महीने की देरी से बनाया गया।

19 जून को बनकर तैयार हुई इस सड़क में महज 15 दिन बाद ही गड्ढे हो गए हैं। न्यायालय से भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग के साथ एक बार फिर से सड़क बनवाने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 2022 में



दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इलाके की बदहाल सड़क का दर्द बयां किया था। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि यह सड़क पिछले 15 साल से टूटी पड़ी है। यह कोटला मुबारकपुर के मुख्य मार्गों में आती है। याचिका के साथ सड़क की तस्वीरें भी कोर्ट के समक्ष पेश की गईं। दो साल तक मामला पीठ के समक्ष विचाराधीन रहा। 5 सितंबर 2024 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने आदेश जारी कर निगम को दिसंबर 2024 तक इस सड़क का निर्माण पूरा करने को कहा। हालांकि सड़क निर्माण में देरी हुई और जून 2025 में सड़क का निर्माण पूरा हुआ। मामूली बारिश के बाद सड़क के जगह-जगह से उखड़ने के बाद यह मुद्दा एक बार फिर उच्च न्यायालय में पहुंच गया है। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने 5 सितंबर 2024 को दिल्ली नगर निगम को साउथ एक्स पार्ट वन के शानचंद मार्ग के निर्माण के आदेश दिए थे। लेकिन बाद में इस सड़क को दिल्ली सरकार के बाढ़ एवं सिंचाई विभाग ने बनाया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। याचिकाकर्ताओं ने इस बात की भी जांच की मांग की है कि जब सड़क निगम को बनानी थी, तो बाढ़ एवं सिंचाई विभाग से इसका निर्माण क्यों कराया गया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति कैबिनेट बैठक में बोले: पुतिन से खुश नहीं



### यूक्रेन में लोगों की हत्या का दोषी भी ठहराया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन संघर्ष में रूस की तरफ से लगातार हो रहे हमले को लेकर एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाराजगी जताई है। मंगलवार को व्हाइट हाउस में हुई बैठक में ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन पर लगातार हो रहे हमले के चलते वे रूसी राष्ट्रपती व्लोदिमीर पुतिन से नाराज है। ट्रंप ने कहा कि ये युद्ध बहुत से लोगों की जान ले चुका है और अभी भी ये सिलसिला जारी है। साथ ही ट्रंप ने माना कि उन्होंने पहले यह सोचा था कि पुतिन को मना कर युद्ध रुकवा सकते हैं, लेकिन यह काम काफी मुश्किल साबित हुआ।

पहले किया था पुतिन का समर्थन बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने अपने पिछले चुनाव प्रचार में दावा किया था कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध को जल्द खत्म कर सकते हैं। हालांकि अब उन्होंने स्वीकार किया है कि पुतिन शांति की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। ट्रंप ने कुछ दिन पहले पुतिन से फोन पर बात की थी, जिसके बाद उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह युद्ध रोकना चाहते हैं। इतना ही नहीं बीते सोमवार को इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ डिनर के दौरान भी ट्रंप ने कहा था कि मैं राष्ट्रपति पुतिन से बिल्कुल भी खुश नहीं हूं। कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रंप ने यह भी बताया कि अमेरिका अब यूक्रेन को फिर से रक्षात्मक हथियार भेजेगा, जबकि पहले उन्होंने हथियार भेजने पर रोक लगाई थी। उन्होंने कहा कि पुतिन इंसानों के साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे। रोक लगाने का फैसला किसने लिया था, तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुझे नहीं पता, आप ही बताइए। इसके साथ ही अंत में ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन के लोग बहादुर हैं, और हमने उन्हें सबसे बेहतरीन हथियार दिए। अगर उन्हें ये हथियार नहीं मिलते, तो शायद यह युद्ध सिर्फ 3-4 दिन चलता। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप के ताजा बयान यह दिखाते हैं कि उनका रूस और यूक्रेन को लेकर नजरिया अब पहले जैसा नहीं रहा, और यह युद्ध उनकी विदेश नीति के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

## अदालत ने 10 लोगों को 141-141 साल की सजा सुनाई

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिको की एक अदालत ने मंगलवार को 10 लोगों को 141 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई। ये सभी लोग पश्चिमी मैक्सिको के जलिस्को राज्य के एक फार्म हाउस पर खतरनाक अपराधी गिरोह जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) के लिए लोगों की भर्ती, हत्या और लाश गायब करने के मामलों में शामिल थे।

जलिस्को राज्य में में मौजूद इसागुइरे रैंच (फार्म हाउस) का इस्तेमाल साल 2021 से अपराधियों की भर्ती और ट्रेनिंग के लिए किया जा रहा था। इसी साल इस फार्म हाउस का खुलासा हुआ, जिससे पूरे इलाके में डर और दहशत फैल गई। सितंबर 2024 में फार्म हाउस पर पहली बार छापा मारा गया था और वहां से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब उन्हें तीन लोगों के अपहरण और हत्या के मामले में दोषी पाया गया है।

अदालत ने हर दोषी को 141 साल तीन महीने की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, 13 लाख मेक्सिकन पेसो (लगभग ?54 लाख रुपये) पीड़ितों के परिवार को मुआवजा देने का भी आदेश दिया गया है। इस केस में अभी भी पांच अन्य लोग आरोपों का सामना कर रहे हैं। जिसमें तीन स्थानीय पुलिस अधिकारी हैं, एक गिरोह का सदस्य जो नई भर्ती करता था और टेउचिटलान नगर के मेयर जोस



मुरगुइया सैंटियागो शामिल हैं। खास बात ये है कि जलिस्को की मानवाधिकार संस्था ने साल 2021 में ही स्थानीय प्रशासन को चेताया था कि यह फार्म हाउस खतरनाक गिरोह चला रहा है। लेकिन नगर प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद मेयर को गिरफ्तार कर लिया गया।

मानव अवशेष और जले हुए कपड़ों का खुलासा

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के एक समूह ग्युरेरोस बुस्काडोरेस डी जलिस्को ने इस साल 5 मार्च को फार्म हाउस से जली हुए मानव अवशेष और सैकड़ों कपड़े-चप्पल बरामद किए। यह देखकर लोगों में गुस्सा और डर फैल गया। इस खुलासे के बाद यह भी सामने आया कि जलिस्को की राज्य पुलिस ने शुरुआती छापे के बाद महीनों तक कोई जांच आगे नहीं बढ़ाई थी। अंततः नेशनल गार्ड ने मोर्चा संभाला और 10 लोगों को गिरफ्तार किया।

# आर्मेनिया की असेंबली में सांसदों के बीच मारपीट, विपक्षी सांसद की गिरफ्तारी पर चर्चा के बीच बोतलें और मुक्के चले

**येरेवन, एजेंसी।** आर्मेनिया की नेशनल असेंबली (संसद) में मंगलवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों में जमकर मारपीट और गाली गलौच हुई। आर्मेनिया में पहले से ही तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल इस घटना के बाद और गर्मा गया। इस मामले की शुरुआत तब हुई जब विपक्षी सांसद आर्तुर सर्गस्यान की संसदीय छूट (इम्युनिटी) खत्म करने और गिरफ्तारी को लेकर एक प्रस्ताव पर बहस हो रही थी। सत्ताधारी दल ने सर्गस्यान पर आपराधिक आरोपों का हवाला देकर उनकी संसदीय छूट खत्म कर गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि, इन आरोपों की डिटेल नहीं दी गई।

विपक्ष ने इस प्रस्ताव को बदले की भावना से प्रेरित और विपक्ष की आवाज कुचलने की कोशिश करार दिया। सत्र शुरू होने के बाद जल्द ही गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और फिर हाथापाई शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सांसद एक-दूसरे पर मुक्के चलाते और बोतलें फेंकते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड्स ने दखल देकर मामले को कंट्रोल किया।

सर्गस्यान बोले- देश तानाशाही का गढ़ बना

अपनी स्पीच में सर्गस्यान ने कहा कि ÷आर्मेनिया तानाशाही का गढ़ बन गया है, जहां सब कुछ पहले से तय, लिखित और मंजूर होता है। प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान की सरकार विपक्षी नेताओं पर तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाकर कार्रवाई कर रही है।÷ इससे पहले सोमवार को पशिनयान ने कहा था कि वह आर्मेनियाई



अपोस्टोलिक चर्च को ईसाई-विरोधी, व्यभिचारी, राष्ट्र-विरोधी और राज्य-विरोधी लीडरशिप से आजाद करेंगे। इसके बाद संसद में विपक्ष के दो नेता, पूर्व रक्षा मंत्री सेयान ओहानयान और आर्ट्सविक मिनासयान की संसदीय छूट खत्म करने के लिए वोटिंग हुई। इसके बाद दोनों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया। संसद के डिप्टी चेयरमेन रूबेन रूबिनयान ने तनाव बढ़ता देख संसद सत्र स्थगित कर दिया।

आर्मेनिया को 2020 में अजरबैजान के खिलाफ नागोर्नो-कारबाख युद्ध में हार सामना करना पड़ा था, जिसके बाद से देश के राजनीति हालात अस्थिर बने हुए हैं। 2020 में अजरबैजान ने आर्मेनिया पर हमला कर दिया था। करीब छह हफ्ते चले युद्ध के बाद अजरबैजान की एकतरफा जीत हुई और उसने विवादित इलाके का बड़े हिस्से को अपने कब्जे में ले लिया था। इस युद्ध में दोनों देशों के 6500 से ज्यादा लोग मारे गए थे। युद्ध विराम के लिए रूस को आगे आना पड़ा था। इस हार के बाद से प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन और उनकी सिविल कॉन्ट्रैक्ट पार्टी पर विपक्ष का दबाव बढ़ता जा रहा है। विपक्षी दल, खास तौर पर आर्मेनिया गठबंधन, सरकार पर संविधान का दुरुपयोग करने और लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगा रहा है।

नागोर्नो-कारबाख इलाका 20 साल से भी ज्यादा समय से आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच विवाद का कारण बना हुआ है। कोई भी देश इसे स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता नहीं देता। 1988 से दोनों यूरेशियन देश नागोर्नो-कारबाख इलाके पर कब्जा करना चाहते हैं। यह क्षेत्र अंतरराष्?ट्रीय रूप से अजरबैजान का हिस्?सा है, लेकिन उस पर 1994 से आर्मेनिया के जातीय गुटों का कब्?जा है। यह दक्षिण कॉकेशस में ईरान, रूस और तुर्की की सीमा पर एक महत्वपूर्ण सामरिक (स्ट्रैटेजिक) इलाका है।

## सेंट्रल ट्रेड यूनियन संगठन के आह्वान पर बैंक व बीमाकर्मी रहे हड़ताल पर

# केंद्र सरकार के खिलाफ होती रही नारेबाजी







**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र सरकार की कथित जन एवं मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सेन्ट्रल ट्रेड यूनियन संगठनों के आह्वान पर आज बैंक एवं बीमा कर्मी पूरी तरह हड़ताल पर रहे। एआईबीईए, बीईएफआई, एआईआईईए, जीआईइएआईए, एवं एआईएलआईसीईएफ यूनियन से जुड़े कर्मी भी हड़ताल ने शामिल हुए। पूर्णतया कामकाज बंद रहा। बैंकों एवं बीमा सेक्टर में ताले लटके रहे। बैंक कर्मचारियों ने अपनी शाखाओं के सामने नारेबाजी करते हुए सरकार से जन विरोधी श्रम सुधार कानून को वापस लेने की मांग की। बैंक व बीमाकर्मियों ने जन विरोधी बैंकिंग सुधार कानून को वापस लेने, बैंकों का निजीकरण करने का प्रयास अविलंब बंद करने, बैंकों में जमा आम जनता की जमा पूंजी की लूट पर रोक लगाने के लिए कड़े कानून लाने सहित अन्य मांग पूरी होने तक लड़ाई जारी रखने की बात कही। आज के हड़ताल को सफल बनाने वालों में दिलीप झा सहित बैंक यूनियन के राजेश कुमार ओझा, राजेश श्रीवास्तव, अरुण कुमार, विभाष झा, राकेश मिश्रा, प्रदीप झा, नीरज कुमार तिवारी, पंकज कुमार सिंह, रजनीश कुमार तिवारी, प्रशांत कुमार, पीके श्रीवास्तव, सुजाता कुमारी, ममता रावत आदि सैकड़ो की संख्या में सक्रिय रहे एवं अंतिम समय तक डटे रहे।

## बीमाकर्मियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ व्यक्त किया आक्रोश




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एवं अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के स्वतंत्र अखिल भारतीय संघों द्वारा बुलाई गई आम हड़ताल में बोकारो के बीमाकर्मी भी शामिल हुए। बैंककर्मी अपने कार्यालय के समक्ष हड़ताल पर बैठे। उन्होंने श्रमिक कानूनों को नियोक्तापरक बनाने, एलआईसी के 6.5% सरकार की हिस्सेदारी बेचने के विरोध में ,बैंक, साधारण बीमा व अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण की योजना वापस लेने, श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं को रद्द करने, नई पेंशन प्रणाली को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने सहित अन्य मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की। इस मौके पर बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग मंडल के संयुक्त सचिव ने हड़ताल को ऐतिहासिक बताया। कहा की करोड़ों श्रमिकों द्वारा किए जाने वाला यह प्रतिरोध निश्चित ही हमारी संस्था का रक्षा कवच बन सकता है। पुरानी पेंशन बहाली का आंदोलन इस हड़ताल से और पुख्ता होगा। देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई व कम होती मजदूरी के कारण लोगों की बीमा खरीदने की क्षमता में होती गिरावट हमारे उद्योग को गंभीरता से प्रभावित कर रही है। इसलिए यह हड़ताल हमारे लिए बेहद जरूरी है। एलआईसी के आईपीओ और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार इसके शेयरों को बेचने के बीमाधारक विरोधी निर्णय का परित्याग नहीं कर देती।

# लाभुकों के किश्त भुगतान में नहीं हो कोई विलंब : उपायुक्त

## आवास योजना के लाभुकों से निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी ली



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने चास प्रखंड अंतर्गत अलकुशा पंचायत एवं ब्राह्मण द्वारिका पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गरांटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई), अबुआ आवास योजना (एएवाई) और बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत क्रियान्वित योजनाओं का क्रमवार निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने योजनाओं की भौतिक प्रगति का जायजा लिया, लाभुकों से संवाद किया तथा किस्त भुगतान एवं निर्माण कार्य की विस्तार से जानकारी ली।

**आवास योजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के लाभुकों से अब तक प्राप्त किस्तों की स्थिति और निर्माण में आ रही बाधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अलकुशा पंचायत एवं ब्राह्मण द्वारिका पंचायत के अबुआ आवास योजना के लाभुक डलिया देवी, नेपाल रजवार एवं पीएम आवास योजना के लाभुक जितेंद्र महतो के निमार्णाधीन आवास का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित बीडीओ चास को कहा कि लाभुकों को योजनाओं की किस्त भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने बीडीओ एवं संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गति लाने हेतु लाभुकों को तकनीकी व प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराएं तथा आवास निर्माण की मानव दिवस सृजन की अनिवार्यता का भी ध्यान रखें।

**लाभुकों से किया संवाद,समाधान का पहल**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने इस दौरान ग्रामीण महिला सरीता देवी से झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के संबंध में भी जानकारी ली। सरीता देवी ने बताया कि उन्हें योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है और वह इस राशि का इस्तेमाल अपने बच्चों के पठन - पाठन में करती है। इस पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना (झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान) के शुरू करने के पीछे यह उद्देश्य है कि महिलाओं का सम्मान बढ़े। घर - गृहस्थी में उनकी भागीदारी बढ़े वह अपने बच्चों के पठन झ पाठन एवं अन्य छोटी - मोटी जरूरतों को पूरा कर सकें। सरीता देवी समेत उपस्थित अन्य महिलाओं ने इस योजना के शुरू करने को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। बीएचजी योजना के आम बागवानी का लिया जायजा ब्राह्मण द्वारिका पंचायत के भूईयां द्वारिका गांव में बिरसा हरित ग्राम योजना (बीएचजीवाई) के तहत लाभुक सतार अंसारी के आम बागवानी का भी उपायुक्त ने जायजा लिया। उन्होंने पौधों की वृद्धि झ देख रेख की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में आम का उत्पादन बेहतर हो रहा है। इसको आस -पास के बड़े मार्केट से लिंकेज करने की जरूरत है। उपस्थित अधिकारियों को कोलकाता और आस-पास के बड़े मार्केट से जोड़ने के दिशा में एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। ताकि ग्रामीणों को बेहतर उत्पादन मूल्य मिल सके।

**पंचायत सचिवालय में की बैठक,ली जानकारी**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने ब्राह्मण द्वारिका पंचायत सचिवालय में चास बीडीओ/सीओ, पंचायत के मुखिया व अन्य के साथ बैठक कर पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं, अबुआ आवास योजना, पीएम आवास योजना की जानकारी ली। अब तक किन टोलों/गांवों में कितनों को विभिन्न योजनाओं से अच्छादित किया गया है विस्तार से पूछा। इस क्रम में बीडीओ ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में इंदिरा आवास योजना, पीएम आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को क्रमवार आवास योजना से अच्छादित किया जा रहा है। इस क्रम में उपायुक्त ने पंचायात क्षेत्र के कालिंदी टोला का बीडीओ/सीओ को निरीक्षण कर कितने लोगों को आवास की आवश्यकता है और उनका नाम सूची में हैं या नहीं इसका प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य आमजन को सीधे लाभ पहुंचाना है। इसलिए सभी पदाधिकारी योजनाओं का भेदभाव रहित, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# प्रत्येक माह कम से कम दो सक्सेस स्टोरी करना जरूरी : डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति, वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा एवं सरकारी योजनाओं में बैंकिंग भागीदारी की चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों का जायजा लेते हुए बताया कि सरकार द्वारा 1130 बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके विरुद्ध 1138 युवा को प्रशिक्षित किया गया, जिसमे से अभी तक 829 युवा बैंक ऋण या अपने पूंजी से अपना व्यवसाय कर रहे है। वही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1100 युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित है। इन प्रशिक्षण के साथ ही युवाओं ने बैंक लोन व महिला समूहों के माध्यम से स्वरोजगार प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है। मौके पर एलडीएम आबिद हुसैन, डीडीएम नाबार्ड फिलोमेन बिलुंग, निदेशक आसेटी सुमन प्रभात एक्का, आसेटी संकाय कुमार पटेल, जिला कृषि पदाधिकारी मो शाहिद, जेएसएलपीएस की निहारिका मिंज, डेयरी डेवलपमेंट पदाधिकारी त्रिदेव मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

**प्रत्येक माह कम से कम दो सक्सेस स्टोरी करना जरूरी-**

बैठक में RSETI द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान डीडीसी श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने कहा कि प्रत्येक माह कम से कम दो सक्सेस स्टोरी करना जरूरी है ताकि आमलोगों को जानकारी मिल सके तथा वो भी जुड़े। साथ ही उन्होंने निर्धारित समय में ही प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण करने तथा आगे के लक्ष्यों को निर्धारित भी करने का निर्देश दिया। वहीं, बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्य योजना पर भी चर्चा हुई। डीडीसी श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने बताया कि इस वर्ष 2025-26 में 1100 बेरोजगारों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है।

# उपायुक्त ने निभाई शिक्षक की भूमिका, बच्चों को बताया 26 जनवरी का इतिहास



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय द्वारिका (चास) का औचक निरीक्षण किया। साथ ही स्वयं शिक्षक की भूमिका निभाई। वह कक्षा 08 में गए। जहां छात्र यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय से संबंधित अध्याय की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने छात्रों से इस संबंध में जानकारी ली, उनसे फ्रांस की क्रांति कब हुई पूछा, हमारा देश कब स्वतंत्र हुआ आदि पूछा। सभी बच्चों ने त्वरित इसका जवाब दिया। जिस पर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने छात्रों को भारत की आजादी से पूर्व 26 जनवरी तारीख का क्या महत्व था, संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी 1950 की तारीख को क्यों चुना गया, इसका विश्लेषण करते हुए छात्रों को परिचित कराया। उन्होंने उपस्थित शिक्षक को बच्चों को सामान्य ज्ञान से जुड़ी बातें भी बताने को कहा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्रों से सीधे संवाद किया। वह विद्यालय के कक्षा 09 में भी गएं, जहां छात्र अंग्रेजी के विषय में विंड (हवा) का चैप्टर पढ़ रहे थे। उन्होंने छात्रों को कहा कि अपना व्यक्तित्व हवा की तरह बनाइएं झ जो दिखती नहीं, लेकिन सबको महसूस होती है। कहा कि किसी का व्यक्तित्व केवल पहनावे या बातों से नहीं, बल्कि उसके व्यवहार - सोच से झलकता है। जिस तरह हवा अपने अस्तित्व को बिना दिखे भी हर किसी को प्रभावित करती है, वैसे ही एक अच्छा इंसान अपने व्यक्तित्व से लोगों के बीच अपना स्थान बनाता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि एक बेहतर नागरिक बनना है।

**निरीक्षण में पाई खामियां और दिए अहम निर्देश**

निरीक्षण क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान कई बिंदुओं पर नाराजगी जताई। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि फरवरी 2025 से अब तक विद्यालय में शिक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा कोई निरीक्षण नहीं किया गया है। उन्होंने इसे प्रशासनिक उदासीनता का संकेत बताया और इस पर शीघ्र संज्ञान लेने की बात कहीं। विद्यालय में पुस्तकालय की स्थिति अपेक्षित स्तर की नहीं थी। उसे एक सप्ताह में बेहतर बनाने को कहा। पुस्तकालय को तहसिल कचहरी के उपर तल्ले पर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। बीडीओ/सीओ- मुखिया को सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय आने वाले कल की बुनियाद का निर्माण करता है। सभी शिक्षक अपने कर्तव्य और दायित्व बोध पर राष्ट्र गौरव का अनुभव करें और पूरे मन से बच्चों का व्यक्तित्व गढ़ें। विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण की भरपूर संभावना है।

**प्राथमिक विद्यालय भूईयां द्वारिका चास टू का भी किया निरीक्षण**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय भूईयां द्वारिका चास टू का भी दौरा किया। उन्होंने कक्षा तीन की छात्रा डौली कुमारी एवं कक्षा 04 की छात्रा अनु कुमारी से संवाद किया, उनके कापी को देखा। इस दौरान उन्होंने विद्यालय मे मिड-डे मील की गुणवत्ता का जांच किया और संतोषजनक स्तर न पाए जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने डीएसई को सभी विद्यालयों में एमडीएम में हरी सब्जियों की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक भोजन, दोनों बच्चों के समग्र विकास के लिए जरूरी हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि भावी नागरिकों के निर्माण की प्रयोगशाला हैं। शिक्षकों - प्रधानाध्यापकों और शिक्षा अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे इस दायित्व को गंभीरता से निभाएं। वहीं, विद्यालय परिसर के प्रवेश द्वार पर जल जमाव देख मुखिया को जमीन पर मिट्टी भरने का निर्देश दिया। बीडीओ को निगरानी को कहा।

# जीजीएसईएसटीसी भारत के उत्कृष्ट इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज में हुआ शामिल




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरु गोबिंद सिंह एडुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, कांड्रा, चास एनएएसी द्वारा बी++ ग्रेड प्राप्ति के साथ भारत के उत्कृष्ट इंजीनियरिंग एवम् मैनेजमेंट कॉलेज में शामिल हुआ। साथ ही विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति योजनाओ से संबंधित रहा। इसकी जानकारी एक प्रेसवार्ता आयोजित कर जी.जी.ई.एस. के अध्यक्ष तरसेम सिंह, सचिव सुरेंद्र पाल सिंह एवं निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) प्रियदर्शी जरूहार ने संयुक्त रूप से दी। निदेशक द्वारा बताया गया कि संस्थान, एनएएसी द्वारा बी++ ग्रेड प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। साथ ही संस्थान के विधार्थियो के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओ की भी जानकारी साझा की, जिसमें क) ई-कल्याण छात्र- वृत्ति द्वारा 90,000/- की वृद्धि राशि होगी, वहीं डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए प्रतिवर्ष 60,000/- राशि होगी। ख) मानकी मुंडा छात्रवृत्ति के तहत बी. टेक.- 30,000/ प्रतिवर्ष, डिप्लोमा- 15,000/- प्रतिवर्ष होंगे। इनके अलावे और भी विभिन्न प्रकार के छात्रवृत्ति योजनाओ के विषय में उन्होंने उल्लेख किया। साथ ही सचिव महोदय ने कहा की जी. जी. एस. ई. एस. टी. सी., जे.यू.टी. के तहत एन ए ए सी बी++ ग्रेड के कारण पहला इंजीनियरिंग एवम् मैनेजमेंट ऑटोनोमस कॉलेज होगा। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयकगणः प्रो. हुसैन अंसारी, प्रो. सुमित कुमार पांडे और प्रो. रश्मि ठाकुर रहे। इस प्रेस वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों, अभिभावकगण एवम् छात्र- छात्राओ ने बड़ी संख्या मे भाग लिया। जीजीईएस के अध्यक्ष महोदय एवम् सचिव महोदय ने सभो को बधाई दिये।

# उपायुक्त ने जिला अभिलेखागार का किया निरीक्षण

## कहाः महत्वपूर्ण दस्तावेजो का डिजीटलाइजेशन जरूरी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला अभिलेखागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन की भौतिक स्थिति, दस्तावेजों की सुरक्षा व्यवस्था/रख - रखाव तथा डिजिटल प्रबंधन को लेकर विस्तार से समीक्षा की। अभिलेखागार भवन की सीपेज स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग अमृत कुमार को निर्देश दिया कि तत्काल मरम्मति कराई जाए तथा एक आधुनिक मॉडल जिला अभिलेखागार की स्थापना हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार करें।

**सभी दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन जरूरी**

उपायुक्त ने कहा कि अभिलेखागार किसी भी जिले की सांस्कृतिक, प्रशासनिक और ऐतिहासिक धरोहर का केंद्र होता है। यहां पर वर्षों से संग्रहीत प्रशासनिक आदेश, रिपोर्ट, योजनागत दस्तावेज, भूमि अभिलेख एवं अन्य महत्वपूर्ण फाइलें रखी जाती हैं, जिन्हें सुनियोजित तरीके से संरक्षित करना जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी दस्तावेजों का क्रमबद्ध डिजिटलीकरण किया जाए तथा उन्हें ऑनलाइन सुलभ रखा जाए, ताकि भविष्य में कोई भी दस्तावेज शीघ्रता से उपलब्ध हो सके। निरीक्षण क्रम में उन्होंने अभिलेखागार में छोटे टेबल लगाने, टेबलों का क्रम तैयार करने, किस टेबल पर कौन सा दस्तावेज निष्पादन हुआ, उसका पूरा विवरण पंजी में अंकित होना चाहिए। प्रभारी पदाधिकारी, जिला अभिलेखागार को इसे सुनिश्चित करने को कहा।

# बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भूमि सुधार उपसमाहर्ता के कार्यालय कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 37 चन्दनकियारी (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र -सह- भूमि सुधार उपसमाहर्ता, चास प्रभाष कुमार दत्ता की अध्यक्षता में मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन की प्रक्रिया में पारदर्शिता को बढ़ाने तथा इसकी विश्वसनीयता में सुधार लाने के निमित्त बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति से संबंधी बैठक की गई। इसमें उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को बी एल ए बनाने के लिए फॉर्म भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों एवं सचिवों उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विचार-विमर्श करना था। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यो - जैसे घर-घर सर्वेक्षण, मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा तैयार करना, मतदाताओं को केंद्रवार टैग करना की विस्तृत जानकारी दी गई।

**भूमि सुधार उपसमाहर्ता, चास ने सभी राजनीतिक दलों से किया अपील-**

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 37 चन्दनकियारी (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र -सह- भूमि सुधार उपसमाहर्ता, चास, प्रभाष कुमार दत्ता ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय, जिम्मेदार एवं प्रशिक्षित एजेंटों की नियुक्ति सुनिश्चित करें ताकि मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सही और अद्यतन मतदाता सूची एक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की नींव होती है, जिसमें सभी दलों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

# आंगनबाड़ी सेविका, एएनएम एवं सहिया साथी को दिया गया प्रशिक्षण




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार द्वारा कुपोषण से निपटने के लिए राज्य में समर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत रक्त अल्पता से पीड़ित महिलाओं और कुपोषित बच्चों की पहचान करना है। इस अभियान के तहत जिले में घर-घर से कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाएगी। इन चिन्हित लोगों को उनके निकटतम आंगनबाड़ी केंद्रों पर जांच की जाएगी और फिर अंतः कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, किशोरियों, युवतियों, धात्री एवं गर्भवती महिलाओं को कुपोषण उपचार केंद्र में उनका इलाज किया जाएगा। अभियान के तहत आज गोमिया प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गोमिया प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी सेविका, सभी एएनएम एवं सभी सहिया साथी को समर अभियान का प्रशिक्षण अंचल अधिकारी सह प्रखण्ड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, गोमिया मो आफताब की अध्यक्षता में दिया गया। साथ ही कसमार प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी सेविका, सभी एएनएम एवं सभी सहिया साथी को समर अभियान का प्रशिक्षण दिया गया। समर अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य कुपोषण और एनीमिया से निपटना है, विशेष रूप से बच्चों, किशोरियों, युवतियों और गर्भवती महिलाओं में। यह अभियान झारखंड राज्य में शुरू किया गया है और इसके तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जैसे कि

- **कुपोषण और एनीमिया की पहचान:** अभियान के तहत कुपोषण और एनीमिया के लक्षणों की पहचान की जाती है और प्रभावित व्यक्तियों को उचित उपचार और समर्थन प्रदान किया जाता है।
- **स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा:** अभियान के तहत लोगों को स्वास्थ्य और पोषण के बारे में जागरूक किया जाता है और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- **खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियाँ:** अभियान के तहत खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है जिससे बच्चों और युवाओं में शारीरिक गतिविधि और रचनात्मकता को बढ़ावा मिले।
- **सुरक्षा टिप्स और जागरूकता:** अभियान के तहत बच्चों और युवाओं को सुरक्षा टिप्स और जागरूकता प्रदान की जाती है, जैसे कि गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी देना और अनजान व्यक्तियों से सावधानी बरतने के लिए कहना जाता है।

वहीं, उपस्थित सभी आगनबाड़ी सेविकाओं को समर एप का भी प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें जिले से प्रशिक्षक ने सेविकाओं को समर एप के माध्यम से डाटा एंट्री की जानकारी दी। बताया कि यदि लगातार तीन महीने तक पोषण ट्रैकर में उपस्थिति दर्ज नहीं की गई तो आंगनबाड़ी को मिलनेवाली सुविधाएं बंद हो जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों का सर्वेक्षण कर गृह सूची में डालने, कुपोषित बच्चों का सर्वे कर उनका डाटा एंट्री करने समेत अन्य जानकारियां दी गई।

# अवैध रूप से दो लाख से अधिक घनफीट बालू उत्खननत का मिला साक्ष्य



**बोकारो/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में हरला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम-भतुआ स्थित दामोदर नदी तट से लगभग 700 मीटर दक्षिण में अवस्थित अवैध बालू उत्खनन क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

**स्थल पर मिले अवैध उत्खनन के साक्ष्य**

निरीक्षण के क्रम में मिट्टी को गहराई से खोदकर अवैध रूप से बालू निकाले जाने के स्पष्ट साक्ष्य पाए गया। दो अलग-अलग स्थलों पर प्रशाखीय मापी की गई, जिसमें लगभग 2,01,113 घनफीट मिट्टी एवं 2,68,532 घनफीट बालू का अवैध उत्खनन होना पाया गया।

**टीम ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी**

इस अवैध गतिविधि में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध हरला थाना में खनन टीम द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस अभियान में खान निरीक्षक जितेन्द्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू, सहायक अवर निरीक्षक सामंत हांसदा, हरला थाना पुलिस बल सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com